CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 02-03-2026 23:09 Color:

महानगर > मुंबई > बुधवार, 4 फरवरी 2026 > माघ 15 शक संवत 1947 फाल्गुनी कृष्ण, तृतीया, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 29 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

अमेरिका से ट्रेड डील में एग्री और डेयरी को लेकर भारत के जो सेंसिटिव सेक्टर हैं, उनको सुरक्षित किया गया है।
-पीयूष गोयल

ट्रेड डील पर PM का किया सम्मान

NDA संसदीय दल की मीटिंग में मोदी ने कहा, गठबंधन अपनी जन-केंद्रित नीतियों और कड़ी मेहनत से विभिन्न चुनाव जीत रहा है। NDA नेताओं को जीत को लेकर आत्मसंतुष्टि से बचना चाहिए।

भारत और अमेरिका में तारीफों का दौर, पर समझौते की डिटेल का है इंतज़ार | केंद्र सरकार ने भरोसा दिलाया, खेती और डेयरी सेक्टर से जुड़े हितों पर असर नहीं

US डील पर पिक्चर अभी बाकी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर उठ रहे सवालों के बीच सरकार ने कहा कि यह डील भारत के लिए अच्छी है। देश के उज्ज्वल भविष्य का शुभ संकेत लेकर आई है।

कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने मंगलवार को साफ शब्दों में कहा कि इस समझौते में किसानों और डेयरी सेक्टर के हितों की पूरी रक्षा होगी। अभी इस डील के तकनीकी पहलुओं पर दोनों पक्ष काम कर रहे हैं और जैसे ही फाइनल अंडरस्टैंडिंग बन जाएगी, संयुक्त बयान जल्द जारी किया जाएगा। इसमें समझौते की पूरी जानकारी होगी। गोयल ने देश हित को नुकसान पहुंचाने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को खारिज किया और कहा कि राहुल जैसे नकारात्मक सोच वाले नेता देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, संयुक्त बयान में समझौते की पूरी जानकारी होगी।

गोयल ने कहा कि देशहित को ध्यान में रखते हुए मजबूत भारत के भविष्य को चार चांद लगाने वाली ट्रेड डील पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सोमवार रात फाइनल की गई। उन्होंने कहा कि ट्रंप से मोदी के आत्मीय संबंधों के चलते यह डील फाइनल हुई है। उन्होंने कहा कि जिन पड़ोसी देशों से हम स्पर्धा करते हैं, उन सबसे बढ़िया डील भारत को मिली है। उधर, अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि अमेरिका और भारत ट्रेड डील के मुख्य बिंदुओं पर सहमत हो गए हैं। अब उसे कागज पर अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हमें इसकी पूरी शर्तें और सारी जानकारी पता है।' अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सोमवार देर रात भारत पर टैरिफ 50% से कम करके 18% करने का ऐलान किया था।

File Photo

समझौते पर सहमति गोयल ने कहा कि देश हित को ध्यान में रखते हुए ट्रेड डील पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सोमवार रात फाइनल की गई। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप से मोदी के आत्मीय संबंधों के चलते यह डील हुई है।

सिर्फ 12 माह में भारत ने किए 5 व्यापार समझौते

■ NBT रिपोर्ट: **भारत ने** सिर्फ 12 महीनों में कई देशों से 5 व्यापार समझौतों को अंजाम दिया है। इसके बाद वह दुनिया के बाजार से और मजबूती के साथ जुड़ गया है। भारत ने ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, ओमान, न्यूजीलैंड और अब अमेरिका के साथ व्यापार समझौते किए। अमेरिका के साथ हुआ पांचवां समझौता है। इन व्यापार समझौतों को पिछले कई वर्षों में भारत की सबसे तेज व्यापारिक कूटनीतिक पहल मानी जा रही है। हाल ही में भारत ने यूरोपीय संघ के साथ फ्री ट्रेड अग्रीमेंट किया है, जिसे मदर ऑफ ऑल डील्स का नाम दिया गया। भारत ने निर्यात बढ़ाने के लिए ये कदम उठाए हैं।

तेल खरीद बंद करने का संकेत नहीं: रूस

रूस ने मंगलवार को कहा कि उसे भारत की ओर से कोई संकेत नहीं मिला है, जिसमें उससे तेल खरीद बंद करने की योजना की बात हो। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, 'अब तक हमें इस मामले में नई दिल्ली की ओर से कोई बयान नहीं मिला है।' यह बयान अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के उस दावे के एक दिन बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ट्रेड डील के तहत भारत रूसी तेल खरीद नहीं खरीदेगा। (AFP)



रूसी राष्ट्रपति पुतिन

डील के बारे में वह सब जो आप जानना चाहते हैं...

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** इंडिया-US ट्रेड डील को सरकार उपलब्धि के रूप में भुना रही है, तो विपक्षी दल सवाल उठा रहे हैं। यहां डील से जुड़े ऐसे सवालों के जवाब देने की कोशिश की गई है, जिन्हें हर कोई जानना चाहता है।

भारत-अमेरिका ट्रेड डील में क्या तय हुआ है?
अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के ऐलान से साफ है कि भारत से अमेरिका जाने वाले सामान पर जवाबी टैरिफ 50% के बजाय 18% किया जाएगा। वहीं, भारत की तरफ से वाणिज्य और कृषि मंत्री पीयूष गोयल ने कहा

है कि संवेदनशील सेक्टरों, खासकर एग्रीकल्चर और डेयरी के हित सुरक्षित रखे गए हैं।

डील कब से लागू होगी?
ट्रंप ने कहा है कि 18% टैरिफ तुरंत लागू होगा, लेकिन अमेरिकी नियमों के मुताबिक इसके लिए औपचारिक सरकारी आदेश जरूरी है, जो अभी जारी नहीं हुआ है। वहीं, भारत सरकार के अनुसार दोनों देशों की टीमें डील के तकनीकी पहलुओं को अंतिम रूप दे रही हैं। 'फाइनल अंडरस्टैंडिंग' के बाद संयुक्त बयान आएगा, जिसके साथ डील के लागू होने की टाइमलाइन साफ होगी।

25% ऑयल पेनल्टी का क्या हुआ?
अप्रैल में अमेरिका ने रूस से तेल खरीद के आधार पर भारत पर 25% अतिरिक्त पेनल्टी लगाई थी, जिससे कुल टैरिफ 50% हो गया था। अमेरिका 25% पेनल्टी को हटाने और बेस टैरिफ को 18% तक लाने पर राजी है।

क्या भारत अमेरिकी सामानों पर जीरो टैरिफ करेगा?
ट्रंप ने कई अमेरिकी चीजों पर जीरो टैरिफ की बात कही है, लेकिन यह किन प्रॉडक्ट्स पर और कब से लागू होगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। संकेत है कि इंडस्ट्रियल गुड्स पर कटौती तेज हो सकती है, जबकि संवेदनशील क्षेत्रों में सावधानी रहेगी।

NBT Explainer

500 बिलियन डॉलर की खरीद का मतलब क्या है?
ट्रंप के दावे के मुताबिक, भारत 500 बिलियन डॉलर की अमेरिकी चीजें खरीदेगा। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि यह खरीद डील लागू होने के बाद 5-6 साल में होगी।

कृषि और डेयरी पर भारत रियायत देगा?
अमेरिका अपने कृषि निर्यात के लिए बाजार चाहता है, लेकिन भारत ने साफ किया है कि GM फसलों और डेयरी जैसे संवेदनशील सेक्टर सुरक्षित रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक, सेब और बादाम सहित कुछ चीजों के लिए छूट दी जा सकती है।

मार्केट में खुशी
शेयर बाज़ार में 8 महीने बाद सबसे बड़ी तेज़ी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: ट्रेड डील पर सहमति की घोषणा से घरेलू शेयर बाजारों में जबर्दस्त उछाल रहा। सेंसेक्स 2,073 अंक ऊपर चढ़ा, जबकि निफ्टी ने 639 अंक की छलांग लगाई। यह शेयर बाजार में 8 महीने की सबसे बड़ी तेजी थी। निवेशकों ने एक ही दिन में 12 लाख करोड़ रुपये कमाए। सेंसेक्स कारोबारी सत्र की शुरुआत के बाद 4,205.27 अंक उछलकर 85,871.73 अंक के उच्चतम स्तर तक पहुंचा। मुनाफावसूली होने से यह 83,739.13 अंक पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला निफ्टी 25,727.55 अंक पर बंद हुआ। अदाणी पोर्ट्स में सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की गई। ▸▸ पेज 10



निवेशकों की एक ही दिन में 12 लाख करोड़ की कमाई

डील पर सवाल
राहुल गांधी बोले, सरकार ने किसानों का पसीना बेचा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत-अमेरिका ट्रेड डील की जानकारी को लेकर मंगलवार को संसद में हंगामा हुआ। विपक्ष ने सवाल उठाते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते की जानकारी वॉशिंगटन से आ रही है। विपक्ष की ओर से नारेबाजी भी की गई। सदस्यों ने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए सदन से वॉकआउट किया। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार ने डील के जरिए देश के किसानों की मेहनत और पसीने को बेच दिया है। यह समझौता दबाव में किया गया है और इससे किसानों और देश के हितों को नुकसान पहुंचेगा।



कहा, यह समझौता दबाव में, देश के हित को नुकसान

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 9, 10, 11

मीरा भाईंदर सहित 5 मनपाओं में मेयर घोषित

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर/ ठाणे: मीरा-भाईंदर मनपा के महापौर का पद एक बार फिर डिंपल मेहता के नाम गया है। वह मीरा-भाईंदर मनपा के इतिहास में दूसरी बार महापौर बनने वाली पहली नगरसेविका बनी हैं और लगातार छठी बार नगरसेवक चुने गए ध्रुवकिशोर पाटिल उपमहापौर बने हैं। महापौर पद के लिए मैदान में उतरी डिंपल को 95 में से कुल 79 मत प्राप्त हुए और उन्होंने भारी बहुमत से अपनी जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद बीजेपी विधायक नरेंद्र मेहता ने सभागृह में उपस्थित होकर नवनिर्वाचित महापौर और उपमहापौर का स्वागत किया।

डिंपल मेहता

वहीं, ठाणे मनपा के महापौर और उप महापौर पद का निर्विरोध चयन संपन्न हुआ। शिवसेना शिंदे गुट की शर्मिला पिंपोलकर-गायकवाड के महापौर और BJP के कृष्णा पाटिल के उप महापौर पद की अधिकृत घोषणा की गई। इसके बाद मनपा मुख्यालय से जुलूस भी निकाला गया था, जिसमें खुली जीप में महापौर शर्मिला सवार थीं। ▸▸ पेज 6

वसई-विरार: अजीव पाटील बने मेयर

वसई-विरार मनपा में मंगलवार को बहुजन विकास आघाडी के अजीव पाटील मेयर चुने गए। वहीं, बविआ के मार्शल लोपिस को डिप्टी मेयर का पद दिया गया। पाटील ने बीजेपी की एडवोकेट दर्शना त्रिपाठी को 27 वोटों से हराया। बविआ के मार्शल लोपिस ने डिप्टी मेयर के पद के लिए बीजेपी के ही नारायण मांजरेकर को मात दी।

KDMC, उल्हासनगर को मिले महापौर

कल्याण-डोंबिवली मनपा में शिवसेना की हर्षाली विजय चौधरी महापौर बनी हैं। वहीं, राहुल दसत दामले को निर्विरोध उपमहापौर निर्वाचित घोषित किया गया है। वहीं, उल्हासनगर में शिवसेना की अश्विनी कमलेश निकम को महापौर और बीजेपी के अमर लुंड को उपमहापौर बनाया गया है।

11 फरवरी को होगा मुंबई के मेयर का चुनाव

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई मेयर के चुनाव का दिन तय हो गया है। 7 फरवरी को नामांकन किया जाएगा और 11 फरवरी को चुनाव होगा। उप महापौर का चुनाव भी उसी दिन होगा। बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी की देखरेख में चुनाव कराया जाएगा। अगली बैठक में समिति सदस्यों के नामों का ऐलान किया जा सकता है। ऐसे में, स्थायी समिति के अध्यक्ष का चुनाव फरवरी के तीसरे सप्ताह में होने की उम्मीद है। इसके बाद ही बीएमसी का बजट पेश किया जाएगा। हर साल यह 5 फरवरी तक पेश किया जाता रहा है, लेकिन इस बार चुनाव के कारण देर हुई है। मेयर पद के लिए राजश्री शिरवडकर, रितु तावडे और शीतल गंभीर के नामों की चर्चा है। माना जा रहा है कि सत्ता बंटवारे में शिंदे सेना के कोटे में उप-महापौर के साथ सुधार समिति, बेस्ट समिति का अध्यक्ष पद आ सकता है। ▸▸ पेज 3

7 फरवरी को किया जाएगा मेयर पद का नामांकन

लोकसभा में कागज फेंके, 8 विपक्षी सांसद सत्र से निलंबित

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण को लेकर जारी विवाद मंगलवार को और बढ़ गया। लोकसभा में हंगामे के दौरान आसन के पास जाकर कागज फेंकने के आरोप में 8 विपक्षी सांसदों को पूरे बजट सत्र के बाकी समय के लिए निलंबित कर दिया गया। इस घटना के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर बाधित रही और तीन बार स्थगन के बाद बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

निलंबित सांसदों में कांग्रेस के 7 सांसद हैं। उनमें अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, गुरदीप सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले, किरण कुमार रेड्डी और मणिकम टैगोर शामिल हैं।

उनके अलावा CPM के सांसद एस. वेंकटेशन को भी निलंबित किया गया है। पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने आसन की अवज्ञा और सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में आठ सांसदों के नाम लिए।

विरोध मंगलवार को संसद के मकर द्वार पर विपक्ष ने प्रदर्शन किया।

सरकार ने निलंबन का प्रस्ताव रखा

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में प्रस्ताव रखा कि संबंधित सांसदों ने लोकसभा अधिकारियों की मेज के पास जाकर कागज फेंककर सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने नियम 374 (2) के तहत इन सांसदों को वर्तमान सत्र के बाकी समय के लिए निलंबित करने की मांग की। सदन ने इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी।

प्राइवेसी शर्त के बहाने डेटा चोरी की इजाजत नहीं: SC

डेटा प्राइवेसी के मसले पर वट्सऐप मैनेजमेंट आश्वासन दे, वरना आदेश जारी करना पड़ेगा: कोर्ट

Rajesh.Choudhar@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** मंगलवार को मेटा और वट्सऐप को उनकी प्राइवेसी पॉलिसी पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम आपको एक भी जानकारी शेयर करने की इजाजत नहीं देंगे। आपको हमारे संविधान का पालन करना ही होगा। हम नागरिकों की प्राइवेसी से समझौता नहीं होने देंगे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच वट्सऐप की प्राइवेसी पॉलिसी 2021 से जुड़ी अपील पर सुनवाई कर रही थी। इस केस में वट्सऐप पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भी पक्षकार बनाए जाने का निर्देश दिया।

डेटा प्राइवेसी से जुड़ी शर्तों की दलील पर कोर्ट ने कहा, 'प्राइवेसी की शर्तें इतनी चतुराई से तैयार की गई हैं कि आम व्यक्ति उन्हें समझ ही नहीं सकता। यह निजी जानकारी को चोरी करने का एक सभ्य तरीका है।'

अंतर्ज्ञान

किसी भी काम का मूल्य उसकी मात्रा में नहीं, उसके भाव में है। जो काम दिल से किया गया हो, वह ऊर्जा बनकर वापस लौटता है। कर्म जब केवल लक्ष्य के लिए किया जाए, तो वह थकाता है। लेकिन वही कर्म जब प्रेम से किया जाए, तो उत्साह बन जाता है। अपनी ऊर्जा को उन कामों में लगाइए, जो आपकी आत्मा को हल्का करें। दुनिया में वही काम टिकते हैं जिनमें हृदय की छाप हो, बाकी समय के धूल में खो जाते हैं। जब कर्म प्रेम से जन्म लेता है, तो परिणाम अपने आप सुंदर हो जाते हैं। संसार नीयत पढ़ता है, केवल परिणाम नहीं। इसलिए अपने कर्मों में आत्मा की रोशनी मिलाइए, यही दीर्घकालिक सफलता का मार्ग है।

मौसम

कोलाबा	31.2	22.0
सांताक्रूज	32.7	20.0
सूर्यास्त बुधवार		6:33 बजे
सूर्योदय गुरुवार		7:12 बजे

NBT नवभारत टाइम्स — सड़क व रेल परिवहन शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

एयर इंडिया ने बोइंग 787 विमानों में शुरू की फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच

■ पीटीआई, नई दिल्ली: एयर इंडिया ने अपने बोइंग 787 (ड्रीमलाइनर) विमानों में फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच शुरू की है। यह फैसला लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से बेंगलुरु आने वाली एक उड़ान के दौरान फ्यूल कंट्रोल स्विच में खराबी का मामला सामने आने के बाद लिया गया। एयर इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (फ्लाइट ऑपरेशंस) मनीष उप्पल ने बोइंग 787 के पायलटों को बताया कि एयरलाइन की इंजीनियरिंग टीम ने इस मामले को बोइंग के पास भेजकर पूरे बेड़े की जांच शुरू की है। जिन विमानों की यह दोबारा जांच पूरी हो चुकी है, उनमें अब तक कोई निगेटिव बात सामने नहीं आई है। एयर इंडिया ने क्रू मेंबर्स से कहा है कि ऑपरेशन के दौरान दिखाई देने वाली किसी भी खराबी की तुरंत रिपोर्ट करें। एयर इंडिया के बेड़े में 33 बोइंग 787 विमान हैं। एयर इंडिया ने पिछले साल अहमदाबाद में एक बोइंग 787-8 विमान के भीषण हादसे के बाद भी ईंधन नियंत्रण स्विच की जांच की थी। इस दुर्घटना में 260 लोग मारे गए थे। ▸▸ पेज 12



पंकजा के हेलीकॉप्टर में खराबी, हादसा टला

NBT रिपोर्ट, मुंबई: जिला परिषद चुनाव के लिए प्रचार करने निकली कैबिनेट मंत्री पंकजा मुंडे का हेलीकॉप्टर लातूर जाते समय तकनीकी खराबी के कारण उड़ान नहीं भर सका, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सोमवार को पंकजा मुंडे ने बजाज नगर में बीजेपी उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने बजाज नगर जिला परिषद और दौलताबाद जिला परिषद के मतदाताओं को पब्लिक मीटिंग में संबोधित किया। वह मंगलवार की सुबह 11 बजे चुनाव प्रचार के लिए संभाजीनगर से लातूर जाने वाली थीं। उड़ान भरने से पहले ही पायलट को हेलीकॉप्टर में खराबी पता चल गई। इसके बाद उन्हें हेलीकॉप्टर यात्रा कैंसल करनी पड़ी।

सुनेत्रा पवार बनीं पुणे और बीड की पालक मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को बीड और पुणे जिले के पालक मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पहले यह जिम्मेदारी अजित पवार के पास थी। वित्त मंत्रालय को छोड़ अजित के पास जो भी विभाग थे, वे सब सुनेत्रा पवार को दे दिए गए हैं। इस महीने से राज्य का बजट सत्र शुरू हो गया है।



मुंबई: एयर इंडिया और इंडिगो विमान के विंगटिप टकराए

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई से कोयंबटूर के लिए रवाना होते समय मंगलवार शाम एयर इंडिया की फ्लाइट AI2732 के विंग टेक-ऑफ से पहले टैक्सी-वे पर एक अन्य विमान के विंग से टकरा गए। यह विमान टेक-ऑफ की तैयारी के दौरान सर्विस ऑपरेशन कर रहा था। इसी दौरान हैदराबाद से इंडिगो के 6E791 विमान ने लैंड किया था। दोनों विमानों के विंगटिप टकरा गए, जिससे एयरक्राफ्ट के इस हिस्से को नुकसान पहुंचा। ▸▸ शेष पेज 6 पर

बदला मौसम — फरवरी में हो रहा मार्च जैसा एहसास, हालांकि हफ्तेभर बाद गिर सकता है टेम्प्रेचर

मुंबई में तापमान 32 डिग्री के पार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

फरवरी के महीने में मुंबईकरों को मार्च जैसा एहसास हो रहा है। दिन का तापमान 32-33 डिग्री तक पहुंच रहा है, जबकि रात में भी तापमान 20-21 डिग्री से कम नहीं हो रहा है। आने वाले दिनों में भी इसमें बड़ी गिरावट की संभावना नहीं है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, उत्तर से ठंडी हवा न आने के कारण मुंबई में ठंड नहीं पड़ रही है। वहीं, दक्षिण-पश्चिम हवाएं भी चल रही हैं, जिस वजह से तापमान कम नहीं हो रहा है। मौसम एक्सपर्ट राजेश कपाडिया के मुताबिक, एक सप्ताह बाद फिर ठंड शुरू हो सकती है।

रात में भी तापमान 20-21 डिग्री से कम नहीं

प्रदूषण में भी नहीं हो रहा है सुधार



200 के पार रहा विलेपार्ले में AQI का स्तर

139 है मुंबई का औसतन AQI

विलेपार्ले में मंगलवार को भी AQI का स्तर 200 के पार रहा। सोमवार को प्रदूषण का यही स्तर था। सिर्फ बोरिवली और पवई में ही AQI का स्तर 100 के नीचे पाया गया है। मुंबई में बाकी जगहों पर AQI 100 से ऊपर ही रहा। बता दें कि मुंबई का औसतन AQI 139 है। बीएमसी और प्रशासनिक अधिकारी परेशान हैं कि तमाम कोशिशों के बावजूद भी मुंबई की वायु गुणवत्ता में कोई बड़ा सुधार नहीं हो पा रहा है। बीएमसी प्रदूषण नियंत्रण के लिए निर्माण स्थलों की निगरानी के अलावा सड़कों को धोने जैसे कई उपाय नियमित कर रही है।

CCING37 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP10 User: ocl Time: 02-03-2026 23:10 Color:

फटाफट खबरें

$ के मुकाबले 117 पैसे उछला रुपया

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मंगलवार को भारतीय रुपया एशिया की सबसे मजबूत करंसी बनकर उभरा। रुपये ने एक ही दिन में 117 पैसे (1.28%) की ऐतिहासिक बढ़त दर्ज की और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.32 के स्तर पर बंद हुआ। RBI रेफरेंस रेट के मुताबिक रुपये का भाव 90.44 रहा। इससे पहले सोमवार को बजट के अगले दिन डॉलर के मुकाबले रुपया 44 पैसे सुधरकर 91.49 पर बंद हुआ था।

डिजिटल निवेश सलाह प्लैटफॉर्म

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट अडवाइजर्स प्राइवेट ने जियोब्लैकरॉक पर्सनलाइज्ड इन्वेस्टमेंट अडवाइस की शुरुआत की। कंपनी ने बताया कि निवेशकों को निवेश लक्ष्य और जोखिम उठाने की क्षमता के अनुसार एक पर्सनलाइज्ड निवेश योजना दी जाएगी, जो समय के साथ बाजार में बदलाव और जीवन की जरूरतों के अनुसार खुद को ढालती रहेगी।

बजाज फाइनैंस का मुनाफा 6% गिरा

■ पीटीआई, नई दिल्ली: बजाज फाइनैंस ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी ने बताया कि उसका शुद्ध मुनाफा 6 फीसदी गिरकर 4,066 करोड़ रुपये रह गया है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी को 4,308 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। मुनाफे में गिरावट के बावजूद कंपनी की कुल आमदनी (Total Income) में बढ़त देखी गई है।

'भारत नव-निर्माण चैलेंज से जुड़ें'

■ NBT रिपोर्ट: भारत नव-निर्माण चैलेंज नाम से एक अंतर-महाविद्यालयीन इंजीनियरिंग प्रतियोगिता देश भर के कैंपस में नई ऊर्जा लेकर आ रही है। द टाइम्स ऑफ इंडिया और नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट (NICMAR) के सहयोग से पेश यह प्रतियोगिता 30 लाख रुपये से अधिक के पुरस्कार प्रदान कर रही है। NICMAR के डायरेक्टर जनरल (अंतरिम) डॉ. तपस कुमार गांगुली ने कहा AICTE के समर्थन से आयोजित इस प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन फ्री है।

US संग डील पर बनी सहमति, सेंसेक्स 2,072 पॉइंट उछला

ट्रेड डील से शेयर बाज़ार में जश्न

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील (व्यापार समझौता) की खबर के बाद मंगलवार को शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखी गई। इस डील के तहत अमेरिका, भारतीय सामानों पर लगने वाले टैक्स (टैरिफ) को घटाकर 18 फीसदी करने पर सहमत हो गया है। इस खबर के दम पर सेंसेक्स 2,072 पॉइंट उछल गया। वहीं, निफ्टी भी 25,700 के लेवल के ऊपर बंद हुआ।

सेंसेक्स 2.54% की बढ़त के साथ 83,739.13 पर बंद हुआ। पिछले आठ महीनों में एक दिन के भीतर यह सबसे बड़ी बढ़त है। कारोबार की शुरुआत ही बढ़त के साथ हुई थी। एक समय यह 4,205.27 पॉइंट (5.14%) की छलांग लगाकर दिन के सबसे ऊंचे स्तर 85,871.73 पर पहुंच गया था। इसी तरह, निफ्टी 639.15 पॉइंट (2.55%) बढ़कर 25,727.55 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 1,252.8 पॉइंट (4.99%) का उछाल आया था।

सेंसेक्स में अदाणी पोर्ट्स के शेयर 9.12 फीसदी की सबसे ज्यादा बढ़त में रहे। इसके अलावा बजाज फाइनैंस, इंडिगो, पावर ग्रिड, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी अच्छी तेजी रही। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी रौनक रही। इससे पहले सोमवार को सेंसेक्स 943.52 पॉइंट बढ़कर 81,666.46 पर और निफ्टी 262.95 पॉइंट बढ़कर 25,088.40 पर बंद हुआ था।

क्या हो निवेशकों की रणनीति?

इस तेजी के बाद अब निवेशकों के मन में सवाल है कि आगे क्या किया जाए। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी रिसर्च हेड श्रीकांत चौहान का मानना है कि छोटी अवधि (शॉर्ट टर्म) के लिए मार्केट का माहौल पॉजिटिव बना हुआ है। उन्होंने ट्रेडर्स को सलाह दी है कि जब भी मार्केट में थोड़ी गिरावट आए तो खरीदें और जब बढ़त आए तो मुनाफा वसूलें। यह इस समय की सबसे अच्छी स्ट्रैटेजी होगी। पीएल कैपिटल के हेड अडवाइजरी विक्रम कासट ने कहा कि बाजार में आए इस तेजी की वजह से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) को अपनी पोजिशन कवर करने पर मजबूर होना पड़ेगा, जिससे बाजार में तेज उछाल आ सकता है।

कितनी रही बढ़त?

- सेंसेक्स : 2,072.67 पॉइंट (2.54%) बढ़कर 83,739.13 पर बंद हुआ।
- एक समय 4,205.27 पॉइंट पर आ गया था सेंसेक्स
- निफ्टी : 639.15 पॉइंट (2.55%) बढ़कर 25,727.55 पर बंद हुआ।
- सर्विसेज : 4.86%
- रियल्टी : 4.79%
- पावर : 4.79%
- यूटिलिटीज : 3.92%
- कैपिटल गुड्स : 3.71%
- इंडस्ट्रियल्स : 3.44%
- कंज्यू. डिस्क्रेशनरी : 3.06%
- मेटल : 2.85%
- हेल्थकेयर : 2.83%
- फाइनैंशल सर्विस : 2.83%

वहीं, सीफूड एक्सपोर्ट और स्पेशलिटी केमिकल कंपनियों के शेयरों में 20 फीसदी तक का भारी उछाल देखा गया। दूसरी तरफ, जेम्स एंड जूलरी और ऑटो पार्ट्स (ऑटो एंसिलरी) बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में जोरदार बढ़त दर्ज की गई। Titan के शेयर में 2.80 फीसदी की बढ़त देखी गई। गाड़ियों के पुर्जे बनाने वाली कंपनियों (ऑटो कंपोनेंट्स) में भी अच्छी तेजी रही।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात — FIIs का अब क्या होगा रुख?

बाजार को लंबे समय से भारत-अमेरिका ट्रेड डील का इंतजार था। टैरिफ का 50 फीसदी से घटकर 18 फीसदी होना उभरते बाजारों में भारत की स्थिति मजबूत करता है। इससे टेक्सटाइल, एक्वाकल्चर, जेम्स और फार्मा जैसे उन सेक्टरों को बड़ा फायदा होगा, जो अमेरिका को ज्यादा निर्यात करते हैं। इस डील से भारतीय एक्सपोर्ट पर टैक्स का बोझ काफी कम हो गया है। इन सेक्टरों को 2026 के बजट में भी सहारा मिला था। विदेशी निवेशकों (FII) की दिलचस्पी दोबारा भारतीय बाजार में बढ़ सकती है।

तीन दिनों की गिरावट के बाद सोना-चांदी चमके

AI Image

■ पीटीआई, नई दिल्ली: देश की राजधानी में सोने और चांदी की कीमतों में पिछले तीन दिनों से जारी भारी गिरावट मंगलवार को थम गई। चांदी की कीमत 24,000 रुपये उछलकर 2.84 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। सोना भी बढ़कर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, पिछले तीन दिनों में चांदी अपने हाई (29 जनवरी के 4,04,500 रुपये) से करीब 1,44,500 रुपये (36%) नीचे गिर गई थी। 99.9% शुद्धता वाला सोना भी 5,000 रुपये (3.3%) बढ़कर 1,57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। सोना 29 जनवरी के अपने रेकॉर्ड स्तर (1,83,000 रुपये) से करीब 30,300 रुपये (लगभग 17%) नीचे आ गया था।

EPFO की तरह होंगे PF ट्रस्टों के नियम

AI Image

■ पीटीआई, नई दिल्ली : बजट में उन 'प्रोविडेंट फंड ट्रस्टों' के नियमों में सुधार का प्रस्ताव रखा गया है जिन्हें इनकम टैक्स नियम के तहत छूट मिलती थी। अब इन ट्रस्टों को पूरी तरह से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के नियमों के बराबर लाया जाएगा। EPFO का कहना है इससे फायदा होगा।

क्या थी समस्या : अभी तक समस्या यह थी कि प्राइवेट पीएफ ट्रस्टों को टैक्स छूट मिलने की शर्तों में इनकम टैक्स कानून और पीएफ एक्ट (1952) की धारा 17 के बीच अंतर था। निवेश करने के तरीकों में भी काफी फर्क रहता था। यहां तक कि कंपनी (एम्प्लॉयर) द्वारा किए जाने वाले योगदान की सीमा भी दोनों कानूनों में एक जैसी नहीं थी। इससे कन्फ्यूजन पैदा होता था और बेवजह की मुकदमेबाजी बढ़ती थी। अब मान्यता प्राप्त प्रोविडेंट फंड (PF ट्रस्ट) इनकम टैक्स ऐक्ट, 2025 की अनुसूची (Schedule) XI के हिसाब से चलेंगे। निवेश के नियमों को भी ईपीएफ के हिसाब से कर दिया गया है और कंपनी के योगदान की सीमा को इनकम टैक्स एक्ट के साथ जोड़ दिया गया है।

टैक्स छूट : इनकम टैक्स ऐक्ट, 2025 के तहत मान्यता अब उन्हीं प्रोविडेंट फंड्स को मिलेगी, जिन्होंने EPF ऐक्ट, 1952 की धारा 17 के तहत छूट ली हुई है। धारा 17 के तहत, कंपनियां अपने कर्मचारियों के पीएफ खातों और पैसों को खुद मैनेज करने के लिए मासिक ईपीएफ रिटर्न फाइल करने से छूट मांग सकती हैं।

निवेश : सरकारी सिक्योरिटीज में निवेश की 50 फीसदी वाली सीमा को हटा दिया गया है।

कंपनी योगदान : कंपनी (एम्प्लॉयर) योगदान के लिए सालाना 7.5 लाख रुपये की सीमा तय की गई है।

FM ने बताया, F&O में क्यों बढ़ाया टैक्स

AI Image

■ पीटीआई, नई दिल्ली: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (F&O) ट्रेडिंग पर सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (STT) बढ़ाने का फैसला सरकार की कमाई बढ़ाने के लिए नहीं लिया गया है। इसका असली मकसद छोटे निवेशकों को सट्टेबाजी वाले कारोबार में होने वाले भारी नुकसान से बचाना है। वित्त मंत्री ने एक स्टडी का हवाला देते हुए बताया कि F&O बाजार में आने वाले 90 फीसदी से ज्यादा लोग अपनी गाढ़ी कमाई गंवा देते हैं। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स पर STT को 0.02 फीसदी से बढ़ाकर 0.05 फीसदी करने का प्रस्ताव है। वहीं, ऑप्शंस पर इसे 0.1 फीसदी से बढ़ाकर 0.15 फीसदी करने का सुझाव दिया गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि उनके पास बहुत से लोगों के फोन आ रहे थे, जो छोटे निवेशकों के हित में कुछ करने की मांग कर रहे थे।

'18% टैरिफ की घोषणा से US के खरीदारों का मूड बदला'

निर्यातक बोले- अमेरिकी टैरिफ घटने से बढ़ेगा भारतीय निर्यात

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर सहमति बन जाने से निर्यातकों ने राहत की सांस ली है, जो 50% टैरिफ का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टैरिफ 18% हो जाने से अधिकतर प्रतिस्पर्धी पड़ोसी देशों के मुकाबले भारत की स्थिति बेहतर हो गई है। हालांकि उन्होंने कहा कि समझौते की पूरी जानकारी सामने आने पर तस्वीर साफ होगी कि अलग-अलग सेक्टरों पर कितना अमेरिकी टैरिफ होगा। उन्होंने कहा कि ज्यादा टैरिफ के चलते कई अमेरिकी आयातक अपैरल, टेक्सटाइल्स, लेदर और फुटवियर जैसे सेक्टरों में ऑर्डर या तो टाल रहे थे या कड़ा मोलतोल कर रहे थे, लेकिन अब जो ऐलान हुआ है, उसके चलते स्थिति बदल गई है।

निर्यातकों के लिए गेमचेंजर

FIEO के प्रेसिडेंट एस सी रल्हन ने इसे 'फादर ऑफ ऑल डील्स' करार देते हुए कहा कि यह 'भारतीय निर्यातकों के लिए गेमचेंजर है। इससे अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पाद किफायती होंगे और सभी सेक्टरों की एक्सपोर्ट ग्रोथ तेज होगी।' उन्होंने कहा कि 'टैरिफ घटने से निर्यातकों का अमेरिकी सप्लाई चेन से जुड़ाव मजबूत होगा। इससे यहां उत्पादन बढ़ाने में नया निवेश आएगा और रोजगार के मौके बढ़ेंगे।' रल्हन ने कहा कि अमेरिकी खरीदार अपैरल, टेक्सटाइल्स, लेदर और फुटवियर जैसे सेक्टरों में ऑर्डर आगामी महीनों में तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

बेहतर स्थिति में आया भारत

FISME के महासचिव अनिल भारद्वाज ने कहा, 'टैरिफ बढ़ने की बात शुरू होते ही अमेरिकी खरीदारों ने पहली तिमाही में अडवांस ऑर्डर बढ़ा दिए थे, लेकिन उसके बाद ऑर्डर 50-60% तक घट गए, खासतौर से गारमेंट्स, लेदर और जेम्स एंड जूलरी सेक्टर में।' उन्होंने कहा, 'अब 18% टैरिफ के साथ बांग्लादेश, वियतनाम और पाकिस्तान जैसे प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले भारत बेहतर स्थिति में आ गया है। टेक्सटाइल्स में बांग्लादेश ने फायदा उठाया, लेकिन उसके पास भारत की तरह इसमें पूरी वैल्यू चेन नहीं है। भारतीय निर्यातकों के लिए अब स्थिति बेहतर होगी।'

काउंसिल ऑफ लेदर एक्सपोर्ट्स के पूर्व चेयरमैन आर के जालान ने कहा, 'इस डील की खबर आने के बाद अमेरिकी खरीदारों से मेरी बात हुई। वहां सेंटिमेंट बदल गया है। अब एग्जिक्यूटिव ऑर्डर का इंतजार है। टैरिफ घटने से लेदर एंड फुटवियर एक्सपोर्ट निश्चित तौर पर बढ़ेगा।'

अच्छी शुरुआत: FM

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारतीय सामानों पर टैरिफ घटाकर 18 फीसदी करने के फैसले से देश के एक्सपोर्ट में बड़ा उछाल आएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि यह फैसला भारत के लिए बहुत शुभ संकेत है। उन्होंने कहा, हमारे निर्यातकों ने इस बीच जो नए बाजार ढूंढे हैं, वहां तो वे काम करते ही रहेंगे। साथ ही अब अमेरिकी बाजार में भी उनकी पकड़ मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि निर्यातकों के लिए यह एक अच्छी शुरुआत है।

FICCI चेयरमैन अनंत गोयनका ने कहा, 'टैरिफ 18% होने से दुनिया के सबसे बड़े इंपोर्ट मार्केट में भारतीय गुड्स का कॉम्पिटिटिवनेस काफी बेहतर हो जाएगा।' अमेरिका का 18% टैरिफ उसके MFN के अलावा होगा। भारत पर MFN टैरिफ अलग-अलग है लेकिन यह औसतन 10% है।

भारतीय हीरों की मांग बढ़ेगी, सेक्टर को मिलेगी मज़बूती: इंडस्ट्री एक्सपर्ट

AI Image

पीटीआई, मुंबई : जेम्स और जूलरी इंडस्ट्री ने मंगलवार को भारत और अमेरिका के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते का दिल खोलकर स्वागत किया है। इंडस्ट्री का कहना है कि अमेरिकी टैक्स (टैरिफ) घटकर 18 फीसदी होने से व्यापार बढ़ेगा, कारोबारियों का भरोसा लौटेगा और पूरे सेक्टर को नई मजबूती मिलेगी।

जेम्स एंड जूलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (GJEPC) के चेयरमैन **किरीट भंसाली** ने कहा, टैक्स में कटौती से अमेरिकी खरीदारों के लिए लागत कम होगी। इससे हीरा आभूषण बनाने वालों को बड़ी राहत मिलेगी, भारतीय हीरों की मांग बढ़ेगी और कंपनियों का काम-काज फिर से पटरी पर लौट आएगा। भंसाली ने उम्मीद जताई कि इस समझौते के बाद भारत से जाने वाले खुले हीरों और रंगीन रत्नों को अमेरिका में बिना किसी टैक्स के आयात होने का फायदा मिल सकता है, जिससे हीरा निर्यात को बड़ा सहारा मिलेगा।

ऑल इंडिया जेम एंड जूलरी डोमेस्टिक काउंसिल (GJC) के चेयरमैन **राजेश रोकड़े** ने कहा कि अमेरिकी टैक्स में कटौती भारतीय जेम्स और जूलरी सेक्टर के लिए एक ऐतिहासिक पल है। उन्होंने कहा, दुनिया के सबसे बड़े बाजारों में से एक (अमेरिका) में रुकावटें कम होने से हमारे निर्यातकों की पकड़ मजबूत होगी और हमारे कारीगरों की बनाई चीजें अब नए ग्राहकों तक पहुंचेंगी।

इस समझौते ने अमेरिकी टैक्स को 25% (और कुछ मामलों में 50%) से घटाकर 18% कर दिया है, जिससे एक्सपोर्ट से जुड़े सेक्टरों पर लगा पुराना बोझ अब हट गया है। GJEPC के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2025 में अमेरिकी टैक्स की वजह से कारोबार पर बुरा असर पड़ा था। पॉलिश किए गए हीरों और रत्नों पर टैक्स 0% से बढ़कर पहले 10% और फिर अगस्त तक 50% हो गया था, जिससे काम करना नामुमकिन हो गया था।

देश

ठगी केस में शादी डॉट कॉम के फाउंडर को राहत

FILE

अनुपम मित्तल, फाउंडर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मेट्रीमोनियल प्लैटफॉर्म शादीडॉटकॉम के संस्थापक अनुपम मित्तल और दो अन्य लोगों को कथित धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में फिलहाल गिरफ्तारी से राहत दी है। यह मामला शादीडॉटकॉम के एक उपयोगकर्ता द्वारा कथित रूप से की गई धोखाधड़ी से संबंधित है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की बेंच ने तेलंगाना हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें मित्तल के खिलाफ कार्यवाही रद्द करने से इनकार किया गया था और मामले को नए सिरे से विचार के लिए तेलंगाना हाई कोर्ट को वापस भेज दिया।

> कोर्ट ने मित्तल से अंतरिम जमानत के लिए हाई कोर्ट का रुख करने को कहा

मामले के गुण-दोष पर विचार के लिए HC भेजा : शीर्ष अदालत ने मित्तल से अंतरिम जमानत के लिए हाई कोर्ट का रुख करने को भी कहा। यह मामला हैदराबाद की एक महिला के आरोप से जुड़ा है, जिसमें उसने कहा कि शादीडॉटकॉम पर एक व्यक्ति ने फर्जी प्रोफाइल बनाकर उससे 11 लाख की ठगी की और मंच ने उपयोगकर्ताओं के विवरण का उचित सत्यापन नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चूंकि कार्यवाही रद्द करने की याचिका का गुण-दोष के आधार पर निर्णय नहीं किया गया था, इसलिए हम आदेश को रद्द करते हैं और मामले को गुण-दोष के आधार पर विचार के लिए हाई कोर्ट को भेजते हैं। मामलों को उनकी मूल फाइल में बहाल किया जाता है। हाई कोर्ट इन पर उनके गुण-दोष के आधार पर विचार करेगा। कोर्ट ने मामले के गुण-दोष पर कोई राय नहीं जताई।

कोटद्वार विवाद: दीपक बोले, डर में जी रहे, बेटी स्कूल नहीं जा पा रही

FILE

बड़ा हंगामा 31 जनवरी को दीपक के घर के बाहर सैकड़ों लोग जुटे थे

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

उत्तराखंड के कोटद्वार में बाबा स्कूल ड्रेस एंड मैचिंग सेंटर दुकान विवाद देशभर में चर्चाओं का विषय बन चुका है। 26 जनवरी को शुरू हुआ यह विवाद धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि अब इसका असर सीधे आम लोगों की जिंदगी पर पड़ने लगा है। अब दुकान के मालिक के पक्ष में खड़े हुए युवक दीपक की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। 31 जनवरी को बजरंग दल से जुड़े लोगों ने कोटद्वार पहुंचकर दीपक के खिलाफ नारेबाजी कर पूरे शहर का माहौल बिगाड़ दिया। दीपक का कहना है कि उन्होंने कोई राजनीतिक या धार्मिक लड़ाई नहीं लड़ी, बल्कि एक इंसानियत का फर्ज निभाया। विवाद के बाद से दीपक और उनका परिवार डर के माहौल में जीने को मजबूर है। दीपक के अनुसार बजरंग दल से जुड़े लोगों के भय के चलते घर का माहौल तनावपूर्ण हो गया है। हालात ये हो गये कि उनकी छोटी बेटी का स्कूल जाना बंद हो गया है।

'35 साल से यही नाम, अब आपत्ति क्यों?'

दीपक ने कहा, दुकान पिछले 35 वर्षों से बिना किसी विवाद के चल रही है, उसे अचानक बदलने की मांग समझ से परे है। उन्होंने कहा नाम से किसी भी समुदाय या व्यक्ति की भावनाएं आहत नहीं होती। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर इतने वर्षों में कभी कोई आपत्ति नहीं हुई, तो अब अचानक इसे मुद्दा क्यों बनाया जा रहा है?

दुकान के नाम से उठा था विवाद

विवाद 26 जनवरी को शुरू हुआ, जब कुछ लोगों ने एक मुस्लिम दुकानदार की दुकान के नाम 'बाबा' पर आपत्ति जताई। दीपक ने बचाव की कोशिश की। इसके बाद लगभग 150 लोगों के बड़े प्रदर्शन हुए। पुलिस ने कुल तीन FIRs दर्ज कीं- एक दुकानदार की शिकायत पर, एक दीपक के खिलाफ, और एक अज्ञात बजरंग दल समर्थकों के खिलाफ।

I-PAC पर छापेमारी में सुनवाई 10 तक स्थगित

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की उस याचिका पर सुनवाई 10 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी, जिसमें I-PAC के दफ्तर और उसके निदेशक प्रतीक जैन के परिसरों में तलाशी अभियान के दौरान कथित रूप से बाधा डालने का आरोप लगाया गया है। यह कार्रवाई कथित कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मामले में की गई थी। ईडी ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। मंगलवार को जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की पीठ ने यह मामला तब स्थगित किया, जब ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि राज्य सरकार ने इस मामले में हलफनामे दाखिल कर समय मांगा है। शीर्ष अदालत ने 15 जनवरी को कहा था कि ईडी की जांच में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की ओर से कथित बाधा डालना हद गंभीर है। अदालत ने यह भी सहमति जताई थी कि वह जांच करेगी कि क्या किसी राज्य की कानून-प्रवर्तन एजेंसियां किसी गंभीर अपराध की जांच में केंद्रीय एजेंसी के काम में हस्तक्षेप कर सकती हैं।

फैसला सुरक्षित रख महीनों तक पब्लिक न करना बीमारी: SC

NBT 2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हाई कोर्ट द्वारा महीनों तक फैसला सुरक्षित (रिजर्व) रखकर उन्हें पब्लिक न करना एक जानी पहचानी बीमारी है, जिसे समाप्त किया जाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

> सुप्रीम कोर्ट ने समयबद्ध न्याय की आवश्यकता पर बल दिया

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि झारखंड उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष 4 दिसंबर को एक याचिका को खारिज करते हुए मौखिक रूप से फैसला सुनाया था, लेकिन वह निर्णय अब तक अपलोड नहीं किया गया है। बेंच ने निर्देश दिया कि अगले सप्ताह के अंत तक अधिवक्ता को पूरा निर्णय उपलब्ध कराया जाए। देरी का उल्लेख करते हुए, याचिकाकर्ता की ओर से पेश सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने कहा, ऐसा लगता है कि किसी तरह की औपचारिकता निभाई जा रही है। कोई संदेश जाना चाहिए। यह कानून की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।

चीफ जस्टिस ने कहा कि मोटे तौर पर दो तरह के जज होते हैं। एक वह मेहनती जज, जो सभी की दलीलें सुनता है और 10-15 मामलों में भी फैसला सुरक्षित रख लेता है। कुछ ऐसे जज भी होते हैं, जो इसके बाद फैसला नहीं सुनाते।

> दो तरह के जज होते हैं। एक मेहनती जज, जो सभी की दलीलें सुनता है और 10-15 मामलों में भी फैसला सुरक्षित रख लेता है। कुछ ऐसे जज भी होते हैं, जो इसके बाद फैसला नहीं सुनाते
> - CJI सूर्यकांत



जब CJI सूर्यकांत ने दिया अपने आप का उदाहरण



चीफ जस्टिस ने एक अन्य प्रचलित प्रवृत्ति की ओर भी ध्यान दिलाया कि कुछ मामलों में बहस पूरी होने के बाद भी उन्हें फिर से आगे के निर्देशों के लिए सूचीबद्ध कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के साथ होने वाली अपनी आगामी बैठक में उठाएंगे। चीफ जस्टिस ने कहा, हाई कोर्ट के जज के रूप में अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में मैंने कभी भी ऐसा नहीं किया कि निर्णय सुरक्षित रखा हो और तीन महीने के भीतर फैसला न दिया हो। मौजूदा मामले की सुनवाई 16 फरवरी के लिए लिस्ट करने को कहा।

फायरिंग का जवाब मिलेगा गोली से: योगी

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून-व्यवस्था पर सरकार का रुख साफ करते हुए कहा कि अगर अपराधी पुलिस पर गोली चलाएगा तो पुलिस भी उसका जवाब गोली चलाकर ही देगी। उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव का शुभारंभ करते हुए योगी ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार में कानून सबके लिए बराबर है, चाहे माफिया हो या कोई अपना। उन्होंने कहा कि अब यूपी महज राज्य नहीं, बल्कि निवेशकों के लिए सुरक्षा और भरोसे की गारंटी बन चुका है।

बंगाल और दिल्ली में ED की छापेमारी

■ भाषा, कोलकाता : प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में सक्रिय कोयला माफिया के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत मंगलवार को पश्चिम बंगाल और दिल्ली में कई जगह नए सिरे से छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ ईडी के ने सुबह करीब साढ़े छह बजे से दिल्ली, कोलकाता, आसनसोल, दुर्गापुर और पश्चिम बर्द्धमान जिले के अन्य हिस्सों में परिसरों की तलाशी लेनी शुरू की। जिन स्थानों की तलाशी ली गई, उनमें आसनसोल स्थित बुदबुद पुलिस थाने के नवनियुक्त प्रभारी अधिकारी (ओसी) मनोरंजन मंडल का आवास भी शामिल है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये तलाशी अभियान अवैध रेत और कोयले के व्यापार मामले की जांच से जुड़े हैं। मंडल को पिछले साल भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद निलंबित कर दिया गया था और उस वक्त वह बाराबनी पुलिस थाने में तैनात थे।

दिखेगी नेवी की ताकत 18 फरवरी को विशाखापत्तनम में आर्म्ड फोर्सेस की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू करेंगी

इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू में शामिल होगा 'विक्रांत'

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन नेवी ने 'साइलेंट' रहकर अपना रोल इस तरह निभाया कि पाकिस्तान के पास मौजूद सीमित वॉरशिप भी अपने हार्बर से बाहर नहीं आ पाए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इंडियन नेवी की अरब सागर में फॉरवर्ड तैनाती थी और नेवी का कैरियर बैटल ग्रुप वहां तैनात था। अब इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू में दुनिया नेवी के कैरियर बैटल ग्रुप की ताकत देखेगी। इसी महीने होने वाले इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू में भारत का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत अपने कैरियर बैटल ग्रुप के साथ शामिल होगा।

18 फरवरी को विशाखापत्तनम में आर्म्ड फोर्सेस की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू करेंगी। रिव्यू करने के लिए स्वदेशी नेवल ऑफशोर पेट्रोल वेसेल INS सुमेधा को प्रेसिडेंट यॉट बनाया गया है।

137 देशों को न्योता, 60 देश वॉरशिप के साथ हिस्सा लेंगे

कैरियर बैटल ग्रुप में एयरक्राफ्ट कैरियर के चारों तरफ सबमरीन भी होती हैं, साथ ही 8 से 10 वॉरशिप भी इसका हिस्सा होते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन नेवी का दबाव इतना ज्यादा था कि पाकिस्तान ने समुद्र में कोई हरकत करने की सोची भी नहीं। इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू में नीलगिरी क्लास का फ्रिगेट भी शामिल होगा। इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू के लिए नेवी ने दुनिया के कुल 137 देशों को न्योता दिया है। इसमें 60 से ज्यादा देशों ने अपने वॉरशिप के साथ हिस्सा लेने पर सहमति दी है।

पहला इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू (IFR) साल 2001 में किया गया था। तब राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने INS सुकन्या से फ्लीट का निरीक्षण किया था। उस फ्लीट रिव्यू में 20 देशों के 97 वॉरशिप शामिल हुए थे जिनमें 73 भारतीय और 24 विदेशी वॉरशिप थे। IFR का दूसरा एडिशन विशाखापत्तनम में साल 2016 में आयोजित किया गया था।



पता चलता है कितनी तैयारी

इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू के साथ ही नेवी हर चार-पांच साल में भी इंडियन फ्लीट रिव्यू भी कराती है। इसमें राष्ट्रपति को दिखाया जाता है कि नेवी की क्या क्षमता है, सीमा की रक्षा के लिए कितना तैयार है। पिछली बार नेवी का प्रेसिडेंट फ्लीट रिव्यू 2022 में हुआ था। जहां गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रपति एक जगह पर खड़े रहकर सलामी लेते हैं, वहीं फ्लीट रिव्यू में सभी शिप एक स्थिर रहते हैं। राष्ट्रपति का शिप मूव करते हुए इनके पास से गुजरता है। राष्ट्रपति फ्लीट का मुआयना करते हैं।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP11 User: prabhakar.shukla@timesofindia Time: 02-03-2026 23:01 Color:

20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच

भारतीय टीम जिस फॉर्म में है उनको टी20 वर्ल्ड कप में हराना बहुत मुश्किल होगा। उन्हें हराने के लिए किसी टीम को फाइनल में उनके खराब दिन का फायदा उठाना होगा।- माइकल क्लिंगर, पूर्व क्रिकेटर, ऑस्ट्रेलिया

50

क्रिकेट लिए हैं शाकिब अल हसन ने ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप के 43 मैच में। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वाधिक क्रिकेट लेने वाले बॉलर हैं

वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. शाकिब अल हसन ने ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप में कितने विकेट लिए हैं?
A) 49 B) 51 C) 50 D) 39
2. टी20 वर्ल्ड कप में डेब्यू कर रहे इटली के कप्तान कौन हैं?
A) जेंजे स्मट्स B) बॉट स्टीवर्ट C) जसप्रीत सिंह D) वेन मैडसन

कल के जवाब
1. B) विराट कोहली 2. C) 17

लकी WINNER!

1. मनमोहन, महरौली, नई दिल्ली
2. अभय खंड, गाजियाबाद, यूपी
3. प्रकाश जयसिंह, गुरुग्राम, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। T20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान इस कॉलम में 'वर्ल्ड कप स्पेशल क्विज' होगा। इस दौरान हर दिन हम 'तीन लकी विनर्स' के नाम और तस्वीर छापेंगे।

फटाफट खबरें

गुकेश भी खेलेंगे नॉर्वे में

■ ओस्लो: मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में यहां नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से पांच जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा।

बिना ट्रायल के एनओसी

■ नई दिल्ली: भारतीय घुड़सवारी महासंघ अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए चार घुड़सवारों को बिना किसी सिलेक्शन ट्रायल्स के एनओसी जारी करने के कारण जांच के दायरे में आ गया है। पीटीआई के मुताबिक संघ ने बीते दो जनवरी को एनओसी जारी की थी, जिसमें 61 कैवलरी के चार अधिकारियों को 'सक्रिय घुड़सवारी खिलाड़ी' के रूप में प्रमाणित किया गया है। इन्हें विदेश में खेलने की अनुमति दी गई है।

वर्ल्ड कप के टिकट

■ नई दिल्ली: भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आगामी T20 वर्ल्ड कप के लिए टिकटों की बिक्री के तीसरे चरण की शुरुआत कर दी है। इससे पहले 11 दिसंबर 2025 और 14 जनवरी 2026 को आयोजित हुए दो चरणों को फैंस की जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली थी। बोर्ड के अनुसार, यह चरण विश्व की टॉप टीमों के बीच होने वाले मुकाबलों को स्टेडियम में देखने का फैंस के लिए एक और सुनहरा मौका है।

'सिक्स हिटिंग' के मामले में भारत के दबदबे को दुनिया कर रही महसूस

बड़ी 'सिक्सी' है टीम इंडिया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुनील गावसकर, सौरव गंगुली और रिकी पोंटिंग कई मामलों में अलग-अलग राय रख सकते हैं, लेकिन आगामी टी20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़े दावेदार के सवाल पर सभी ने टीम इंडिया को ही क्लियर फेवरेट बताया है। दिग्गजों ने यदि पर राय बनाई है तो इसके पीछे असली वजह पिछले कुछ समय में भारत का प्रदर्शन रहा है।

हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज की बात करें तो सीरीज में भारत ने पांच पारियों में तीन बार 200 से ज्यादा का स्कोर बनाया, जिसमें आखिरी मैच में 271 रन भी शामिल थे। इसके अलावा तीसरे मैच में टीम ने 154 रन का लक्ष्य सिर्फ 12.5 ओवर में हासिल कर लिया। मौजूदा फॉर्म और इसके साथ बिग हिटर्स की भरमार टीम इंडिया को फेवरेट बना रही है।

हर 11वीं गेंद पर लग रहा सिक्स: अक्टूबर 2023 के बाद से वर्ल्ड कप के सम्बंधित खिलाड़ियों के टी20 आंकड़ों के आधार पर सभी टीमों की बल्लेबाजी की तुलना यह दिखाती है कि इस भारतीय लाइन-अप के सामने बोलर्स बोलिंग करने से बचना चाहेंगे। अक्टूबर 2023 के बाद खेले गए सभी टी20 मैचों में भारत की वर्ल्ड कप टीम के खिलाड़ियों ने कुल 1081 सिक्स लगाए हैं, यानी औसतन हर 11 गेंद पर एक सिक्स। यह इस टूर्नामेंट में खेल रही शीर्ष टीमों के सम्बंध में सबसे बेहतर आंकड़ा है।

अभिषेक बने बेखौफ अप्रोच का चेहरा: भारतीय टीम के इस बेखौफ और बेरहम अप्रोच का चेहरा ओपनर अभिषेक शर्मा हैं। अक्टूबर 2023 के बाद से खेले गए सभी टी20 मैचों में उन्होंने 249 सिक्स लगाए हैं, जो इस वर्ल्ड कप में खेल रहे सभी बल्लेबाजों में इस अवधि का सबसे बड़ा आंकड़ा है। अभिषेक करीब हर सातवीं गेंद पर सिक्स लगाते हैं। प्रति बॉल सिक्स के मामले में वह सबसे आगे हैं। इस सूची में वे अकेले ऐसे बैटर हैं जिनका स्ट्राइक रेट 200 से ऊपर है।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

31 मैच जीते हैं और सिर्फ छह मैच गवाए हैं भारत ने पिछले टी20 वर्ल्ड कप से लेकर इस वर्ल्ड कप के बीच

36 मैच जीते हैं भारत ने वर्ल्ड कप में। उनकी जीत का प्रतिशत 70.6 है। यह सर्वाधिक है

T20s में बेस्ट सिक्स प्रति बॉल

(अक्टूबर 2023 से- 31 जनवरी 2026 तक)

बल्लेबाज	सिक्स	बॉल/सिक्स	स्ट्राइकरेट
अभिषेक शर्मा	249	6.78	201.3
फिन एलेन	179	6.89	184.68
डेवाल्ड ब्रेविस	153	7.88	162.32
रोमारियो शेफर्ड	116	8.59	160.24
ग्लेन मैक्सवेल	126	8.7	166.81
राशिद खान	58	8.86	152.14
टिम डेविड	160	8.89	160.44
जेसन होल्डर	84	9.32	154.66
ईशान किशन	101	9.64	172.18

*नोट: T20 विश्व कप टीमों में शामिल बल्लेबाजों में (न्यूनतम 30 सिक्स)

वर्ल्ड कप में खेल रही टीमों में बेस्ट सिक्स/बॉल टीम

*नोट: वर्ल्ड कप टीमों में शामिल बल्लेबाजों के सभी टी20 आंकड़ों पर आधारित (अक्टूबर 2023 से जनवरी 2026 तक)

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

बुमरा इफेक्ट भी हावी

भारतीय टीम के खिलाफ पिचझी टीमें मैदान पर उतरने से पहले ही करीब 15 से 20 रन माइनस में चली जाती हैं। दरअसल जसप्रीत बुमरा की भारतीय बोलिंग अटैक में मौजूदगी ऐसा अंतर पैदा करती है। टी20 वर्ल्ड कप में कम से कम 50 ओवर डालने वाले बोलर्स की लिस्ट में बुमरा की इकॉनमी सबसे कम है। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में कुल 410 गेंदें डाली हैं और उनकी इकॉनमी सिर्फ 5.44 की रही है। मौजूदा वर्ल्ड कप में कोई भी ऐसा गेंदबाज नहीं है जिसकी टी20 वर्ल्ड कप में बोलिंग इकॉनमी 6 से नीचे है। टी20 में चार ओवर के कोटे में 30 से ऊपर रन बनना सामान्य बात होती है। इस लिहाज बुमरा की मौजूदगी से पिचझी के टोटल से 15 से 20 रन कम हो जाते हैं।

भारत के सामने अफगान चुनौती

■ एजेंसियां, हरारे: शानदार लय में चल रही भारतीय टीम की ICC अंडर-19 मेंस वर्ल्ड कप में अगली चुनौती अफगानिस्तान है। जिसके खिलाफ टीम आज सेमीफाइनल मुकाबले में उतरेगी। भारत अपनी संतुलित बैटिंग, बोलिंग और फील्डिंग के दम पर इस मुकाबले को जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अगर भारत अंतिम-4 का यह मुकाबला जीत लेता है तो वह 10वीं बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने में सफल रहेगा।

अंडर-19 वर्ल्ड कप

अजेय रथ पर सवार है टीम: टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम भारत ने अब तक अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं। सुपर सिक्स राउंड में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की प्रभावशाली जीत ने टीम का आत्मविश्वास और बढ़ाया है। भारत ने 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में खिताब जीता है। हालांकि, भारतीय टीम अफगानिस्तान को हल्के में नहीं लेगी। अफगान टीम ने भी पांच में से चार मैच जीतकर सेमीफाइनल तक का सफर तय किया है।

अभिज्ञान कुंडू ने संभाली है जिम्मेदारी

भारत के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू अब तक 199 रन बनाकर सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज रहे हैं। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (196 रन) आक्रामक शुरुआत दे रहे हैं, जबकि ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा 172 रन बनाने के साथ पांच विकेट भी झटके हैं। गेंदबाजी में हेमिल पटेल (11 विकेट) और आरएस अंबरीष (8 विकेट) की तेज जोड़ी के साथ स्पिनर खिलन पटेल (8 विकेट) पिचझी बल्लेबाजों के लिए खतरा बनी हुई है।

भारत के लिए टूर्नामेंट के हाईएस्ट स्कोरर है अभिज्ञान

आमना-सामना

12	10	2
कुल मैच	भारत	अफगानिस्तान

91 सिक्स लग चुके हैं यूथ वनडे में वैभव सूर्यवंशी। वह 9 सिक्स लगाते ही यूथ वनडे में 100 सिक्स लगाने वाले पहले बैटर बन जाएंगे

टेलिकास्ट: दोपहर 1 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

ऑस्ट्रेलिया को हरा इंग्लैंड फाइनल में

ICC अंडर-19 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कप्तान थामस रियू (110 रन, 107 बॉल, 14 फोर, 1 सिक्स) की सेंचुरी की बदौलत इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 27 रन से मात देकर ICC मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में अपनी जगह बनाई। बुलावायो में हुए पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने सात विकेट पर 277 रन बनाए। रियू ने केलम फैल्कनर (40 रन) के साथ 135 रन की अहम साझेदारी की। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की ओर से वी उसके कप्तान ओलिवर पीके (100 रन) ने शतक जड़ा, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें अच्छा साथ नहीं मिला।

थॉमस रियू ने शतक जड़ा

वॉर्मअप में ओमान ने श्रीलंका-ए को चौंकाया

■ एजेंसियां, कोलंबो: आमिर कलीम की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर ओमान ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के चौथे वॉर्म अप मैच में श्रीलंका-ए को पांच विकेट से हराकर चौंकाने वाला उलटफेर किया। कोलंबो क्रिकेट क्लब मैदान पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका-ए की टीम नौ विकेट पर 145 रन ही बना सकी।

सलामी बल्लेबाज दुलनिथ सिगेरा (20) और सिनेथ जयवर्धने (9) ने तेज शुरुआत की, लेकिन इसके बाद शीर्ष क्रम बिखर गया और टीम ने 49 रन तक चार विकेट गंवा दिए, जहां से टीम उबर नहीं पाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए ओमान की शुरुआत भी खास नहीं रही, लेकिन आमिर ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने 47 गेंदों में तीन छक्कों और आठ चौकों की मदद से 80 रन की शानदार पारी खेली। उनके अलावा विनायक शुक्ला ने 39 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को 18 ओवरों में जीत दिलाई।

इटली ने कनाडा को दी मात: टूर्नामेंट में डेब्यू कर रही इटली टीम भी अपने पहले वॉर्म अप मैच में बड़ी दस्तक दे चुकी है। इस यूरोपियन देश ने कनाडा के खिलाफ हुए वॉर्म अप मैच में 10 रन से जीत दर्ज की थी। पहले बैटिंग करते हुए इटली ने चार विकेट पर 156 रन बनाए। इटली के लिए जेजे स्मट्स ने 49 रन की अहम पारी खेली। जवाब में कनाडा की टीम छह विकेट पर 146 रन ही बना सकी। बुवरान सिंह और कप्तान दिलप्रीत बाजवा ने संघर्ष किया, लेकिन लक्ष्य से चूक गए।

टी20 वर्ल्ड कप अपडेट

आमिर कलीम ने बनाए 80 रन

भारत की भिड़ंत आज प्रोटियाज से

मुख्य टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले भारतीय टीम आज वॉर्मअप मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपने तैयारियों को पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। यह मुकाबला मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस वॉर्म-अप मैच में, भारतीय टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच सही संतुलन बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। कप्तान और टीम प्रबंधन के लिए यह मैच अंतिम प्लेइंग-XI तय करने में भी महत्वपूर्ण होगा। वहीं, साउथ अफ्रीका अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और दमदार तेज गेंदबाजी आक्रमण से भारत को चुनौती देने की कोशिश करेगी।

टेलिकास्ट: शाम 7 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

छोटी टीमें मचाएंगी बड़ा धमाल!

टी20 क्रिकेट का फॉर्मेट ऐसा है कि इसमें किसी टीम की चुनौती को हल्के में नहीं लिया जा सकता। सात फरवरी से शुरू टी20 वर्ल्ड कप में भी कुछ ऐसी टीमें भी दावेदारी पेश करेंगी जिनकी चुनौती को बहुत गंभीर नहीं माना जा रहा है, लेकिन वे उलटफेर करने में सक्षम हैं-

फुटबॉल क्रेजी देश में क्रिकेट प्रेम

वेन मैडसन

फुटबॉल के दीवाने इटली में क्रिकेट की शुरुआत 18वीं सदी में ही हो गई थी, लेकिन यह खेल हमेशा वहां हाशिए पर ही रहा। लेकिन दो सदियों के बाद लगता है कि इस देश में क्रिकेट गुमनामी से बाहर निकल आएगा। वेन मैडसन की अगुआई वाली इटली की टीम आगामी टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार है। पिछले महीने आयरलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी20I मैचों की सीरीज में चार विकेट से मिली जीत टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ इटली की पहली जीत थी। इस ऐतिहासिक जीत के सूत्रधारों में से एक असिस्टेंट कोच केविन ओ'ब्रायन थे जो आयरलैंड के मशहूर पूर्व ऑलराउंडर हैं। पिछले साल 11 जुलाई को आईसीसी के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करना इटली क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक क्षण था।

हिमालयी देश की धड़कन है ये खेल

हिमालय की गोद में बसे नेपाल का दिल क्रिकेट के लिए धड़कता है। नेपाल टीम ऐसी है जिसे कभी बुनियादी ढांचे के लिए संघर्ष करना पड़ा था और इसलिए विश्व कप में उसकी भागीदारी को बड़ी हलचल के रूप में देखा जा रहा है। जब रोहित पौडेल की अगुआई वाली नेपाल की टीम मैदान पर उतरेगी तो उसे बड़ी संख्या में अपने प्रशंसकों का समर्थन मिलने की उम्मीद है। उसकी टीम में अनुभवी खिलाड़ी करण केसी, स्टेमपाल कामी और संदीप लामिछाने हैं। संदीप नेपाल के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो आईपीएल, बिग बैश लीग और कैरेबियाई प्रीमियर लीग में खेल चुके हैं।

मुश्किल होगा भारत को हराना: स्टीड

Sanjeev.Kumar11@timesofindia.com

■ कोलकाता: नई दिल्ली से कोलकाता की फ्लाइट में जब सामने वाली सीट पर बैठे विदेशी चेहरे पर नजर पड़ी, तो वह कुछ जाना-पहचाना सा लगा। दोबारा गौर किया और धीरे से कहा-'हेलो गैरी'। जवाब में एक मधुर मुस्कराहट के साथ 'हेलो' मिला, तो तसदीक हो गई कि यह गैरी स्टीड ही है। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को करीब आठ साल तक कोचिंग देने वाले और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जिताने वाले गैरी इन दिनों एक नई भूमिका में हैं। वह आंध्र प्रदेश की रणजी टीम के हेड कोच के तौर पर भारत में हैं। उनके जुड़ते ही आंध्र की टीम ने इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया और क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुकी है।

एक्सपर्ट की राय

जब गैरी से पाकिस्तान क्रिकेट के विवाद पर सवाल पूछा, तो उन्होंने शालीनता से चुप्पी साध ली। हालांकि, टी20 वर्ल्ड कप के दावेदारों पर बात छिड़ते ही उन्होंने बिना देर किए कहा, 'टीम इंडिया ही सबसे बड़ी दावेदार है। इसमें एक से बढ़कर एक मैच-विनर है और वे जिस लय में हैं, उन्हें हराना किसी टीम के लिए बड़ी चुनौती होगा।' जब उनसे भारत की मुख्य प्रतिद्वंद्वी टीमों के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा, 'मेरे हिसाब से साउथ अफ्रीका काफी मजबूत है और इंग्लैंड को भी कम नहीं आंका जा सकता।' वहीं, ऑस्ट्रेलिया और अपनी टीम न्यूजीलैंड के बारे में उन्होंने चौंकाने वाली बात कही। गैरी के मुताबिक, 'ऑस्ट्रेलियन टीम मुझे संघर्ष करती नजर आ रही है, जबकि न्यूजीलैंड हमेशा की तरह 'डार्क हॉर्स' (छुपा रुस्तम) साबित होगी।

विवादित सवालों को 'डक' किया मार्श ने

■ एजेंसियां, लाहौर: ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श को पाकिस्तान के भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार करने और बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बारे में सवालों का सामना करना पड़ा। लेकिन, उन्होंने इन दोनों मसलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उनका पूरा ध्यान इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने पर है।

कप्तान मिचेल मार्श

मार्श सोमवार रात यहां मेजबान टीम के हाथों टी20 सीरीज में 0-3 से मिली हार के बाद पाकिस्तान के मीडिया से रूबरू थे। मार्श से जब 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच का पाकिस्तान द्वारा बॉयकॉट करने के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इस समय मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता।

मूनी के बल्ले से निकली फिफ्टी



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गुजरात जायंट्स की बेथ मूनी ने विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) के एलिमिनेटर मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 62* रन की शानदार पारी खेली। इस पारी की बदौलत गुजरात जायंट्स ने अहम मुकाबले में सात विकेट पर 168 रन बनाए।

विमेंस प्रीमियर लीग 2026

नहीं चला शीर्ष क्रम: टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी का न्योता पाने वाली जायंट्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम का शीर्ष क्रम दिल्ली की नंदनी शर्मा और शिनेल हेनरी की पेस के सामने टिक नहीं पाया। गुजरात को इनिंग्स का पहला झटका हेनरी ने सोफी डिवाइन (6) के रूप में दिया। अनुष्का शर्मा (16 रन) और मूनी ने 29 रन की साझेदारी कर टीम को संभलने की कोशिश की। हालांकि, नंदिनी ने छठे ओवर की शुरुआती दो बॉल पर अनुष्का और कप्तान एशले गार्डनर का विकेट निकालकर गुजरात को लगातार दो झटकों से झकझोर दिया। गार्डनर अपना खाता भी नहीं खोल पाईं। कनिका अहूजा भी सिर्फ 6 रन पर पवेलियन लौट गईं। टीम ने 59 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए थे।

कमिंस ने बताई ना खेलने की वजह

■ एजेंसियां, मेलबर्न: ऑस्ट्रेलिया के पेसर पैट कमिंस ने कहा कि चोटिल होने के कारण टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होने का उनका फैसला आगामी टेस्ट सीजन के लिए पूरी तरह से फिट होने की इच्छा से भी प्रेरित था, जिसमें वह सभी मैच खेलना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट और वनडे के कप्तान कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाने के कारण टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए। कमिंस ने कहा, 'मैं कुछ हफ्तों तक आराम करूंगा और फिर आगे की योजना बनाऊंगा।'

पैट कमिंस

बदलाव से कुछ लोग असहज होंगे: कर्स्टी

(IOC) की अध्यक्ष कर्स्टी कोवेंट्री

■ एथेंस, मिलान: अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (IOC) की अध्यक्ष कर्स्टी कोवेंट्री ने मंगलवार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि ओलिंपिक गेम्स और स्पर्धाओं के कार्यक्रम में होने वाले बदलाव कुछ लोगों के लिए असहज हो सकते हैं। अपने शुरुआती ओलिंपिक (विंटर) गेम्स से पहले दिए गए मुख्य भाषण में कोवेंट्री ने अपने कार्यकाल की दिशा को स्पष्ट किया। उन्होंने आईओसी की वार्षिक बैठक में कहा, 'हमें कठिन फैसलों और चर्चाओं का सामना करना पड़ेगा और यह बदलाव का हिस्सा है। मैं जानती हूं कि ये चर्चाएं असहज हो सकती हैं।'

IOC अध्यक्ष की चेतावनी

PCB पर लीगल ऐक्शन लेगा ब्रॉडकास्टर: ICC

■ पीटीआई, कराची/नई दिल्ली: इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) को आगाह किया है कि टी20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मैच के बहिष्कार से उसे टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारक नियोस्टार की ओर से कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। PCB के एक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान ने कोलंबो में होने वाले इस मुकाबले का बहिष्कार करने का फैसला किया है। हालांकि पाकिस्तानी बोर्ड ने अभी तक इसके कारण लिखित रूप में ICC को नहीं बताए हैं। पीटीआई के सूत्रों के अनुसार, ICC पाकिस्तान का वार्षिक राजस्व हिस्सा (करीब 3.5 करोड़ डॉलर) रोककर उसी राशि से प्रसारकों को भुगतान कर सकता है।

मैच के बॉयकॉट का विवाद

PCB अध्यक्ष नकवी

PCB अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने इस मुद्दे पर कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ली थी, लेकिन बोर्ड गंभीर नतीजों के लिए तैयार नजर आ रहा है। सूत्र ने कहा कि भारत के खिलाफ खेलने से इनकार पर PCB को भारी जुर्माने के साथ प्रसारकों की ओर से मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है।

2027 में दिल्ली में शूटिंग के दो ओलिंपिक्स कोटा इवेंट

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप की मेजबानी भी मिली

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: भारत अगले साल दिल्ली में एशियन शूटिंग चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजेलिस में होने वाले ओलिंपिक्स के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय शूटिंग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलिंपिक्स क्वालिफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है। एशियाई प्रतियोगिता में ओलिंपिक्स के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले वर्ल्ड कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे।



एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (NRAI) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की। NRAI ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने पत्र में कहा, 'हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजेलिस में 2028 में होने वाले ओलिंपिक्स के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।'

MCC ने क्रिकेट नियमों में कर दिए 73 बदलाव

■ एजेंसियां, लंदन: मैरिलबोन क्रिकेट क्लब (MCC) ने क्रिकेट के नियमों में 73 बदलावों की घोषणा की है, जो इस साल अक्टूबर से लागू होंगे। इनमें बहु-दिवसीय मैचों में दिन के अंतिम ओवर को हर हाल में पूरा कराना सबसे अहम बदलाव है। अब अंतिम ओवर के दौरान विकेट गिरने पर भी नया बल्लेबाज उतरेगा और ओवर पूरा कराया जाएगा। MCC के अनुसार, इससे खेल का रोमांच बना रहेगा और बल्लेबाज कठिन परिस्थितियों से बच नहीं पाएगा।

MCC ने 2022 के बाद पहली बार 'लॉज ऑफ क्रिकेट' की नई प्रति जारी की है, जिसका उद्देश्य नियमों को आधुनिक और अधिक समावेशी बनाना है। जूनियर और महिला क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंदों को अब साइज-1, साइज-2 और साइज-3 में वर्गीकृत किया गया है, हालांकि पारंपरिक पुरुषों की गेंद (साइज-1) में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लागत कम करने के लिए 'ओपन एन क्रिकेट' में जैमिमेंटेड बालों को मंजूरी दी गई है। विकेटकीपर नियम में बदलाव के तहत अब गेंद छोड़े जाने के बाद ही उसका पूरी तरह स्टंप्स के पीछे होना जरूरी होगा। 'बनी होप कैच' को हटाया गया है और ओवरथ्रो की स्पष्ट परिभाषा तय की गई है।

इस साल अक्टूबर से लागू होंगे नए नियम

जोकोविच ने टॉप-3 प्लेयर्स में की वापसी

■ एजेंसियां, मेलबर्न: कार्लोस अल्काराज के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में शिकस्त झेलने के कारण नोवाक जोकोविच भले ही अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब से चूक गए, लेकिन इस प्रदर्शन के बूते उन्होंने ATP वर्ल्ड रैंकिंग्स में करीब डेढ़ साल बाद टॉप-3 में वापसी कर ली। 24 बार के ग्रैंड स्लैम सिंगल्स चैंपियन जोकोविच नवीनतम वर्ल्ड रैंकिंग्स में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज ने दूसरे नंबर के खिताड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंचे हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं।

उधर WTA टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलेना रिबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग्स बरकरार रखी है।

ATP RANKINGS

रैंकिंग	प्लेयर
1	कार्लोस अल्काराज
2	यानिक सिनर
3	नोवाक जोकोविच
4	अलेक्जेंडर ज्वेरेव
5	लोरेंजो मुसेत्ती

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP12 User: cci Time: 02-03-2026 22:55 Color:

कैंसर के खिलाफ दुनिया साथ आई

आज वर्ल्ड कैंसर डे है। इसकी शुरुआत 2000 में 'पैरिस चार्टर' नाम के एक समझौते से हुई थी, जिसका मकसद दुनिया भर में कैंसर की रिसर्च और मरीजों के इलाज को बेहतर बनाना था। इस दिन को मनाने का सबसे बड़ा कारण लोगों को जागरूक करना है। अगर सही समय पर लक्षणों की पहचान हो जाए, तो इसे मात दे सकते हैं।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। मुंबई। बुधवार, 4 फरवरी 2026, पेज 12

ईरान ने समझौता नहीं किया तो कुछ बुरा हो सकता है: ट्रंप

ईरान के राष्ट्रपति ने दिए संकेत, अमेरिका के साथ बातचीत आगे बढ़ाएंगे

■ एपी, वॉशिंगटन (अमेरिका)

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सोमवार को ईरान को फिर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरान अमेरिका के साथ समझौता नहीं करता है, तो कुछ बुरा हो सकता है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब ईरान ने अमेरिका के साथ परमाणु बातचीत शुरू करने की बात कही है। ट्रंप ने कहा, इस समय हम उनसे बात कर रहे हैं, ईरान से बातचीत चल रही है। अगर कोई समझौता हो जाता है तो यह बहुत अच्छी बात होगी। लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ, तो शायद कुछ बुरा होगा। बढ़ते तनाव के बीच ट्रंप ने ईरान के खिलाफ किसी भी संभावित सैन्य कार्रवाई पर खुलकर बात करने से इनकार किया। हालांकि, उन्होंने यह जरूर दोहराया कि अमेरिका की सैन्य ताकत मिडल ईस्ट की ओर भेजी जा रही है। इसमें एक एयरक्राफ्ट कैरियर भी शामिल है, जो जल्द ही उस क्षेत्र में पहुंचने वाला है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ट्रंप के बयान से साफ है कि अमेरिका बातचीत तो चाहता है, लेकिन दबाव की नीति पर भी काम कर रहा है।

FILE

तस्वीर साफ नहीं

अभी साफ नहीं है कि ईरान और अमेरिका किसी समझौते तक पहुंच पाएंगे या नहीं। इसकी बड़ी वजह यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप बातचीत की डिस्टी में प्रक्रिया में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को प्रमुख शर्त बनाए हुए हैं। ट्रंप ने जून में इजराइल के 12 दिन के युद्ध के दौरान ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बमबारी के आदेश दिए थे।

विदेश मंत्री को अमेरिका से बातचीत के निर्देश : ईरान

एपी, दुबई (UAE) : ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची को अमेरिका के साथ 'तर्कसंगत और न्यायसंगत' बातचीत आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसे तेहरान की ओर से अब तक का सबसे साफ संकेत माना जा रहा है कि वह अमेरिका के साथ बातचीत की कोशिश करना चाहता है। इस घोषणा को राष्ट्रपति पेजेश्कियन के रुख में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। बीते कुछ हफ्तों से वह ईरानी जनता को यह कहते आ रहे थे कि देश की स्थिति उनके नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। यह बयान इस बात का भी संकेत देता है कि उन्हें अमेरिका के साथ बातचीत के लिए ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई का समर्थन मिला है। खामेनेई पहले अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत को खारिज करते रहे हैं।

पद्मश्री ट्रैवल राइटर ह्यूग का मसूरी में निधन

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : 2025 में पद्मश्री से सम्मानित अंग्रेजी ट्रैवल राइटर ह्यूग गैट्नर (Hugh Gantzer) का 94 वर्ष की आयु में मसूरी में निधन हो गया है। लाइब्रेरी रोड स्थित अपने निवास ओक बुक में उन्होंने अंतिम सांस ली। ह्यूग ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को ग्लोबल पहचान दिलाई। वे भारतीय नेवी में कमांडर के रूप में सेवाएं दे चुके थे। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने मसूरी को स्थायी घर बनाया। वहीं पत्नी कोलीन गैट्नर (Colleen Gantzer) के साथ ट्रैवल राइटिंग को नया आयाम दिया। बीते पांच दशकों तक भारत के अनछुए पर्यटन स्थलों, विरासत और संस्कृति को दुनिया के सामने लाने में यह कपल जुटा रहा। ह्यूग और कोलीन गैट्नर की 30 से ज्यादा पुस्तकों, हजारों लेखों और दूरदर्शन पर प्रसारित 52 डॉक्यूमेंट्री से उनके रचना संसार को समझा जा सकता है।

एप्सटीन मामले में US के पूर्व राष्ट्रपति बिल गवाही देंगे

■ एपी, वॉशिंगटन (US)

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने दोषी यौन अपराधी जेफरी एप्सटीन से जुड़े एक मामले में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में गवाही देने पर सोमवार देर रात सहमति जताई। हालांकि, इस जांच का नेतृत्व कर रहे रिपब्लिकन सांसद ने कहा कि अभी कुछ तय नहीं हुआ है। सदन की निगरानी समिति के अध्यक्ष और रिपब्लिकन सांसद जेम्स कॉमर सोमवार शाम तक क्लिंटन दंपती के खिलाफ कांग्रेस की अवमानना की कार्यवाही आगे बढ़ा रहे थे। उन पर आरोप था कि उन्होंने कांग्रेस के समन को इग्नोर किया। इसी दौरान क्लिंटन दंपती के वकीलों ने समिति को ईमेल भेजकर कहा कि दोनों कॉमर की मांगें स्वीकार करेंगे और तय बयान दर्ज कराने के लिए पेश होंगे। वकीलों ने यह भी अनुरोध किया कि अवमानना की कार्यवाही आगे न बढ़ाई जाए। कॉमर ने कहा कि वह फिलहाल आरोप वापस नहीं ले रहे हैं। अगर ये आरोप सदन में पारित होते हैं और डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस मुकदमा चलाएगा। रिपब्लिकन सांसदों के अनुसार, एप्सटीन जांच में पूरी पारदर्शिता जरूरी है। वहीं, डेमोक्रेट नेताओं ने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया को राजनीतिक बदले के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

समन इग्नोर करने पर अवमानना कार्यवाही आगे बढ़ रही थी

FILE

ट्रंप बोले- एप्सटीन ने मेरे खिलाफ साजिश रची : अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को वाइट हाउस के ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जेफरी एप्सटीन से उनका 'कोई लेन-देन नहीं' रहा है। BBC के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि एप्सटीन ने उनके खिलाफ साजिश रची। दावा किया कि जस्टिस डिपार्टमेंट की ओर से हाल ही में जारी फाइलों से साजिश सामने आती है, जिसका मकसद उन्हें 'राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाना था।

चाइल्ड पोर्न, डीपफेक में X के ऑफिस पर छापे

■ एपी, पेरिस (फ्रांस) : पेरिस के अभियोजकों ने एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' के फ्रांस स्थित दफ्तरों पर मंगलवार को छापेमारी की। यह कार्रवाई बाल यौन सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी), डीपफेक और अन्य कथित अपराधों की शुरुआती जांच के तहत की गई है। अभियोजक कार्यालय ने बताया कि उसकी साइबर अपराध इकाई ने जनवरी 2025 में जांच शुरू की थी।

फ्रांस के सांसद की शिकायत के बाद जांच शुरू हुई थी

जांच में बच्चों की अश्लील तस्वीरें फैलाने, इससे जुड़े डीपफेक, मानवता के खिलाफ अपराधों और एक संगठित समूह के रूप में 'ऑटोमेटेड डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम' में हेरफेर जैसे आरोप शामिल हैं। अभियोजकों ने एलन मस्क और 2023 से 2025 तक 'एक्स' की सीईओ रहीं लिंडा याकारिनो से स्वैच्छिक पूछताछ के लिए कहा है। इसके लिए 20 अप्रैल की तारीख तय की गई है। 'एक्स' की ओर से इस पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। यह जांच एक फ्रांसीसी सांसद की शिकायत के बाद शुरू हुई थी।

बैठक से पहले रुबियो से मिलेंगे एस जयशंकर

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क (US): **विदेश मंत्री** एस जयशंकर अहम खनिजों पर मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले वॉशिंगटन में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात करेंगे। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत के साथ एक व्यापार समझौते की घोषणा की है। जयशंकर दो से चार फरवरी तक अमेरिका की यात्रा पर हैं और वह अहम खनिजों पर मंत्रिस्तरीय बैठक में बुधवार को हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया था कि जयशंकर इस यात्रा के दौरान अमेरिकी प्रशासन के सीनियर सदस्यों के साथ भी बैठकें करेंगे।

नासा का मून मिशन टला

■ एपी, केप केनरवल (अमेरिका) : नासा ने बताया कि उसके नए चंद्र रॉकेट का लॉन्च अब मार्च में होगा। पहले तय उड़ान से एक दिन पहले किए गए अहम टेस्ट के दौरान ईंधन का रिसाव पाया गया, जिसके कारण यह फैसला लिया गया। यह रिसाव कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र में ईंधन भरने की प्रक्रिया शुरू होने के कुछ घंटों बाद सामने आया। नासा ने कहा कि देरी से उड़ान से पहले आंकड़ों की दोबारा जांच और एक और अभ्यास करने का समय मिलेगा। इस मिशन के लिए चुने गए चारों अंतरिक्ष यात्रियों को फिलहाल पृथकवास से बाहर किया जाएगा और अगली उड़ान से करीब दो हफ्ते पहले फिर से पृथकवास में रखा जाएगा।

अहम टेस्ट के दौरान ईंधन का रिसाव पाया गया, इसकी वजह से मिशन टला

पायलट की शिकायत के बाद ग्राउंड किया गया था प्लेन

एयर इंडिया प्लेन के दोनों फ्यूल स्विच सही पाए गए: मंत्रालय

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : एयर इंडिया की लंदन से बेंगलुरु वाली फ्लाइट एआई-132 के लिए बोइंग के जिस ड्रीमलाइनर बी-787-8 हवाई जहाज के एक फ्यूल कंट्रोल स्विच में पायलट ने खराबी आने की शिकायत दर्ज की थी। उस फ्लाइट को पायलट उस फ्लाइट को लंदन से बेंगलुरु तक करीब 9:30 घंटे तक उड़ाने के बाद में लंदन से बेंगलुरु तक लाए थे। प्लेन के एक लेफ्ट फ्यूल कंट्रोल स्विच रन से कटऑफ मोड में दो बार फिसलने की शिकायत लंदन में फ्लाइट के टेक ऑफ से पहले ही सामने आ गई थी। इसके बावजूद पायलट ने प्लेन के साथ बेंगलुरु तक की उड़ान भरी।

इस दौरान पायलट ने प्लेन के फ्यूल कंट्रोल स्विच को अनावश्यक रूप से एक बार भी टच नहीं किया। साथ ही वह नौ घंटे से भी अधिक की इस उड़ान में पूरे रास्ते हवाई जहाज के सिस्टम पर भी अपनी नजरें गड़ाए रहा। सूत्रों का कहना है कि जब पायलट को समस्या का पता लंदन में ही चल गया था, तो वह 230 से अधिक यात्री के साथ जोखिम भरी उड़ान भरकर भारत तक क्यों लाया?

'जांच में प्लेन के स्विच ठीक मिला'

डीजीसीए ने दावा किया है कि प्लेन के दोनों स्विच की जांच करने पर वह ठीक पाए गए है। जांच में इनका लॉकिंग टूथ (locking tooth/pawl) पूरी तरह से अपनी जगह पर था और 'RUN' से 'CUTOFF' की ओर नहीं फिसल रहा था। लेकिन इसके बावजूद सूत्रों का कहना है कि बोइंग B787-8 प्लेन (VT-ANX) के स्विच को बदला जाएगा। बेंगलुरु में ग्राउंड किए गए इस प्लेन में दोनों नए स्विच लगाए जाएंगे।

पायलट को स्विच का नहीं पता था?

एयर इंडिया को यह सलाह दी गई कि वह अपने पायलट टीम के बीच फ्यूल कट ऑफ स्विच का इस्तेमाल करने के लिए बोइंग द्वारा बताई गई प्रक्रिया वाली एसओपी का पालन करे। अगर पायलट गलत तरीके से फ्यूल स्विच को ऑन-ऑफ करेंगे तो उसमें दिक्कत आ सकती है। ऐसे में सूत्रों का कहना है कि तो क्या बोइंग के इस प्लेन को उड़ाने वाले पायलटों को इसके फ्यूल कंट्रोल स्विच को ठीक से इस्तेमाल करना नहीं आता था?

उत्तराखंड में 83 चोटियां फतह के लिए खोली गईं

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : **उत्तराखंड** ने साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद (UTDB) ने वन विभाग के साथ समन्वय कर गढ़वाल और कुमाऊं हिमालय की 83 प्रमुख पर्वत चोटियों को पर्वतारोहण अभियानों के लिए पूरी तरह खोल दिया है। इन चोटियों की ऊंचाई 5,700 मीटर से 7,756 मीटर तक है।

भारतीयों के लिए फ्री

अधिसूचित चोटियों पर अब भारतीय पर्वतारोहियों को किसी भी तरह का अभियान शुल्क नहीं देना होगा। यह खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। वहीं, विदेशी पर्वतारोहियों से राज्य स्तरीय अतिरिक्त शुल्क हटा दिया गया है और वे केवल IMF का निर्धारित शुल्क देंगे।

VIT®
Vellore Institute of Technology
(Deemed to be University under section 3 of UGC Act, 1956)

SOME CHOICES
CHANGE YOUR
FUTURE

THIS CAN BE ONE OF THEM

VITEEE 2026
REGISTER NOW

Placements at a Glance
(2025 Batch)

₹1CR
Highest Package

1000+
Companies

14K+
Placement Offers

Powered to Build What's Next.

48 B.Tech Programmes

Aerospace | Mechanical | Biotech | Chemical | Quantum Computing | Civil | ECE | EEE | EIE | AI&ML | Computer Science | Cyber Security | Data Science | Gaming Tech | Fashiontech & more

Minors & Specialisations
Sustainable Energy | AI | Defence | Data & Smart Systems | Innovation & Entrepreneurship | Space & Strategic Technologies & more

International Collaborations
Internship Opportunities in over 500 reputed foreign universities.

Scan QR code to apply

Apply Online: viteee.vit.ac.in
btechapplication@vit.ac.in
+91-44-4627 7555

VIT Vellore Institute of Technology VELLORE | CHENNAI
VIT-AP UNIVERSITY
VIT BHOPAL

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: cci Time: 02-03-2026 22:47 Color:

चार साल बाद मुंबई मेयर का चुनाव 11 फरवरी को होगा। इस संबंध में अधिकारिक जानकारी आ गई है। 7 फरवरी को नामांकन भरा जाएगा। -p3

महाराष्ट्र में भी बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के काम ने गति पकड़ ली है। मंगलवार को महाराष्ट्र के दूसरे माउंटेन टनल का ब्रेक थ्रू किया गया। -p6

180 रहा मुंबई का AQI मंगलवार को, जो अनहेल्दी है।

20.0 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया मंगलवार को। दिन में उमस महसूस की गई।

www.mumbai.nbt.in

'कचरा न फेंकें' के बोर्ड तले ही कूड़े के ढेर

तुर्भे गांव प्रवेश रोड

मुद्दा पब्लिक का

■ **NBT रिपोर्ट, नवी मुंबई:** नवी मुंबई मनपा ने 2017 में शहर को कूड़ादान (डस्टबिन) मुक्त बनाने का संकल्प लिया था। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से शहर के विभिन्न इलाकों से कूड़ादान हटाने का काम शुरू किया गया। शहरी क्षेत्रों में इसका परिणाम अच्छा रहा, लेकिन ग्रामीण और झोपड़पट्टी इलाकों में इस मुहिम के कारण कचरे की समस्या में बढ़ोतरी हो गई। जिन जगहों से कूड़ादान हटाए गए वहां पर लोगों ने सड़क पर कचरा फेंकना शुरू कर दिया। जिससे कचरे की समस्या कम होने की जगह बढ़ गई। लोग कचरा रोड पर डालकर आते हैं और फिर वह हवा और कुत्तों की मदद से आस-पास के क्षेत्रों में फैल जाता है। तुर्भे गांव के अंदर जाने वाली सड़क के पास ही पहले कूड़ादान था, जिसके चलते लोग गांव से बाहर निकलकर वहां आते थे और कचरा फेंक कर अपने काम पर निकल जाते थे। लेकिन कुछ वर्ष पहले पालिका ने वहां से कूड़ादान हटा दिया। इसके बावजूद लोग वहीं पर कचरा फेंककर जाते हैं। पालिका ने वहां पर चेतावनी बोर्ड भी लगाया है, लेकिन लोग उसी चेतावनी बोर्ड के नीचे कचरा डालकर जाते हैं। जिससे आस-पास से गुजरने वाले नागरिकों को गंदगी और दुर्गंध का सामना करना पड़ता है।

तुर्भे सेक्टर 23

ऐसे कचरे के ढेर अब नवी मुंबई में देखा जाना आम हो गए हैं। घंटा गाड़ी का निश्चित समय नहीं होने के कारण लोगों को मजबूरी में सड़क किनारे कचरा फेंकना पड़ता है।

"मैंने पहले भी इस मुद्दे पर पालिका अधिकारियों से शिकायत की थी। अब महासभा में इसके समाधान की मांग करूंगी। - शुभांगी पाटिल, नगरसेविका प्रभाग क्रमांक 15

"छोटे-छोटे बच्चों को लोग कचरा फेंकने के लिए भेजते हैं, जो कि रास्ते में गिराते हुए ले जाते हैं, जिससे पूरे रास्ते में कचरा हो जाता है। -आसमा अली, स्थानीय नागरिक तुर्भे कॉलोनी

"हमने बहुत जागरूकता फैलाई, लेकिन रात को लोग आकर वहां कचरा डालते है। पालिका वाले जल्दी उठाते नहीं, जिसके चलते गंदगी फैलती है। - विक्की पाटिल, स्थानीय नागरिक तुर्भे

घंटा गाड़ी की पहुंच न होने से होती है दिक्कत

नवी मुंबई शहर में जिन जगहों पर बड़ी- बड़ी इमारतें और चौड़े रास्ते हैं, वहां पर घंटा गाड़ी के माध्यम से नियमित कचरे का कलेक्शन हो जाता है, लेकिन दिक्कत संकरी गलियों में बने घरों और झोपड़ियों में रहने वालों को होती है। वहां घंटा गाड़ी जा नहीं पाती है और घंटा गाड़ी का निश्चित समय नहीं होने के कारण लोगों को मजबूरी में सड़क किनारे कचरा फेंकना पड़ता है। जिसके चलते देश के तीसरे सबसे स्वच्छ शहर में फुटपाथ पर गंदगी फैलती है।

'घर-घर से कलेक्ट किया जाए कचरा'

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि बड़ी सोसायटियों में लोग नीचे रखे कूड़ेदान में कचरा जमा करते हैं और फिर पालिका की गाड़ी आकर उसे ले जाती है। उसी तरह पालिका को छोटी-छोटी गलियों में रहने वाले लोगों के लिए व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि लोग वहां तक कचरा पहुंचा दें अथवा किसी व्यक्ति को नियुक्त करना चाहिए, जो कि घर-घर जाकर कचरा कलेक्ट करे, फिर क्षेत्र के किसी एक स्थान पर जाकर जमा कर दे।

कचरा फ्री शहर बनाने की जगह कचरायुक्त शहर बन रहा नवी मुंबई

N.B.T स्मार्ट रीडर

दिखे कहीं गंदगी, तो उठाएं आवाज

किसी शहर के प्रशासन की गंभीरता और नागरिक बोध का अहसास उस शहर की स्वच्छता को देखकर लगाया जा सकता है। स्वच्छ भारत सर्वेक्षण की रैंकिंग में कई शहर मुंबई पर भारी पड़ते हैं। मुंबई और MMR में यहां-वहां कचरा पसरा रहना आम है। यदि आप भी कचरे के निपटान न होने की समस्या से जूझ रहे हैं, तो हमें फोटो, जगह और अपने नाम के विवरण के साथ मोबाइल नंबर 99673 97376 पर व्हाट्स ऐप करें।



यह तस्वीर हमें नेमीचंद जैन ने भेजी है। उनका कहना है कि अंधेरी के महाकाली केव्स रोड स्थित शेर-ए-पंजाब बस स्टॉप के पास गटर का यह कचरा यूं ही 15 दिन से पड़ा है। इस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। दुर्गंध के कारण यहां से गुजरने वालों को खासी परेशानी हो रही है। नगरसेवक को इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए।

शुरू हुआ विशेष सफाई अभियान

कांदिवली: कुछ इलाके ऐसे जहां गंदगी में है जिंदगी

कांदिवली के प्रभाग 23 और 24 में गंदगी हटाने BMC आई हरकत में

NBT असर

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** नवभारत टाइम्स (NBT) द्वारा कांदिवली के विभिन्न प्रभागों में फैली गंदगी और कचरे की समस्या को 'मुद्दा पब्लिक का' सीरीज में प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन और जनप्रतिनिधि सक्रिय हो गए। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रभाग 23 और 24 में विशेष सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। बीएमसी की टीमों ने कई जगहों पर सफाई कार्य तेज कर दिया है। कचरा हटाने की प्रक्रिया जारी है। प्रभाग 24 की स्थानीय नगरसेविका स्वाति संजय जायसवाल ने प्रभावित इलाकों का दौरा कर जायजा लिया। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर लगातार कचरा फेंका जा रहा था, वहां अतिरिक्त डस्टबिन रखवाए जा रहे हैं। साथ ही स्थानीय लोगों को कचरा खुले में न फेंकने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बीएमसी द्वारा ऐसे स्थानों पर दंडात्मक पोस्टर और जुर्माने संबंधी बैनर भी लगाए जा रहे हैं। वहीं, प्रभाग 23 के नगरसेवक शिव कुमार झा ने कहा कि कचरा फेंकने वालों के खिलाफ बीएमसी अधिकारियों के साथ मिलकर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित कचरा उठाने और वैज्ञानिक निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। झा ने चेतावनी दी कि जो ठेकेदार सफाई और कचरा निपटान में लापरवाही करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा कर ठेका रद्द कराने तक की पहल की जाएगी।

प्रभाग 24 की नगरसेविका स्वाति संजय जायसवाल ने प्रभावित इलाकों का दौरा कर जायजा लिया।

PM सेतु योजना का लाभ महाराष्ट्र को भी: लोढ़ा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** वैश्विक स्तर पर कुशल मानव संसाधन की बढ़ती मांग को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार कौशल विकास और स्वरोजगार को विकास का केंद्र बिंदु बना रही है। कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा का कहना है कि युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि रोजगारोन्मुख कौशल देना समय की जरूरत है। कुर्ला स्थित डॉन बॉस्को इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में महाराष्ट्र राज्य कौशल प्रतियोगिता के उद्घाटन पर उन्होंने यह बातें कहीं। लोढ़ा ने कहा कि पीएम के कौशल आधारित विकास दृष्टिकोण के तहत ITI के आधुनिकीकरण के लिए 60 हजार करोड़ रुपये की पीएम सेतु योजना लागू की गई है। इसका लाभ महाराष्ट्र को भी मिलेगा। पहले चरण में 242 करोड़ की लागत से छत्रपति संभाजीनगर, पुणे और नागपुर के ITI को अत्याधुनिक बनाया जाएगा।

बिड़ला कॉलेज में 69 स्टूडेंट्स का सम्मान

NBT रिपोर्ट, मुंबई: युवा पीढ़ी में लेखन, शोध और साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए कल्याण के बीके बिड़ला कॉलेज में कोकण प्रांत के नवलेखकों और साहित्य साधकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम साहित्य भारती प्रांत की ओर से आयोजित किया गया।

लोणकर पंटरों को देशभक्ति कहकर उकसा रहा

रोहित शेट्टी मामले में गिरफ्तार आरोपियों में एक स्टूडेंट भी, बोला- पढ़ना चाहता था, लेकिन...

Manish.Jha@timesofindia.com

■ **मुंबई:** निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी के आवासीय परिसर में हुई फायरिंग मामले में गिरफ्तार 18 वर्षीय एक पंटर को शूटर शुभम लोणकर कथित तौर 'राष्ट्र भक्त' बनाना चाहता था। शुभम कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा है। वह एनसीपी नेता बाबा सिद्दिकी हत्या (2024) मामले में वांटेड है। लोणकर को पकड़ने के लिए एजेंसियों की मदद से घेराबंदी जारी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार सभी आरोपियों में से एक आरोपी स्टूडेंट है। उसने जांच अधिकारियों को पूछताछ में बताया कि वह फायरिंग करने के लिए मुंबई नहीं आना चाहता था। लेकिन लोणकर के करीबी आदित्य गैकी (19) के संपर्क में आने पर वह ऐसा करने के लिए तैयार हो गया। उसे गैकी ने कथित तौर पर ब्रेन वॉश कर मुंबई जाने के लिए तैयार किया, जबकि वह पढ़ना-लिखना चाहता था।



दहशत पैदा करना मकसद

एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्त में आए आरोपियों में से एक समर्थ पोमाजी के साथ वॉन्टेड आरोपी शुभम लोणकर ने मिलकर फायरिंग करने की योजना बनाई थी। इसका मकसद नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि दहशत पैदा करना था।

निशाने पर और भी कई लोग: सूत्र बताते हैं कि लोणकर खुद बिश्नोई गैंग की आड़ में गैंगस्टर बनना चाहता है, जिसके लिए उसने हाल में कुछ हस्तियों के आवासीय परिसर पर फायरिंग करवाई, ताकि उसके नाम का खौफ पैदा हो सके। एक अधिकारी ने बताया कि आने वाले समय में मुंबई में और कई सिलेब्रिटीज के परिसर पर फायरिंग की योजना हो, इससे इनकार नहीं किया सकता।

सीसीटीवी में कैद स्कूटर सवार: शेट्टी के घर पर हमलावर स्कूटर से आए थे। वे 2 किलोमीटर दूर स्कूटर पार्क कर भीड़ का लाभ लेते हुए जुहू पहुंचे और शेट्टी के आवास पर फायरिंग कर पैदल चलकर स्कूटर तक आए और वहां से निकल गए। इस दौरान एक आरोपी ने ऑटोवाले से बात की थी।

लोणकर के कैशियर की तलाश हुई तेज

शुभम लोणकर के निर्देश पर फरार चल रहे आरोपी समर्थ और आदित्य पर घटना में शामिल स्कूटर खरीदने का आरोप है। गैकी ने स्कूटर को मुंबई में एक निर्धारित स्थान पर अन्य शूटरों को सौंपा था। हालांकि, बाद में दोनों पकड़े गए। इसके लिए धनराशि लोणकर द्वारा मुहैया कराई गई थी। पुलिस रकम पहुंचाने वाले की तलाश में जुटी है।

मुख्य आरोपी गिरफ्त से बाहर: शेट्टी फायरिंग केस में पुणे के कर्वे नगर व सिंहगढ़ से पकड़े गए आरोपियों को रविवार को विशेष कोर्ट ने 5 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। फायरिंग करने वाला मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

IFTDA ने की हमले की निंदा

शेट्टी पर हुए फायरिंग की घटना की इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डायरेक्टर्स असोसिएशन (IFTDA) ने कड़ी निंदा की है। IFTDA ने एक बयान जारी कर कहा कि घटना से पूरा फिल्म जगत स्तब्ध और चिंतित है। सीएम को निजी रूप से हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

नए क्रेडिट कार्ड का झांसा दे ढाई लाख उड़ाए

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई में क्रेडिट कार्ड के नाम पर साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। इस बार ठगों ने नया क्रेडिट कार्ड जारी करने और आकर्षक गिफ्ट वाउचर देने का झांसा देकर 60 वर्षीय शेयर ब्रोकर से 2.50 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और साइबर सेल तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, जुहू इलाके में रहने वाले पीड़ित को एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताया। उसने नया क्रेडिट कार्ड जारी करने का ऑफर दिया और रिवॉर्ड वाउचर देने की बात कही। इसके बाद पीड़ित के मोबाइल पर एक लिंक भेजी गई और वाउचर एक्टिवेट करने के लिए उस पर क्लिक करने को कहा गया। जैसे ही पीड़ित ने लिंक पर क्लिक किया, उनके बैंक खाते से कुल 2.50 लाख रुपये निकाल लिए गए।

चेंबर ने की बजट पर चर्चा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** भारत मर्चेंट्स चेंबर द्वारा आयोजित 'बजट पर चर्चा' कार्यक्रम में प्रख्यात लेखा परीक्षक विमल पूनमिया ने व्यापारी भाषा में कपड़ा बाजार के व्यापारियों को बजट समझाया। उन्होंने बताया कि आगामी एक अप्रैल से नया इनकम टैक्स लागू हो जाएगा। इस बजट में एआई डेटा सेंटर से होने वाली आमदनी को 2047 तक कर मुक्त कर दिया गया है। सरकार AI को बढ़ावा देना चाहती है। इसके अलावा काफी चीजों को भी सरल किया गया है। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष मनोज जालान, उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, मानद मंत्री नवीन बगड़िया, निलेश वैश्य,

कोषाध्यक्ष अजय सिंघानिया, ट्रस्टी राजीव सिंगल, विजय लोहिया, श्रीप्रकाश केडिया, अशोक गुप्ता, अशोक लोहिया, दीपक बुबना, देवकीनंदन अग्रवाल, राधेश्याम जालान, मनोज बनवारी लाल जालान सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा। सिर राशि का चंद्रमा आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी करेगा। मंगल क्रियाशील और पुरुषार्थी हठ है इसलिए सुव्यवस्था करने में आपका कोई सानी नहीं है। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश देगी।

TARUS 20 Apr - 19 May
राशि का स्वामी शुक्र दशम राज्य के प्रमुख केंद्र भाव में होने से शुभ हो रहा है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं। लेकिन कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। शाम का समय परिवार के साथ बिताएं।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आज का दिन आपके लिए सामान्य है। राशि का स्वामी बुध नवम भाग्यस्थ त्रिभुवन भाव में सूर्य के साथ बैठकर बौद्धिक और व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है। संतान पक्ष की ओर से हर्षदायक समाचार मिलने से मनोबल बढ़ेगा। भाग्योदय का दिन है, थोड़ा सचेत रहने से बेहतर होगा।

CANCER 22 Jun - 22 July
आज शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय आगे लाभप्रद रहेगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जन संपर्क में वृद्धि होने से आप प्रफुल्लित रहेंगे। राशि का स्वामी चंद्रमा सिंह राशिगत होने से कोई व्यक्ति आपके लिए समस्या उत्पन्न कर सकता है। इसलिए अंजान लोगों से सावधान रहें।

LEO 23 July - 22 Aug
आज आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विरोधियों का बहुतेरा असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपकी समझदारी से समाप्त हो जाएगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित हो सकता है।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
राशि का स्वामी बुध अपने ही घर षष्ठम यानी शत्रु भाव के घर में संचार कर रहे हैं। फलस्वरूप वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। मित्रों से सहयोग मिलेगा।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आपकी राशि का स्वामी शुक्र पंचम संतान विवेक भाव में और आज राहु षष्ठम शत्रु भाव में है। आर्थिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे, व्यर्थ की भागदौड़ के चलते पारिवारिक अशांति रहेगी। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी। मित्रों से सहयोग मिलता रहेगा और इससे परेशानियां कुछ कम होंगी।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आपकी राशि पर शनि बीज और कन्या राशि में चंद्रमा आने से आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहेगा। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात पुरानी तक पहुंचाने में कामयाब हो जाए तो आने वाले दिनों में आपके वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
राशि का स्वामी बृहस्पति मिथुन में है। चंद्रमा आज एकादश भाव में संचार कर रहा है। राज्य कार्यों में सफलता, घर में धन धान्य की वृद्धि, परिचित मित्रों से धन का लाभ, शारीरिक व्याधियां दूर होंगी। शत्रुओं पर विजय और मनोर्थ सिद्धि होगी। रात में मंगलमय समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
राशि का स्वामी शनि यद्यपि तृतीय भाव में उदय है, किंतु चंद्रमा जो दैनिक जीवन का बीज है, नवम भाव में राज्य विजय कारक है। आज सत्पुरुषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। शाम के समय त्वचा विकार सताएगा है।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
राशि स्वामी शनि द्वितीय भाव कोष में मीन राशि में अपने घर में संचार कर रहा है। कर्मफल का सिद्धि कारक है। कहीं से कम कमाया धन मिलने का योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। बहुत समय से परिवार में चला आ रहा विवाद सुलझ जाएगा।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आपकी राशि का स्वामी देव गुरु बृहस्पति राशि से चतुर्थ सुख भाव में मिथुन राशि का होकर विद्यमान है। चंद्रमा भी आज कन्या राशि पर संचार कर रहा है। फलस्वरूप आज पूरे दिन आय के नए स्रोत सामने आएंगे। विरोधी पराजित होंगे। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। बिगड़े हुए काम बनने लगेंगे।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष चंद्र गुरु वर्ष के स्वामी बन रहे हैं और वर्ष का प्रवेश स्वर्ण पाद से हो रहा है, जो समग्र रूप से शुभ संकेत देता है। फरवरी से मार्च के बीच शुभ व्यय के योग बनेंगे, जिससे सामाजिक प्रतिष्ठा और कीर्ति में वृद्धि होगी। इस अवधि में हर्ष, उत्साह और मंगलमय परिवर्तनों के साथ कई मनोकामनाएं पूर्ण होती दिखाई देंगी। अप्रैल और मई का समय स्वास्थ्य की दृष्टि से थोड़ा सावधानी का संकेत देता है। इस दौरान दिनचर्या और नियमित कार्यक्रमों में आवश्यक परिवर्तन करने से परिस्थितियां अनुकूल बनाई जा सकती हैं। जून माह तक लंबे समय से रुके हुए कार्य कुछ झंझटों और अतिरिक्त व्यय के बाद पूर्ण हो जाएंगे। जुलाई और अगस्त के महीनों में मांगलिक कार्यों की योजना बन सकती है। वहीं सितंबर और अक्टूबर के दौरान उद्देश्यपूर्ण यात्राओं और पर्यटन के योग बन रहे हैं, जो लाभकारी और सुखद सिद्ध होंगे। नवंबर में ज्ञानार्जन और मनोरंजन पर किया गया खर्च आनंद और संतोष प्रदान करेगा। दिसंबर के उत्तरार्ध में कामों की अत्यधिक व्यस्तता रहेगी। जनवरी 2027 में उत्तम फल प्राप्ति के लिए कनकधारा स्तोत्र का पाठ किसी विद्वान ब्राह्मण द्वारा कराना फलदायी रहेगा।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 5 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 16, शक संवत 1947, फाल्गुनी कृष्ण चतुर्थी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 23, शाबान 16, हिजरी 1447 (मुस्लिम) वद अनुसार अंग्रेजी तारीख 5 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल अपराह्न 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। चतुर्थी तिथि अर्धरात्रोत्तर 12 बजकर 23 मिनट तक के बाद पंचमी तिथि का आरंभ। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 10 बजकर 58 मिनट तक के बाद हस्त नक्षत्र का आरंभ। सुकर्मा योग अर्धरात्रोत्तर 12 बजकर 58 मिनट तक के बाद धृतिमान योग का आरंभ। बव करण मध्याह्न 12 बजकर 17 मिनट तक के बाद बालव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात कन्या राशि पर संचार करेगा।

सुडोकू

						5	4	8
	5		6		2			
	9		1			7		
		8	5	3				9
9				7	8	2		
		4			6		5	
			3		5		2	
5	3	1						

TELEVISION



big magic

09:00	बबलू डबलू	13:30	भ से भड़े
10:00	बदतमीज़ बुड़बक	14:00	चक्रधारी अजेय कृष्णा
11:00	रुद्र के रक्षक	15:00	लिटिल कृष्णा
12:00	चक्रधारी अजेय कृष्णा	17:00	बबलू डबलू
12:30	हम पांच	18:00	चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:00	रुद्र के रक्षक		

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP3 User: cci Time: 02-03-2026 21:58 Color:

4 साल का इंतज़ार खत्म, 11 फरवरी को चुना जाएगा मेयर

7 फरवरी को किया जाएगा नामांकन, BMC कमिश्नर की देखरेख में होगा चुनाव

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: चार साल के इंतजार के बाद आखिरकार मुंबई मेयर का चुनाव 11 फरवरी को होगा। इस संबंध में आधिकारिक जानकारी आ गई है। मेयर के लिए 7 फरवरी को नामांकन किया जाएगा। उप-महापौर का चुनाव भी उसी दिन होगा। गौरतलब है कि 2022 में बीएमसी नगरसेवकों का कार्यकाल खत्म हो जाने के बाद से ही बीएमसी में जनप्रतिनिधि के बिना कामकाज चल रहा है। कमिश्नर को ही प्रशासक की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। पूरा चुनाव बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी की देखरेख में कराया जाएगा। अगली बैठक में समिति सदस्यों के नाम का ऐलान किया जा सकता है। ऐसे में स्थायी समिति के अध्यक्ष का चुनाव फरवरी के तीसरे सप्ताह में होने की उम्मीद है। इसके बाद ही बीएमसी का बजट पेश किया जाएगा। हर साल यह 5 फरवरी तक पेश किया जाता रहा है, लेकिन इस बार इसमें चुनाव के चलते देरी को देखते हुए राज्य सरकार से मंजूरी ली गई है।



उप-महापौर शिंदे सेना का

बीजेपी के साथ सत्ता बंटवारे में शिंदे सेना के कोटे में उप-महापौर के साथ सुधार समिति, बेस्ट समिति का अध्यक्ष पद आ सकता है। दोनों पार्टियों में सत्ता बंटवारे का फॉर्मूला तय कर आगे की प्रक्रिया की जाएगी। इससे पहले, एकत्रित शिवसेना के साथ गठबंधन में बीजेपी को भी यही पद मिलते रहे हैं।

सामान्य महिला के लिए आरक्षण

मेयर पद के लिए राजश्री शिरवडकर, रितु तावडे और शीतल गंभीर के नामों की चर्चा है। रितु तावडे तीसरी बार नगरसेविका चुनी गई हैं। घाटकोपर से चुनी गई रितु शिक्षण समिति की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। वहीं, राजश्री शिरवडकर भी तीसरी बार नगरसेविका चुनी गई हैं। उनके पति राजेश मुंबई बीजेपी के महामंत्री हैं। पिछले कार्यकाल में बतौर स्थायी समिति सदस्य उन्होंने कार्य किया था। शीतल गंभीर माहिम इलाके से दूसरी बार नगरसेविका चुनी गई हैं। वह बीजेपी महिला मोर्चा की अध्यक्ष भी हैं और पूर्व विधायक सुरेश गंभीर की बेटी हैं। इसके अलावा, अलका केरकर, तेजस्वी घोसालकर, हर्षिता नार्वेकर, आशा मराठे, योगिता कोली के नामों की भी चर्चा है।

नए फ्रंट पर फैसला होगा जल्द

शिंदे सेना और एनसीपी के तीन नगरसेवकों का नया फ्रंट बनाने की तैयारी है। इससे मनोनीत नगरसेवक के अलावा अन्य समितियों में महायुति के हिस्से एक अतिरिक्त नगरसेवक आ जाएगा, जो कि प्रस्ताव पास करने के लिए बहुमत जुटाने में मदद करेगा। मंगलवार को एनसीपी के तीन नगरसेवकों का रजिस्ट्रेशन भी पूरा हो चुका है। दरअसल, कई समितियों में पक्ष और विपक्ष के सदस्यों की संख्या समान होने से आगे चलकर दिक्कतें भी पैदा हो सकती थीं। अब इस फ्रंट के बन जाने से इस तरह की दिक्कत नहीं आएगी। बीएमसी के कुल 19 प्रभागों में से आठ में उद्धव गुट के अध्यक्ष रहेंगे। यानी, वार्ड स्तर पर भी विपक्ष का दबदबा कायम रहेगा।

HC ने सलेम को पैरोल न देने के दिए संकेत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुलिस सुरक्षा शुल्क भुगतान को लेकर गैंगस्टर अबू सलेम की बेरूझी को देखते हुए उसे पैरोल न देने के संकेत दिए हैं। हाई कोर्ट के जेल में शामिल होने के लिए सलेम ने 14 दिन के आपात पैरोल की मांग को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की है, ताकि वह उत्तर प्रदेश स्थित आजमगढ़ जा सके। सलेम के भाई अबू हकीम अंसारी का 14 नवंबर, 2025 को निधन हो गया था। सलेम को मुंबई के 1993 ब्लास्ट केस में दोषी पाया गया था। वह इस मामले में उम्र कैद की सजा भुगत रहा है। मंगलवार को जस्टिस अजय गडकरी और जस्टिस श्याम चांडक की बेंच के सामने सलेम की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान बेंच को बताया गया कि सलेम को चार दिन की पैरोल के लिए सुरक्षा शुल्क के तौर पर 17.60 लाख रुपये का भुगतान करना पड़ेगा।

इस पर सलेम की वकील फरहान शाह ने कहा कि उनके मुवक्किल मुरक्षा शुल्क के लिए सिर्फ एक लाख रुपये का भुगतान कर सकते हैं। सलेम दो दशक से जेल में बंद है। इसलिए वह 17 लाख रुपये का भुगतान करने में असमर्थ है, इसलिए सुरक्षा शुल्क की रकम घटाई जाए। इस पर बेंच ने कहा कि रकम को लेकर मोलभाव न किया जाए। यदि सलेम सुरक्षा शुल्क का भुगतान नहीं करेगा, तो हम उन्हें पैरोल देने के इच्छुक नहीं हैं। इसलिए सलेम अपनी याचिका को वापस ले, अन्यथा हम उसे खारिज कर देंगे। बेंच ने सलेम के वकील को पूरे मामले में निर्देश लेने के लिए गुरुवार तक का समय दिया है। 5 फरवरी को याचिका पर अगली सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने कहा कि सलेम को जिस इलाके में जाना है, वह सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र है। इसलिए सलेम को पैरोल पर रिहा करने से वहां की शांति भंग हो सकती है। इसके लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस की एक रिपोर्ट का भी हवाला दिया था।

17.60 लाख रुपये पुलिस सुरक्षा के लिए भुगतान को लेकर सलेम ने दिखाई बेरुखी

5 फरवरी को होगी अगली सुनवाई

मैं नहीं बनूंगा NCP का अध्यक्ष : प्रफुल्ल पटेल

■ NBT रिपोर्ट , मुंबई

अजित पवार के निधन के बाद एनसीपी का अध्यक्ष कौन होगा, इसको लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में अटकलों का दौर जारी है। इस बीच एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि मैं पार्टी का अध्यक्ष नहीं बनने जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि अजित पवार के निधन के बाद कार्यकारी अध्यक्ष होने के नाते पार्टी के नए नेता का चुनाव कराने की जिम्मेदारी मेरी है। हम सही फैसला लेने की प्रक्रिया में हैं। हमने फिलहाल विधायक दल के नेता और उप मुख्यमंत्री का चुनाव कर लिया है। अब जब हमारी पार्टी स्थिर हो गई है, तो हम दोनों राष्ट्रीय समितियों के विलय के मुद्दे पर विचार करेंगे।

पटेल ने आगे कहा कि अजित पवार के बाद हमारी पार्टी की ओर से निर्धारित प्रक्रिया को पूरा करना मेरी जिम्मेदारी है। एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष मेरे अलावा कोई भी हो सकता है।

हालांकि कुछ लोग झूठी खबरें फैला रहे हैं, इसमें कोई सच्चाई नहीं है। मैं कभी भी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ में नहीं रहा, क्या मैंने या हमारी पार्टी के किसी नेता ने कहा है कि मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ में हूं?

राज ठाकरे पर भड़के पटेल

■ मुंबई: मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बयान कि एनसीपी का प्रदेश अध्यक्ष पाटील होना चाहिए, पटेल नहीं। इस पर प्रफुल्ल पटेल राज ठाकरे पर भड़क उठे।

उन्होंने कहा कि क्या वे हमारी पार्टी के हैं? क्या राज ठाकरे या सुबह 9 बजे का बुलेटिन (संजय राउत) तय करेंगे कि मेरी पार्टी का विधायक दल का नेता और राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा? ये लोग हमें बता रहे हैं कि हमारी पार्टी में क्या करना है?



TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

P.J. No FCJCR7/277/2026
Date: 31/1/ 2026
Exh. 17

NOTICE
IN THE FAMILY COURT NO.7
MUMBAI AT BANDRA
PETITION NO.
A-2032 OF 2023

Mrs. Suraj Shankarlal Akawat
...Petitioner
Vs
Mrs. Payal Suraj Akawat
...Respondent

Mrs. Payal Suraj Akawat
R/at. Room No. 4, Maruti Chawl, Near Hindustan Naka, Kandivali (W) Mumbai 400067.

TAKE NOTICE THAT the Petitioner above named has filed petition against you for divorce under section U/S. 13 (1) (i-a) (i-b) of the Hindu Marriage Act, 1955.

TAKE FURTHER NOTICE that, the petition is fixed for hearing and final disposal on **17th February 2026 at 11:00 a.m.** (Sharp) in **Family Court No.07, Mumbai at Bandra**, or before any other Hon'ble Family Judge, presiding in the Family Court Mumbai at Bandra, assigned charge of the said Court No.7, when you are required to appear in person and file your Written Statement and in default of your doing so, the Hon'ble Judge Family Court No.7 will proceed to hear the said Petition, against you exparte and pronounce Judgment thereon;

THIS NOTICE IS ORDERED by Shri S. B. Ingulkar, Judge, Court No. 7 on 20.11.2025.

GIVEN UNDER MY HAND AND SEAL OF THIS COURT DATED THIS 2nd day of January, 2026.

Sd/-
(Sr. Deputy Registrar, Family Court Mumbai, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai-400 051
SEAL

निविदाएं (टेंडर्स)

स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
StockHolding
पंजीकृत कार्यालय: 301, सेंटर पॉइंट, डॉ. बी.एन.मार्ग, परेल, मुंबई 400012
सीआईएन: U67190MH1986GOI040506

अनारक्षित विक्रय आरएफपी
संख्या: CPCM-24/2025-26
तारीख 02/Feb/2026
"रेड हैट एप्लीकेशन फाउंडेशन (रेड हैट कॉम्पलेक्स एसएसओ) साइसेंस की खरीद के लिए प्रस्ताव का अनुरोध"
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट पर देखरेख देखें: https://corporate.stockholding.com/Tenders/ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 12/Feb/2026, शाम 06:00 बजे
इस आरएफपी में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो, केवल उपरोक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित होगा तथा प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

यूनियन बैंक
प्रापण विभाग
यूनियन बैंक भवन, पहली मंजिल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400 021
फोन -022-45653726

वेतनभोगी खाताधारकों के लिए सुप्र मेडिक्लेम बीमा के लिए निविदा आमंत्रित करने की सूचना

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जीईएम पोर्टल के माध्यम से 2026-27 की अवधि के लिए बैंक के वेतनभोगी खाताधारकों के लिए सुप्र मेडिक्लेम बीमा के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। जीईएम पोर्टल बोली दस्तावेज की संख्या GEM/2026/B/7176255 दिनांक 31.01.2026. बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 21.02.2026, अपराह्न 3.00 बजे तक है. निविदा सूचना 31.01.2026 से 21.02.2026 के दौरान बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in और सरकारी पोर्टल www.eprocure.gov.in पर उपलब्ध है.
अधिक जानकारी के लिए कृपया उपरोक्त वेबसाइट का संदर्भ लें.
बैंक बिना कोई कारण बताए कोई भी आरएफपी या निविदा को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
उप महाप्रबंधक

यूनियन बैंक
प्रापण विभाग
यूनियन बैंक भवन, पहली मंजिल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400 021
फोन -022-45653726

वेतनभोगी खाताधारकों के लिए सुप्र मेडिक्लेम बीमा के लिए निविदा आमंत्रित करने की सूचना

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जीईएम पोर्टल के माध्यम से 2026-27 की अवधि के लिए बैंक के वेतनभोगी खाताधारकों के लिए सुप्र मेडिक्लेम बीमा के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। जीईएम पोर्टल बोली दस्तावेज की संख्या GEM/2026/B/7176255 दिनांक 31.01.2026. बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 21.02.2026, अपराह्न 3.00 बजे तक है. निविदा सूचना 31.01.2026 से 21.02.2026 की अवधि के दौरान बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in और सरकारी पोर्टल www.eprocure.gov.in पर उपलब्ध है.
अधिक जानकारी के लिए कृपया उपरोक्त वेबसाइट का संदर्भ लें.
बैंक बिना कोई कारण बताए कोई भी आरएफपी या निविदा को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
उप महाप्रबंधक

यूनियन बैंक
सेवाप्रदाता एवं निरीक्षण विभाग
केंद्रीय कार्यालय, अन्ना हाल, मेकर टावर, एफ कफ परेड, मुंबई-400 005

सूचीबद्धता सूचना

बैंक ने हमारे बैंक के सेवाप्रदाता अधिकारियों (स्केल III से V) को पदोन्नत/चयनित की गई शाखाओं के समकक्षों तथा परीक्षकों के रूप में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव किया है। योग्य इच्छुक सेवाप्रदाता अधिकारी विवरण और ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए हमारे बैंक की वेबसाइट https://www.unionbankofindia.bank.in पर आज 04.02.2026 से 18.02.2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, मैनुअल आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। नैतिकता पत्र: वेबसाइट में लॉग इन करें >> Home Page >> About Us >> Human Resources >> Information for Retired Staff URL:https://myportal.unionbankofindia.bank.in/recruit/
आवेदन प्रस्तुत करने की आरंभ तिथि : 04.02.2026 को 10.00 बजे से.
आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 18.02.2026 को 23.59 बजे तक.
हेल्पडेस्क नंबर:022-45796748

यूनियन बैंक
प्रापण विभाग
यूनियन बैंक भवन, पहली मंजिल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400 021
फोन -022-45653726

वेतनभोगी खाताधारकों के लिए समूह सावधि जीवन बीमा पॉलिसी के लिए निविदा आमंत्रित करने की सूचना

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जीईएम पोर्टल के माध्यम से 2026-27 की अवधि के लिए बैंक के वेतनभोगी खाताधारकों के लिए ग्रुप टर्म जीवन बीमा पॉलिसी के लिए अनुरोध (आरएफपी) /निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. जीईएम पोर्टल बोली दस्तावेज की संख्या GEM/2026/B/7176068 दिनांक 31.01.2026. बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 21.02.2026, अपराह्न 3.00 बजे तक है. निविदा सूचना 31.01.2026 से 21.02.2026 के दौरान बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in और सरकारी पोर्टल www.eprocure.gov.in पर उपलब्ध है.
अधिक जानकारी के लिए उपरोक्त वेबसाइट का संदर्भ लें.
बैंक कोई या सभी निविदा बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
उप महाप्रबंधक

सेवाएं

ज्योतिष

विवाह बाधा, सभी समस्याओं का हल प्रेमविवाह, विदेशयोग, गृहक्लेश, उन्नति बढ़ा का गारंटी समाधान लोक कल्याण हेतु काफी रिझाते. 9697267666/ 8828054766

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I have changed my name from SHANTI PANDEY TO SHANTI KEDARNATH PANDEY as per affidavit No 76AB876569 dated 30.01.2026

I, MAHESHWARI R wife of S MURGAN changed my name from MAHESHWARI R to MAHESWARI M vide aff. No.58AB838032, dt.22/01/2026.

I, SHARDA SURESH JAMKHANDI mother of VIJAY SURESH JAMKHANDI changed my name from SHARDA SURESH JAMKHANDI to SHARADHA S JAMKHANDI vide aff. No.58AB838042, dt.22/01/2026.

I, Geetha Jayakumar is the real wife of No. 1104398W, Rank: CHME, Name: Jayakumar. S. residing at Flat No. 101-B, Oberoi Park View CHSL, Thakur Village, Kandivali East, Mumbai - 400 101, have changed my name from Geetha Jayakumar to Geetha Jayakumar Nair due to erroneously endorsed vide affidavit dated 29 January 2026.

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

JOB OPPORTUNITIES

RUBBER KING
STEP INTO A FUTURE THAT MOVES YOU FORWARD
JOB OPENINGS
Enquiry Timings: Everyday, all the days and holidays (excluding Sundays) 10AM & 7PM (Monday, IST) 7:00 PM to 8:00 PM
+91 7045190241 | rjobs@rubkingindia.com | www.rubkingindia.com

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

लापता

लापता

श्रीनाथ सिंह - उम्र 80 वर्ष (अल्पाइमर के रोगी)
दिनांक 1 फरवरी, रात 9:15 बजे से भायंदर से लापता
यदि मिले तो कृपया संपर्क करें
प्रकाश सिंह - 9819193438
राजेश्वर सिंह - 9821644611

भर्ती

रिक्त पद

DYES/PIGMENT Factory needs Plant Operators for Production activities at Dombivli & Taloja, Min 3 yrs exp. in similar capacity. Email CV to hrpigment@gmail.com

A reputed Educational Institute at Sion (East), Mumbai, requires a Project Manager for school redevelopment. Civil Engineer mandatory ! MBA preferred. Experience in PMC / contractor coordination essential. Strong communication skills required. Send CV to: resume@pes-trinity.in Contact: 7021339961

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अकादमिक

शिक्षक

PINNACLE High Intl School (IGCSE) Malad(w) req English & Economics Teacher for Sec section. Primary Teacher & Librarian also can apply. Mail-info@pinnaclehigh.org

REQD. Female Teacher for Primary Std. (I IV) and K.G (pre-primary) and also Clerk Meet personally with C.V & photo Principal, Queen Mary High School, Gokuldham, Malad (E). 9867511017, Time 9-2.

REQD female B.Sc. B.Ed., HSC D.Ed Teachers and B.Com Accountant with knowledge Tally ERP for English Medium School, Byculla (w). 7506996466/ 23073240 barkatenglishhighschool@gmail.com

MAHAPRAGYA PUBLIC SCHOOL (CBSE) KALBADEVI Urgently requires teachers having 3 - 5 years experience and basic computer knowledge. CTET qualified to teach Sanskrit, Science, P. E. (lady teacher), a school counselor & an accountant. Email: info@mahapragya.in

URGENTLY required experienced teachers All subjects for primary and secondary section, College Section, PT & Art teacher. WALK-IN INTERVIEW from Monday to Friday between 11:00 am to 2:00 pm. Venue: Thakur Vidya Mandir High School, Nap East. Contact: 7030300233 Mail at: tvmhigh@gmail.com

URGENTLY required experienced teachers Pre-primary, PRT, TGT, PGT, Librarian, IT teacher, PT Teacher, Office Admin. WALK-IN INTERVIEW from Monday to Friday between 11:00 am to 2:00 pm. Venue: Sparkle Kids International School Nalasopara west. Con: 9766262726 Mail at: sparkalkid2016@gmail.com

WALK In Interview Teachers for PRI. & Sec. all Subject & for Jr.College ENG, Hindi, P C M B & B.K. ECO, & Computer Teacher on 07 Feb bet. 10.30-12.30 at Vedant Public High School & Jr. College, near Pragati Nagar rikshwa stand Opp. U.S Ostwal School Ostwal Nagari, Nallasopara (E), Mob No.9987388800

REQUIRED Qualified, trained & experienced professionals for the Secondary Section (ICSE) 1) Mathematics & Science Teacher - M.Sc., B.Ed. 2) English & Social Sciences Teacher - M.A., B.Ed. 3) Experienced Paediatrician. Interested candidates may send their applications to: The Pricipal, Shri S K I Jain High School, 38, M K Road, Marine Lines, Mumbai 400020 or email at skjainsi@hotmail.com

SSL English School invites applications from qualified, (D.ed/B.ed) and experienced teachers for Math, Hindi, Marathi, IT and special educator. Candidates must possess relevant qualifications, teaching experience, and good communication skills. CTET/TET preferred. Interested candidates may apply with their resume to the school office or contact on the given number in a week. Contact: 9892487098 Email: sslcbst1@gmail.com

CAMPION School [ICSE] /Cambridge Curriculum located in South Mumbai requires the following Staff for the Academic year 2026-2027 1.Early years teacher and Primary teacher for ICSE and Cambridge. Ideal candidates will have an ECC.Ed/ Bachelor's or Master's degree in Education, Minimum 5 years of experience in the Cambridge Curriculum 2.Computer teacher for ICSE & Cambridge School with D.Ed /B.Ed in computer & ECC.Ed. 3.Educational Facilitator Minimum Class 12 to Graduation. Skills of fluent in English and Computer competency. Applicants should be creative, passionate, and skilled in fostering a positive learning environment. Excellent English proficiency and good communication skills are required. Send your resume, supporting documents, and photograph to careers@campionmumbai.org The applications received within 07 days of the publication of the advertisement will only be considered

लेखा

अकाउंटेंट (लेखाकार)

REQ. Person exp.in TDS, GST filing, attending notices, salary no issue. send resume to 9082555428

CA Firm Requires S.Y/T.Y. B. Com (Freshers) Male / Female for Audits & GST Work, MS Office Knowledge (Word & Excel). Location - Near Goal Deval, Mumbai - 400004. Contact - 8369736312 / 9967052989. Please send your Resume on ratanmehtaco@yahoo.com

लेखा और वित्त

REQUIRED exp. candidate having knowledge of ESIC, provident fund, labour Compliance. Como Operator/ Field / HR Executive. Contact: A-3, Laxmi Apartment, Station Road, Vikhroli (West) E-mail: resume.motta@gmail.com

REQD (1) Banking Head-Accounts Dept. & L.C Division (2) Sr. & Jr. Account Executive (3) Sr. Executive. IGST (4) Tender Executive with 2 to 4 years exp. in a reputed firm. Walk-in Interview from 11am to 5pm on 7th & 14th Feb. 2026 at: Sudarshan Pharma Industries Ltd., 301, Aura; Biplex, S. V. Road, Borivali (W)

REQ Female staff for Sales/ purchase/dispatch/accounts & Clerical (Pref: South Mumbai) (Spectrum Software) mail: info@vnpharma.in

ACCOUNTANT & A/c's Asst. (F) GST, Tally, upto Finalisation - exp 6-yrs : Mahim (w) 9820020763, jagdip@thakrallindia.com

आईटी संबंधित

आई.टी. प्रफेशनल

WE are hiring proactive MCA/ BSC (IT) graduates to manage our IT infrastructure & database systems. Exp. Min 2+ yrs, Database Management And System Admin Roles. Mb: 7045903247 Email CV: hr@yardiprabhu.com .

प्रशासन

कार्यालय सहायक

REQUIRE Office Boy/Girl. Age: 18 to 30 years for travel agency. 1-2 years experience of Computers & MS Office. Call 9833721009

प्रबंधक

SOCIETY-MANAGER reqd at Powai, Full Time, Graduate with prior exp. in Housing Society Mgmt, preferably Maharashtrian, Call: 9820719616 OR Email at: valenciacha@yahoo.com

चपरासी

NEED peons/ sub staff for office/ outdoor work Age max. 45 years. at YARDI PRABHU. 2 Samadhan, Agarkar Chowk, Opp. Rly. Stn., Andheri (E). Walkin / forward CV : hr@yardiprabhu.com , , T.:022-67970100.

कार्यकारी अधिकारी

मांग मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड में मेट्रो लाइन 2 A और 7 और आगे वाली मेट्रो लाइनों के लिए टिकट सेल्स की पोस्ट के लिए क्लिक लिमिटेड सर्विसेज लिमिटेड में कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर भर्ती की अप्लीट डाकरा है। काम से काम एजुकेशनल क्वालिफिकेशन 12वीं पास, CTC Rs.18995/- मराठी और हिंदी भाषा जानते हैं, इंग्लिश की नॉलेज नॉलेज MS-CIT सर्टिफिकेट जानते हैं। कॉन्टैक्ट सबंध ऐंटरप्राइजेज: 9624032905 /9624039085.

सेवाएं

रेस्तरां

REQD. Cook (Chef) for veg & non-veg restaurant. Contact:9819822480

तकनीकी

इंजीनियर्स

REQD. Fresh/ Experienced Civil Engineers, MEP Engineers for a Reputed firm Call 8850913007 or Email on in to info@supremeengicons.com

REQ Diploma Mech Engineer Fresh/ Exp in Managing Inspection, Store/Dispatch for our Factory at Valiv Vasai (E). raman.pancha24@gmail.com

ESTIMATION ENGINEERS (Females) req'd for reputed Engg. Co. in Mahim. BE (Mech/Elect), Fresh/Expd. Email CV to: antika@iacinthengg.com Mob: 8097702900 / 9137309913

REQUIRED 3 to 5 Years Experienced Engineer Dip. in Mech./ Elec./ Chem, for Mktg/ Exec./ Kirloskar Pumpsets/ Pump. Attractive Salary for right candidate. Invite Bio-Data on Email: sandeepparikh71@gmail.com / 9820746230.

अन्य प्रफेशनल्स

ग्राफिक्स ऐंड डिजाइन

GRAPHIC-DESIGNER with 3 Yrs Expd in Coreldraw & Photoshop Required for Red Moments Giftings Pvt. Ltd. @ Bandra (E). (Age: 25-40 Yrs). Call: Jitesh- 9167730455 OR Mail CV: accounts@redmoments.in

वास्तुकार (आर्किटेक्ट)

REQ. for an Architect / Real Estate firm having 2 to 5 yrs. Exp. (1) Municipal Draughtsman / Architect (2) BMC Liaisoning, (3) Legal Executive. Mail your CV at admin@vruxrealty.com or Call: -8657988211.

QUALIFIED Architects 5 years' Architectural Design, WD, at Kandivali West. Contact 9821126560, Email: ar.radhika28@gmail.com

विपणन, विज्ञापन और बिक्री

बिक्री

REQD Sales Executives "Chemical/ Solvent/ API & Exports), Govt. Supplies: Tender Division, with 2+ years exp. Walk-in Interview: between 11am & 5pm on 7th & 14th Feb. 2026 at Sudarshan Pharma Ind. Ltd., 301, Aura Biplex, s. V. Road, Borivali (W).

REQD..FIELD..SALES Exe. (Car Upholstery) visiting premium car garages in Mumbai / Navi Mumbai. Social media marketing skill will be an added benefit Salary: Fixed + High Inc. Bike must Email CV: sun.max@hotmail.com Call: 9820160809 (10 AM - 6 PM)

मेहनती-फिमेल चाहिए हार्डवेर रिटेल शॉप स्कर्टर काम से लेडी संभाल सके पार्टटाईम / फुलटाईम, रविवार दुकान चालू, रहिवास (पूर्व) :- 9820160637

CORPORATE Gifting Co. At Malad (W) Req. Sales & Back Office Staff (Female pref.) Age: 25-45, BIII, Excel, Good comm. skill. Salary+ Bonus+ Incentive WApp/ Call : 8657455815

SALES Assistant reqd. Graduate with proficiency in English. Computer Literate experience in Microsoft Office 365 with mid proficiency. Exp. 5 years. Apply at Email: biswajit.ghosh@gargi-india.com Gargi Engineering Services, Chembur, Mumbai 400074 Tel: 02225201596/97/2400

अन्य रिक्तियां

एकाधिक रिक्तियां

Ipsit WE ARE HIRING
ENGINEERS
Palghar (West), 3+ Years Exp.
SALES EXECUTIVE
Borivali (West) & Palghar (West) 1+ Years Exp.
TELE-CALLERS
Borivali (West), 1+ Years Exp. (Real Estate Calling Preferred)
For more details, contact us on
+91 98673 53409
+91 77100 40616

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

NBT स्मृति — यादों के चिराग

स्मृति सन्देश

2nd Death Anniversary

Dr. Smt. Sunanda Suresh Nayampalli
04.02.2024

Those we love don't go away, they walk beside us everyday, unseen, unheard, but always near, still loved, still missed and forever dear.

Fondly Remembered by:
Jaidev (Son)
Ujjwala (Daughter-in-law)
Pranav (Gandson)
Padmaja (Daughter)
Divya (Grand Daugher)
Nayampalli, Shirali, Kumble Families

|| श्री राम || श्री राम || श्री राम || श्री राम ||

|| शोक संदेश ||

श्रीमती कनकलता मुरारका
(धर्मपत्नी : स्व.श्री बिहारीलाल मुरारका)
का स्वर्गवास मंगलवार, 03.02.2026 को हो गया है।
-: प्रार्थना सभा :-
मुरुवार, दिनांक 05.02.2026, समय 4 से 6 बजे तक
स्थान : गीता भवन, सुन्दर नगर, एस.वी. रोड, मालाड (पश्चिम), मुंबई 400064.
संपर्क : 98204 27010 / 98330 55681
-: शोकाकुल :-
पुत्र-पुत्रवधू : अरुण-स्व.श्रीमती निलिमा मुरारका
सुबोध-सुमन मुरारका
पौत्र-पौत्रवधू : नियुक्त-संकेता मुरारका
सौरभ-दीपिका मुरारका
पड़पौत्र : मुदित मुरारका
पौत्री-दामाद : सुरभी-अक्षीकजी गुप्ता
दोहित्र-वधू : प्रशांत-सोनिया मित्तल
पुनित-तुली मित्तल
पौहत्र पक्ष (भाई-भाभी) : स्व.श्री गोपाल-पुष्पा लोयलका
हरिश-कृष्णा लोयलका
सुदर्शन-निरजा लोयलका
एवं समस्त मुरारका परिवार
|| श्री राम || श्री राम || श्री राम || श्री राम ||

भावभीनी श्रद्धांजलि

स्व. श्रीमती शकुंतलाबाई चम्पालालजी भंडारी
के दुःखद निधन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि
—✦ श्रद्धावनत ✦—
बहन बहनोई : कुसुम भवरलालजी रांका - बैंगलुरू
भाणेज - बहु : अरूण - रचना, प्रदीप - संगीता
यश - प्रियंका, गौरव - तान्या, शिखा - निल
एवं समस्त रांका परिवार
RANKA GROUP

भावभीनी श्रद्धांजलि

स्व. श्रीमती शकुंतलाबाई चम्पालालजी भंडारी
के दुःखद निधन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि
—✦ श्रद्धावनत ✦—
माता-पिता : स्व. श्रीमती धीरीबाई स्व. श्री जयचंदजी फुटरमलजी बाफना
भाई भाभी : वसंत - दक्षा, अशोक - सर्मिला, किशोर - मीना
बहन-बहनोई : कुसुम भवरलालजी रांका
भतीज-भतीजवधू : अभिषेक - मनाली, निशांत - निधी, समीप - रिचा, ऋषि - आशी, स्व. प्रतीक
भतीजी - जमाई : कोमल - कल्पीतजी पामेसा, नेहा, मेघा एवं समस्त बाफना परिवार सादडी निवासी
JOYO Jewel JOYFUL Jayco

श्री शत्रुंजय भावयात्रा

वात्सल्यमुर्ति
स्व. श्रीमती शकुंतलाबाई चम्पालालजी भंडारी
मलधर में सादडी (राणकपुर) निवासी हाल कांदिवली (ईस्ट) मुंबई, उम्र 75 वर्ष
का अरिहंत शरण दि. 02/02/2026 को हुआ है।
आत्मश्रेयार्थ शत्रुंजय भावयात्रा
सी. टी. छटवानी हॉल, तेली गली, अंधेरी ईस्ट, मुंबई - 400069
दिनांक : बुधवार, 04 फरवरी, 2026
समय: सुबह 10.30 से 12.30 बजे तक रखी गई है।
शोकाकुल परिवार
सास-ससुर : स्व. श्रीमती उमराव बाई - स्व. श्री भीमराजजी भंडारी पति : चम्पालालजी भीमराजजी भंडारी
देवर देवरानी : स्व. अमृतलालजी-कांताबेन, मदनलाल-पुष्पाबाला, दिलीप-भाग्यवंती, स्व. किरणराजजी-कांताबाई
ननंद नन्दोइजी : निर्मला-छगनलालजी धोका, इंदुबाला-प्रकाशजी करवावाला, संगीता-कांतिलालजी मेहता
पुत्र-पुत्रवधु : अजय-दिप्पल पुत्री-जमाई : अनीता-जयेशजी पुनमिया, सुनीता-उदयजी परमार, नीता-श्रीपालजी बम्बोली, जयना-मुकेशजी कांकरीया पौत्र-पौत्री : प्रियम, आयरा, पृथी
भतीज-भतीजवहु : संजय, पंकज-सरोज, जयेश-पुर्वी, चेतन-प्रिती, ललित-शिल्पा, संदिप-मानसी, कल्पेश-पूजा
भतीजी -जमाई : रेखा-मनोजजी, हेमा-हितेशजी, विनीता-अमितजी, कल्पना-संजीवजी, सोनल-सत्रीजी
दोहित्री - दोहित्र : निधि-गौरवजी गांधी, अमन-लब्धि, प्रित-भक्ति, ध्रुव-रुशि, दर्शन, कविश, क्रिश एवं समस्त भंडारी परिवार
पियर पक्ष
माता-पिता : स्व. श्रीमती धीरीबाई - स्व. श्री जयचंदजी फुटरमलजी बाफना
भाई भाभी : वसंत - दक्षा, अशोक - सर्मिला, किशोर - मीना, बहन-बहनोई : कुसुम - भवरलालजी रांका
भतीज-भतीजवधू : अभिषेक - मनाली, निशांत - निधी, समीप - रिचा, ऋषि - आशी, स्व. प्रतीक
भतीजी - जमाई : कोमल - कल्पीतजी पामेसा, नेहा, मेघा एवं समस्त बाफना परिवार सादडी निवासी
श्री शत्रुंजय भावयात्रा - दोनों पक्षों की साथ में रखी गई है।
संपर्क : अजय भंडारी : 9768886141, किशोर बाफना : 9820098381
Valet Parking Available
नोट : इस शत्रुंजय भावयात्रा पश्चात शोक संबंधित सभी कार्यक्रम को पूर्णविराम दिया जाता है।
https://maps.app.goo.gl/5APhoLvozBnoB66x9?g_st=iw

BOOK OBITUARY ADS
To book an Obituary Ad Please contact:
Jiteodra Baricha 9820 137 295 | Jitesh Dominic 9867 407 521
Asif Faridi 9594 343 468
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP5 User: cci Time: 02-03-2026 22:33 Color:

महाराष्ट्र में दूसरी माउंटेन टनल को भी दोनों तरफ खोला गया

इस टनल से एक साथ गुजर सकेंगी अप-डाउन बुलेट ट्रेनें

Priya.Pandey@TimesOfIndia.com

■ **मुंबई:** अब महाराष्ट्र में भी मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के काम में तेजी आई है। मंगलवार को महाराष्ट्र की दूसरी माउंटेन टनल (MTt)को दोनों तरफ से खोल दिया गया। यह ब्रेक थ्रू वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और पालघर के सांसद हेमंत सावरा ने किया। इसमें अप और डाउन दोनों ट्रैक होंगे। यानी टनल से एक साथ आने और जाने वाली ट्रेनें गुजर सकेंगी। टनल न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (NATM) तकनीक से बनी है। इसमें अत्याधुनिक ड्रिल और नियंत्रित ब्लास्ट का उपयोग दोनों छोर से किया गया। यह खुदाई 12 महीने में पूरी की गई है।

NATM तकनीक कठिन बनावट वाली जमीन में इस्तेमाल होती है। यहां सुरंग का आकार एक जैसा नहीं होता। पालघर जिले का कुछ इलाका ऐसा ही है। यहां सुरंग खोदने वाली बड़ी मशीनें हमेशा सही साबित नहीं होतीं। इसमें शॉटक्रेटिंग (कंक्रीट की परत), रॉक बोल्ट और स्टीस गार्डों चुन करके सुरंग को मजबूत किया जाता है।

वैतरणा नदी पर बन रहा सबसे लंबा ब्रिज : वैतरणा नदी पर बन रहा सबसे लंबा पुल पिचर लेवल तक पहुंच चुका है। उल्हास और जनवी जैसी बड़ी नदियों पर भी नींव का काम जारी है। बड़े राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों को पार करने के लिए लंबे स्टील ब्रिज बनाए जा रहे हैं। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स से शिलफाटा के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग बन रही है। 2 जनवरी को महाराष्ट्र के पहले माउंटेन टनल-S का ब्रेक थ्रू हुआ था, जो 7 माउंटेन टनलों में सबसे बड़ी है।

महाराष्ट्र में भी तेज हुआ मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का काम

बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट
कुल लंबाई 508 Km
कुल टनल की लंबाई 27.4 Km
जमीन के नीचे 21 Km

महाराष्ट्र में टनलों की स्थिति
तीन टनलों का महत्वपूर्ण चरण पूरा

पहली	दूसरी	तीसरी
सुरंग 5 Km	माउंटेन टनल 1.48 Km	माउंटेन टनल 454 मीटर
बीकेसी सितंबर 2025	विरार 2 जनवरी 2026	डहाणू 3 फरवरी 2026

माउंटेन टनल की कुल संख्या: 8
महाराष्ट्र 7 — 6.5 किमी
गुजरात 1 — 350 मीटर





ब्रेक थ्रू के दौरान अंदर से ऐसी दिख रही है टनल, छोटी मशीनों का किया जा रहा है इस्तेमाल

पालघर फास्टेस्ट ब्रोइंग जिला बन रहा है। कुछ समय से कई योजनाओं पर काम हुआ है। इसी बीच बुलेट ट्रेन के माउंटेन टनल ब्रेक थ्रू ने इसमें चार चांद लगा दिए हैं। *-हेमंत सावरा, एमपी, पालघर*

महाराष्ट्र में 1 महीने में दूसरा माउंटेन टनल ब्रेक थ्रू अफले-आप में उपलब्धि है। कई साल से उद्धव ठाकरे की सरकार के दौरान रुका हुआ काम भी अब महाराष्ट्र में तेजी से पूरा किया जा रहा है। अगले साल बुलेट ट्रेन का पहला चरण बिलिमोरा से सूरत के बीच चलाया जाएगा। *- अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल मंत्री*

दादर मर्डर: रूममेट गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** दादर पुलिस ने झगड़े के बाद अपने रूममेट की गला घोंटकर कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में 21 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी उत्तर प्रदेश निवासी वीरेंद्र पाल (21) मृतक अंशु वर्मा (18) के साथ प्रभादेवी में एक किराए के कमरे में रहता था। दोनों दादर (पश्चिम) में मसरानी पाटील और उनके बेटे अक्षय पाटील द्वारा संचालित एक चाय की दुकान पर काम करते थे।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता अक्षय पाटील (26) ने बताया कि शनिवार रात उसके दोस्त राहुल गवड़े ने फोन कर सूचना दी कि अंशु ने शराब पी रखी थी और वह दादर के आमगर नगर गेट के पास जमीन पर पड़ा मिला। गवड़े अंशु को कमरे पर ले आया, जहां कुछ देर बाद अक्षय पाटील भी पहुंचा। अंशु को सोता देख वह रात्रिगिरी स्थित अपने पैतृक गांव निकल गया।

हत्या का मामला दर्ज: रविवार सुबह अंशु को कई बार जगाने के बावजूद वह नहीं जगा। उसे केईएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के चेहरे पर चोट के निशान और गर्दन के चारों ओर लालिमा पाई, जो पहले मैन्युट नहीं थे। प्रारंभिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में अंशु की मौत गला घोंटने से होने की पुष्टि हुई। पूछताछ के दौरान वीरेंद्र पाल ने कबूल किया।



लाडली बहन योजना अजित के नाम करने की मांग

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** एनसीपी विधायक अमोल मिटकरी ने मंगलवार को मांग की कि महाराष्ट्र सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना का नाम बदलकर दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नाम पर रखा जाए। उन्होंने यह मांग मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से की है। एनसीपी नेता ने कहा कि अजित दादा राज्य की महिलाओं के चहेते भाई थे। अपनी यात्राओं के दौरान जब वे राज्य भर में जाते थे, तो उनकी कलाई राखियों से भरी रहती थी। राज्य सरकार अगर इस योजना का नाम 'अजित दादा लाडली बहन योजना' रखे, तो यह उनके प्रति एक सम्मानजनक श्रद्धांजलि होगी।

> एनसीपी एमएलसी अमोल मिटकरी ने की मुख्यमंत्री से मांग

जातिगत टिप्पणी पर बिल्डर के खिलाफ केस

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** गोवंडी पुलिस ने मुंबई के बिल्डर सुशील रहेजा के खिलाफ जातिगत दुर्व्यवहार का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोप है कि रहेजा ने अपने कार्यालय में कार्यरत एक चपरासी के साथ अपमानजनक और जातिसूचक टिप्पणी की। यह घटना चेंबूर स्थित उनके कार्यालय में हुई।

पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता चेंबूर के टी. सी. जी. गिडाणी रोड पर स्थित रहेजा के कार्यालय में चपरासी के रूप में काम करता है। शिकायत के अनुसार, घटना के समय कार्यालय में एक बैठक चल रही थी और युवक को दस्तावेजों को रेटफल कर व्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया था। काम के दौरान उससे कथित तौर पर एक छोटी गलती हो गई, जिस पर आरोपी नाराज हो गया।

पीड़ित मानसिक रूप से आहत: शिकायत में कहा गया है कि गुस्से में रहेजा ने पहले युवक के साथ गाली-गलौज की और बाद में कथित तौर पर जातिसूचक टिप्पणी की। पीड़ित का आरोप है कि इस व्यवहार से वह मानसिक रूप से आहत हुआ। घटना के बाद युवक ने गोवंडी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर की जाएगी।

मुंबई और MMR के प्रदूषण को रोकने के लिए HC ने बनाई HPC

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** वायु प्रदूषण के चलते लगातार बिगड़ते शहर की वायु गुणवत्ता को सुधारने में अथॉरिटी की विफलता पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने हाई पावर कमिटी (HPC) गठित की है। यह कमिटी हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस अमजद सैयद और पूर्व जस्टिस अनूप प्रभुदेसाई की अगुवाई में काम करेगी। कोर्ट ने राज्य सरकार को कमिटी को कामकाज के लिए सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। यह कमिटी साल में एक बार सुनवाई के लिए बैठेगी। एक बैठक के लिए कमिटी को बीएमसी को एक लाख रुपये शुल्क के तौर पर भुगतान करना होगा। पिछली सुनवाई के दौरान कमिटी के गठन का सुझाव सामने आया था, क्योंकि मुकदमों की भरमार के चलते अदालत के लिए इसकी निगरानी कर पाना संभव नहीं था।



हिमाचल प्रदेश के पूर्व चीफ जस्टिस अमजद सैयद और पूर्व जस्टिस अनूप प्रभुदेसाई कमिटी में होंगे

चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर की बेंच ने स्पष्ट किया है कि कमिटी के संबंध में दिए गए निर्देश की अनदेखी अदालत के आदेश की अनदेखी मानी जाएगी। कमिटी को 5 मार्च को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। कमिटी प्रदूषण के संबंध में दिए गए निर्देशों के अमल की स्थिति सुनिश्चित करेगी। बीएमसी के डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर (पर्यावरण) एजवीसी के साथ नोडल अधिकारी के तौर पर काम करेंगे। कमिटी के पास प्रदूषण के मुद्दे पर सुझाव के लिए एक्सपर्ट से सुझाव लेने की छूट होगी। वह प्रदूषण से जुड़ी साइट का दौरा भी कर सकेंगी।

दिल्ली जाएंगी सुनेत्रा पवार!

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** दोनों एनसीपी के विलय और अजित पवार की एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर राज्य की सियासत का पारा चढ़ा हुआ है। इस बीच उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के दिल्ली दौरे की खबर है। बताया जा रहा है कि वे वहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगी। चर्चा है कि यह दौरा केवल शिष्टाचार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, सत्ता संतुलन और आने वाली रणनीति को लेकर गहन चर्चा की संभावना है।

पीएम मोदी और अमित शाह से करेंगी मुलाकात

अजित पवार के निधन के बाद राज्य की राजनीति में जो रिक्तता पैदा हुई है, उसे लेकर केंद्र और राज्य स्तर पर मंथन किया जा रहा है। इस लिहाज से सुनेत्रा पवार का यह दिल्ली दौरा राजनीतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह मुलाकात न सिर्फ महाराष्ट्र सरकार की स्थिरता के लिहाज से महत्वपूर्ण है, बल्कि आने वाले दिनों में सत्ता समीकरण किस दिशा में जाएंगे, इसका संकेत भी दे सकती है। इस मुलाकात के जरिए केंद्र और महाराष्ट्र के बीच समन्वय को नई मजबूती मिल सकती है। साथ ही अजित पवार की राजनीतिक विरासत और उनके समर्थकों की भूमिका को लेकर भी राजनीतिक चर्चा संभव है।

इंफ्रा, इंडस्ट्री के लिए भूमि अधिग्रहण तेज करेगी सरकार

■ **NBT रिपोर्ट , मुंबई :** महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास के लिए बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण का काम चल रहा है। इसमें कई जगह से देरी भी हो रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निर्देश दिया कि इंफ्रा प्रोजेक्ट और इंडस्ट्री के लिए भूमि अधिग्रहण के काम में तेजी लाई जाए। फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में औद्योगिक निवेश की जबरदस्त मांग है और MIDC को उद्यमियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक लाख एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए, जिससे जमीन मालिकों को असुविधा न हो। मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में मंगलवार को महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (MIDC) और महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (MSRDC) की विभिन्न परियोजनाओं के लिए चल रहे भूमि अधिग्रहण की समीक्षा की। इस बैठक में राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि औद्योगिक विकास के लिए विभिन्न विभागों के पास कुल 5969 एकड़ जमीन उपलब्ध है, जबकि अतिरिक्त 20431 एकड़ जमीन का नए सिरे से अधिग्रहण किया गया है।

> ■ राज्य में 1 लाख एकड़ जमीन अधिग्रहण का लक्ष्य
> ■ MIDC और MSRDC की समीक्षा बैठक में सीएम का निर्देश

पुरंदर एयरपोर्ट बनाया जाएगा: फडणवीस

पुणे शहर की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पुरंदर एयरपोर्ट बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने निर्देश दिया कि एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहण का काम महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डिवेलपमेंट कॉर्पोरेशन के जरिए तय समय-सीमा में पूरा किया जाए।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP6 User: cci Time: 02-03-2026 23:00 Color:

ठाणे की इमारत में लगी आग, दो झुलसे

■ NBT न्यूज, ठाणे: ठाणे शहर में मंगलवार की तड़के 18 मंजिला निवासीय इमारत में लगी आग में दो सीनियर सिटीजन झुलस गए। घटना में 70 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित बचाया गया। घायल सविता देशमुख (74) और विवेक प्रधान (62) का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। दोनों की हालत स्थिर बताई गई है। लोगों के तुरंत रिस्पॉन्स और समय पर रेस्क्यू ऑपरेशन की वजह से एक बड़ी घटना होने से टल गई। आग लगने के कारणों की जांच जारी है। करीब सवा घंटे बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया।

70 लोगों को किया गया रेस्क्यू

ठाणे मनपा डिजास्टर सेल के मुताबिक शास्त्री नगर स्थित मिलन हिल बिल्डिंग की 10 वीं मंजिल पर तड़के सवा 4 बजे आग लगने की खबर मिली। 10वीं मंजिल पर इलेक्ट्रिक डक्ट में लगी आग 13वीं मंजिल तक फैल गई, जिससे इमारत में घना धुआं भर गया। धुएं की वजह से इमारत के अंदर विजिबिलिटी बहुत कम हो गई, जिससे 70 से ज्यादा लोग अपने फ्लैट में फंस गए थे। घटना में 10वीं मंजिल पर स्थित दोनों फ्लैट का मुख्य दरवाजा पूरी तरह जल गया। धुएं और आग की गर्मी की वजह से कई लोग बाहर नहीं निकल पाए। घर के भीतर फंसे लोगों को फायर ब्रिगेड और डिजास्टर मैनेजमेंट सेल कर्मियों ने सुरक्षा उपायों का इस्तेमाल करके बिल्डिंग के अलग-अलग हिस्सों में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

डिजास्टर सेल के मुख्य अधिकारी यासीन तड़वी ने बताया कि जख्मी दोनों को नीचे उतारते समय दीवारों के गर्म होने की वजह से उनके हाथ झुलस गए।

महापौर पद के चयन को लेकर रही गहमा-गहमी, उत्साहित दिखे पार्टी के कार्यकर्ता

5 मनपाओं को मिले महापौर-उपमहापौर

डिंपल मेहता ने दूसरी बार मीरा-भाईंदर का महापौर बनकर रच दिया इतिहास

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर

तीसरी बार नगरसेविका निर्वाचित हुईं डिंपल मेहता ने दूसरी बार मीरा-भाईंदर महानगरपालिका के महापौर पद पर आसीन होकर इतिहास रच दिया है। वे महानगरपालिका के इतिहास में दूसरी बार महापौर बनने वाली पहली नगरसेविका बन गई हैं। इससे पहले अब तक कोई भी जनप्रतिनिधि दो बार इस पद तक नहीं पहुंच सका था।

वहीं, लगातार छठी बार नगरसेवक चुने गए ध्रुवकिशोर पाटिल के सिर उपमहापौर का ताज सजा। महापौर और उपमहापौर पद की चुनाव प्रक्रिया महानगरपालिका मुख्यालय के सभागृह में संपन्न हुई। इस दौरान पीठासीन अधिकारी के रूप में सौरभ कटियार उपस्थित थे।

इस चुनाव में एक निर्दलीय सहित बीजेपी के 79 नगरसेवक और कांग्रेस-शिवसेना की संयुक्त 'मीरा-भाईंदर विकास आघाडी' के 16 नगरसेवक शामिल हुए। महापौर पद के लिए मैदान में उतरीं डिंपल ने बहुमत से जीत दर्ज की।

वहीं विकास आघाडी की उम्मीदवार रुबीना शेख को 16 मतों पर संतोष करना पड़ा। उपमहापौर पद पर भी ध्रुवकिशोर पाटिल का चुनाव इसी मतसंख्या से निर्विरोध रूप से संपन्न हुआ। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद बीजेपी विधायक नरेंद्र मेहता ने सभागृह में उपस्थित होकर नवनिर्वाचित महापौर और उपमहापौर का स्वागत किया।

दिवंगत अजित पवार को श्रद्धांजलि नहीं दिए जाने से दिखी नाराजगी

इस दौरान कांग्रेस नगरसेवक अनिल सावंत ने राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत अजित पवार को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शोक प्रस्ताव रखने की मौखिक मांग पीठासीन अधिकारी सौरभ कटियार के समक्ष रखी। हालांकि पीठासीन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि शोक प्रस्ताव पारित होने के बाद चुनाव प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जा सकती। इस निर्णय को लेकर कांग्रेस, शिवसेना नगरसेवकों सहित अजित पवार समर्थकों ने नाराजगी जताई। पूर्व प्रतिपक्ष नेता आसिफ शेख ने कहा कि श्रद्धांजलि नहीं दिए जाने से समर्थकों की भावनाएं आहत हुई हैं।

मेहता परिवार के नाम नया रेकॉर्ड

मीरा-भाईंदर महानगरपालिका के इतिहास में मेहता परिवार के नाम एक नया रेकॉर्ड दर्ज हो गया है। डिंपल मेहता के महापौर बनते ही विधायक नरेंद्र मेहता और डिंपल मेहता मिलकर तीसरी बार महापौर पद तक पहुंचे हैं। इससे पहले यह उपलब्धि पूर्व विधायक गिल्बर्ट मेंडोंसा के परिवार के नाम थी, जिनकी पत्नी मायरा मेंडोंसा और बेटी कैटलिन परेरा दो बार महापौर बनी थीं। इस तरह मेहता परिवार ने महापौर पद पर नया इतिहास रच दिया है।

'एकीकरण समिति' का आंदोलन बेअसर

मराठी भाषी महापौर की मांग को लेकर मराठी एकीकरण समिति ने आंदोलन की चेतावनी दी थी। इसी क्रम में मंगलवार को समिति के सदस्य और समर्थक भाईंदर पश्चिम स्थित सुभाषचंद्र बोस मैदान के पास एकत्र हुए। हालांकि, आंदोलनकारियों की संख्या काफी कम रही। पुलिस प्रशासन ने पहले से ही व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी, इसलिए आंदोलन प्रभावहीन साबित रहा।

ठाणे मनपा के लिए महापौर और उप महापौर का निर्विरोध हुआ चयन

■ अनिल कुमार शुक्ला, ठाणे: मंगलवार को ठाणे मनपा के महापौर और उप महापौर पद का निर्विरोध चयन संपन्न हुआ। शिवसेना शिंदे गुट की शर्मिला पिंपोलकर-गायकवाड के महापौर और BJP के कृष्णा पाटील के उप महापौर पद की अधिकृत घोषणा हुई। इसके बाद कृष्णा पाटील ने उप महापौर कार्यालय में जाकर पदभार संभाला। इस दौरान जिलाधिकारी डॉक्टर श्रीकृष्ण पांचाल बतौर पीठासीन अधिकारी तथा मनपा सचिव मनीष जोशी मौजूद थे।

शिवसेना की शर्मिला बनीं महापौर, उप महापौर कृष्णा पाटील ने संभाला पद

ठाणे मनपा का कार्यकाल 6 मार्च 2022 को खत्म हुआ था और उसके बाद प्रशासकीय कामकाज चल रहा था। मंगलवार को 3 वर्ष 10 माह के बाद मनपा से प्रशासकीय कामकाज खत्म हुआ।

अभी पदभार ग्रहण नहीं करने के बारे में पूछे जाने पर शर्मिला ज्यादा कुछ कहने से बचीं और कहा कि उपमुख्यमंत्री शिंदे और पार्टी के नेताओं के मार्गदर्शन में अच्छा काम करेंगी। मनपा मुख्यालय से जुलूस निकाला गया था, जिसमें खुली जीप में महापौर शर्मिला सवार थीं। बताया गया है कि एकनाथ शिंदे वर्तमान में कोंकण दौरे पर हैं और उनकी अनुपस्थिति में शर्मिला ने महापौर की कुर्सी पर बैठना उचित नहीं समझा। शर्मिला उनकी मौजूदगी में ही पदभार ग्रहण करेंगी।

KDMC में शिवसेना की हर्षाली बनीं महापौर

■ अरविंद त्रिपाठी, कल्याण: कल्याण-डोंबिवली मनपा (केडीएमसी) को निर्विरोध तरीके से चुने गए महापौर और उपमहापौर मिल गए हैं। शिवसेना की हर्षाली विजय चौधरी को केडीएमसी का महापौर जबकि राहुल वसंत दामले को उपमहापौर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। दोनों का कार्यकाल ढाई वर्ष का होगा।

महापौर और उपमहापौर पद के लिए चुनाव प्रक्रिया महानगर पालिका मुख्यालय में आयोजित विशेष महासभा बैठक में पूरी की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुंबई शहर की जिलाधिकारी एवं पीठासीन अधिकारी आंचल गोयल ने की। निर्विरोध निर्वाचन के साथ ही वर्ष 2020 से जारी प्रशासकीय शासन का औपचारिक रूप से अंत हो गया। महापौर हर्षाली ने कहा कि जनता ने जो विश्वास उन पर जताया है, उसे वे टूटने नहीं देंगी। उपमहापौर राहुल ने कहा कि मिल-जुलकर काम करने से ही विकास होगा।

कोविड-19 महामारी के दौरान निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से केडीएमसी प्रशासनिक नियंत्रण में थी।

2 लापता नगरसेवक लौटे: लापता बताए गए शिवसेना (यूबीटी) के चार नगरसेवकों में से दो अपने घर लौट आए हैं। इनमें से नगरसेविका कीर्ति ढोणे बैठक में उपस्थित रहीं, जबकि तीन अन्य सदस्य विशेष सभा में शामिल नहीं हुए।

'और योजनाएं लाई जाएंगी': सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि उपमुख्यमंत्री शिंदे ने ठाणे जिले की प्रमुख मनपाओं में बिना आरक्षण के भी महिलाओं को महापौर पद का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में महिलाओं के लिए और भी कल्याणकारी योजनाएं लाई जाएंगी।

तुर्भे के स्काईवॉक में लगी आग से अफरातफरी

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: तुर्भे नाका स्थित हुंडई शोरूम के सामने बने स्काईवॉक के नीचे मंगलवार शाम अचानक आग लग गई। आग लगने की घटना के समय स्काईवॉक से गुजर रहे नागरिकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग अपनी जान बचाकर वहां से भागते नजर आए। स्काईवॉक के नीचे बड़ी मात्रा में भंगार का सामान रखा हुआ था, जिसमें अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग बढ़ गई और उसकी लपटें स्काईवॉक तक पहुंच गई, जिससे पुल को भी नुकसान पहुंचा है।

कोई जनहानि नहीं, चंद मिनटों में दमकल विभाग की टीम ने पाया काबू



सुरक्षा के मद्देनजर स्काईवॉक पर पैदल यात्रियों की आवाजाही तुरंत बंद कर दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि आग कैसे लगी, इसका कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच की जा रही है। इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की कोई जन हानि नहीं हुई है।

पाटील बने वसई-विरार के महापौर

■ सुरेंद्र नेगी, विरार: वसई-विरार मनपा मुख्यालय के सभागृह में मंगलवार को बहुजन विकास आघाडी के अजीव पाटील वसई-विरार मनपा के मेयर चुने गए। वहीं, बविआ के मार्शल लोपिस को डिप्टी मेयर का पद दिया गया। पाटील ने बीजेपी की एडवोकेट दर्शना त्रिपाठी को 27 वोटों से हराया। इसी तरह बविआ के मार्शल लोपिस ने डिप्टी मेयर के पद के लिए बीजेपी के नारायण मांजरेकर को हराया।

मंगलवार दोपहर मनपा मुख्यालय के सभागृह में मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए चुनाव हुआ। 115 सीटों वाली वीवीएमसी में बहुजन विकास आघाडी के 71 सदस्य हैं, जबकि महायुति के पास 44 सदस्य हैं। चुनाव बिना किसी विरोध के न हो, इसके लिए बीजेपी ने मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए नामांकन भरा था। मेयर पद के लिए बविआ से अजीव पाटील, प्रफुल्ल साने और निषाद चोरघे ने नामांकन भरा था। वहीं, बीजेपी से एडवोकेट दर्शना त्रिपाठी ने नामांकन भरा था। मेयर चुनाव से पहले बविआ से प्रफुल्ल साने और निषाद चोरघे ने नाम वापस ले लिया।

उल्हासनगर की मेयर बनीं शिवसेना की अश्विनी

■ अरविंद त्रिपाठी, उल्हासनगर: उल्हासनगर की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। वर्षों तक एक-दूसरे के घोर राजनीतिक विरोधी रहे पप्पू कालानी गुट और बीजेपी एक बार फिर साथ आकर उल्हासनगर मनपा की सत्ता का हिस्सा बन गए हैं। मंगलवार को इस सियासी गठजोड़ पर औपचारिक मुहर, तब लगी जब शिवसेना की ओर से अश्विनी कमलेश निकम को महापौर और भाजपा के अमर लुंड को उपमहापौर पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। अश्विनी निकम ने शिवसेना के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ा था, लेकिन वे टीम ओमी कालानी (TOK) का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसका नेतृत्व कालानी परिवार करता है। उनके खिलाफ कोई अन्य नामांकन न होने के कारण वे निर्विरोध महापौर चुनी गईं।

इसी तरह बीजेपी के नगरसेवक अमर लुंड भी उपमहापौर पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस तरह शिवसेना और भाजपा के बीच सत्ता साझा करने की औपचारिक व्यवस्था तय हो गई। मनपा चुनाव में कांटे की टक्कर देखने को मिली थी। शिवसेना ने अपनी सहयोगी साईं पार्टी और निर्दलीयों से मिलकर कुल 38 सीटें हासिल कीं।

मुंबई एयरपोर्ट पर दो विमानों के विंग टकराए

■ पेज 1 से आगे

घटना के तुरंत बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दोनों विमानों को आगे की तकनीकी जांच के लिए ग्राउंड कर दिया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतार लिया गया और ग्राउंड स्टाफ द्वारा उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई। एयर इंडिया और इंडिगो ने एक बयान में कहा कि यात्रियों और क्रू की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस घटना की सूचना विमानन नियामक DGCA को दे दी गई। DGCA की टीम मौके पर जांच कर रही है और घटना के कारणों का पता लगा रही है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, समय रहते सावधानी बरतने से बड़ा हादसा टल गया।

शब-ए-बारात पर कब्रिस्तानों में जाकर पूर्वजों को किया याद

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शब-ए-बारात के मौके पर मुंबई और आसपास के इलाकों में आस्था और इबादत का माहौल देखने को मिला। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस पाक रात में अपने दिवंगत पूर्वजों को याद किया और उनके लिए दुआ-ए-मगफिरत की।

देर रात तक इबादत करते दिखे लोग

त्योहार को लेकर पहले से ही व्यापक तैयारियां की गई थीं। शहर के विभिन्न कब्रिस्तानों की विशेष साफ-सफाई कराई गई थी और उन्हें रोशनी से सजाया गया था। कुर्ला और मुंब्रा सहित कई इलाकों के कब्रिस्तानों में शाम ढलते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अपने पूर्वजों की कब्रों पर फूल चढ़ाते और दुआ करते नजर आए। घरों में परंपरा के अनुसार हलवा बनाया गया और फातिहा की रस्म अदा की गई। बड़ी संख्या में लोग पूरी रात जागकर इबादत में मशगूल रहे। मस्जिदों में नमाज अदा की गई और कुरान पाक की तिलावत का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस पाक रात को 'इबादत की रात' के रूप में भी मनाया जाता है और जाग कर इबादत की जाती है।

भिवंडी: बेटा नहीं होने पर दी महिला को प्रताड़ना

AI image



■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी के कटवड़ इलाके से एक बेहद परेशान करने वाली घटना सामने आई है। तीन बेटियां होने के कारण बेटे की चाहत में पति, उसकी कथित प्रेमिका और ससुराल वालों ने महिला को प्रताड़ित किया। पीड़िता के चरित्र पर संदेह कर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। अंततः तीनों बेटियों के साथ घर से उसे निकाल दिया गया। 35 वर्षीय पीड़ित महिला की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में चार लोगों पति प्रकाश कांबले, सास विजयमाला कांबले, ननद कल्पना जाधवारे और प्रकाश की कथित प्रेमिका के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित महिला का विवाह 20 अक्टूबर 2022 को प्रकाश कांबले के साथ हुआ था।

पति समेत चार लोगों पर मामला हुआ दर्ज

महिला से की गई मारपीट: पुलिस के अनुसार शादी के बाद महिला को तीन बेटियां हुईं। इसी बात को लेकर सभी आरोपी आपस में मिलकर उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोपियों ने पीड़िता से कहा कि उन्हें बेटा चाहिए, इसलिए तुम प्रकाश को उसकी प्रेमिका के साथ दूसरी शादी करने की अनुमति दो। महिला की अनुमति न मिलने पर उसके चरित्र पर शक किया गया और उसे बेरहमी से पीटा गया। हद तो तब हो गई जब 12 जनवरी को आरोपियों ने पीड़िता को उसकी तीनों मासूम बेटियों के साथ घर से बाहर निकाल दिया। ससुराल वालों के निरंतर अत्याचार से तंग आकर पीड़ित महिला ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद 2 फरवरी को चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

नालासोपारा में तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

■ NBT न्यूज, नालासोपारा: गौराई पाडा इलाके में सोमवार को एक चार वर्षीय मासूम की तालाब में डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि तालाब में गेट नहीं होने की वजह से यह हादसा हुआ है। फिलहाल वालीव पुलिस एडीआर के तहत मामले की जांच कर रही है।

गौराई पाडा स्थित जीवन नगर, मां विंध्यवासिनी चॉल निवासी विवेक शुक्ला (4) अपने माता-पिता के रहता था। सोमवार दोपहर को वह बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह घर से कुछ दूर स्थित तुलसी माता तालाब में चला गया और वह पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला गया।

बताया जा रहा है कि तालाब के चार ओर सेफ्टी दीवार व गेट नहीं होने की वजह से यहां अक्सर हादसे होते हैं, इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। फिलहाल वालीव पुलिस एडीआर के तहत मामले की जांच कर रही है।

भिवंडी मनपा में बकाया संपत्तिकर वसूली के लिए नई 'अभय योजना' लागू

2025 से जनवरी 2026 तक 65 करोड़ रुपये की वसूली

■ विजयकुमार सिंह, भिवंडी: भिवंडी मनपा क्षेत्र में बकाया संपत्तिकर की वसूली हमेशा कम होने के कारण विवादों में रही है। इस बकाया राशि को वसूलने के लिए मनपा प्रशासन ने एक बार फिर ब्याज में 100 प्रतिशत छूट देने वाली 'अभय योजना' शुरू की है, जो वित्तीय वर्ष के अंत यानी 31 मार्च तक प्रभावी रहेगी। मनपा आयुक्त अनमोल सागर के मार्गदर्शन में मनपा कर्मियों ने अप्रैल 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच 65 करोड़ रुपए की संपत्ति कर वसूल करने में सफलता प्राप्त की है। पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में केवल 46 करोड़ रुपए की वसूली हुई थी। यानी इस बार वसूली में 19 करोड़ रुपए की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह उपायुक्त (संपत्तिकर) बालकृष्ण क्षीरसागर ने दी है।

बता दें कि नवंबर 2025 में तीन चरणों वाली अभय योजना लागू की गई थी, जिसमें 7 नवंबर से 30 नवंबर तक ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट दी गई थी। जिसमें 25.64 करोड़ रुपए की वसूली हुई है। इसी तरह दूसरे चरण (75 प्रतिशत की छूट दी गई थी, जिसमें 13.13 करोड़ रुपए की वसूली हुई है। इस प्रकार अब तक कुल 38.77 करोड़ रुपए जमा हुए हैं, जिसमें 26,674 संपत्ति धारकों को 7.71 करोड़ रुपए ब्याज में छूट दी गई है। दिसंबर और जनवरी के दौरान मनपा चुनाव के कारण वसूली की गति कुछ धीमी हो गई थी। इसके अलावा आगामी 15 दिनों में रमजान का महीना शुरू होने वाला है। जिससे वसूली प्रभावित हो सकती है। बालकृष्ण क्षीरसागर ने बताया कि इसी ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने ब्याज पर मिलने वाली 50 प्रतिशत की छूट को बढ़ाकर अब 100 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है।

'संपत्ति कर न देने वालो के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई'

उपायुक्त बालकृष्ण क्षीरसागर ने बताया कि शहर के विकास के लिए संपत्तिकर की वसूली जरूरी है। इस निधि का इस्तेमाल लोगों को नागरिक सुविधाएं देने के लिए किया जाता है। लेकिन संपत्तिकर न देने से शहर का विकास रुक सकता है, जिससे नागरिक सुविधाएं प्रभावित हो सकती हैं। इसलिए संपत्ति मालिकों के लिए संपत्तिकर देना जरूरी है। मार्च के बाद संपत्तिकर न देने वाले संपत्ति मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि मनपा प्रशासन इसमें कोई कोताही नहीं बरतेगा। उन्होंने बताया इस वित्तीय वर्ष में 31 जनवरी तक 55,483 संपत्ति मालिकों ने 65.17 करोड़ रुपए संपत्तिकर जमा किया है, जिसमें प्रभाग क्रमांक-3 सबसे ऊपर है, जहां 15.65 करोड़ रुपए संपत्तिकर जमा हुए हैं।

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड

निविदा हेतु आमंत्रण - MRVC-W-E-CR-GS-2026

(सिंगल स्टेज दो लिफाफा ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर प्रक्रिया)

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लि., कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन भवन, मुंबई-400020 द्वारा, "MUTP-IIIA के तहत सेंट्रल रेलवे के मुंबई डिवीजन में कल्याण से बदलापुर स्टेशन तक मौजूदा सेक्शन पर इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं देने के लिए विठ्ठलवाड़ी, उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर स्टेशनों और इमारतों पर इलेक्ट्रिकल (जनरल सर्विसेज) का कार्य" हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के विवरण तथा निविदा दस्तावेज आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। वेबसाइट www.ireps.gov.in पर परिपूर्ण ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 04.03.2026 को दोपहर 15:00 बजे तक है। शुद्धिपत्र, यदि कोई है, केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जाएगा।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

बैंक ऑफ इंडिया, स्टार हाउस, सी-5, जी-ब्लॉक, तीसरी मंजिल, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा, मुंबई-400 051

ऋण के अधिकार की बिक्री संबंधी विज्ञापन

बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा दबावग्रस्त ऋण खातों के हस्तांतरण के लिए जारी वर्तमान दिशानिर्देशों के आधार पर ऋण अधिकार हस्तांतरण के लिए पात्र एआरसी/एनबीएफसी/अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ("पात्र प्रतिभागी") से निम्नलिखित खातों में इक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट ("ईओआई") आमंत्रित करता है।

(₹ करोड़ में)

क्र.	ऋणकर्ता का नाम	पुस्तक बकाया राशि	आरक्षित मूल्य
1.	एंट्रिक्स डायमंड्स एक्सपोर्टर्स प्राइवेट लिमिटेड	87.12	7.64
2.	झावर इंटरनेशनल	33.10	1.87

यह हस्तांतरण भारतीय रिजर्व बैंक/नियामकों द्वारा जारी लागू नियमों के अधीन रहेगा और ई-नीलामी के माध्यम से "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है के आधार पर तथा "बिना किसी जवाबदेही के" किया जाएगा।

इच्छुक निवेशकों (जो पात्र है) से अनुरोध है कि वे हमारी वेबसाइट www.bankofindia.bank.in पर "इक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट" कॉलम के अंतर्गत देख सकते है।

दिनांक : 04.02.2026 स्थान: मुंबई

पश्चिम मध्य रेल

"पश्चिम मध्य रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा जारी की गई निम्न निविदाओं के लिए कृपया http://ireps.gov.in वेबसाइट पर देखें।

निविदा सं.: एसपीटी/सीटी2026511, निविदा मूल्य (रू.): ₹19.38 करोड़, अर्नेस्ट मनी (रू.): ₹ 20 लाख, निविदा खुलने की तारीख: 09.03.2026 15:30 hrs.

क्र.सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा
1	थिक वेब स्विच, वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग, पीएससी स्लीपर और सभी फास्टनिंग के साथ 1:12 कैंटेड टर्नआउट की डिजाइनिंग, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना और फील्ड परीक्षण, लॉन्ग रेल, भारतीय रेलवे मानक (आईआरएस) प्रकार के प्वाइंट के साथ संगत बैक ड्राइविंग असेंबली आईआर पर मशीन, जिसमें प्वाइंट मशीन, रॉडिंग और क्लैंप लॉक को छोड़कर, पूरी व्यवस्था के साथ आवश्यकतानुसार सभी फिटिंग, फास्टनिंग, फिक्सचर, स्ट्रेचर बार आदि शामिल हैं, जो आरडीएसओ द्वारा जारी निर्धारित आवश्यकताओं यानी कार्यात्मक आवश्यकताओं और विशिष्टताओं को पूरा करते हैं और कार्य करते हैं। निम्नलिखित तीन प्रकार की वस्तुओं के लिए लागू फील्ड परीक्षण:-	-
1(अ)	कैंटेड टर्नआउट्स हाय्वर्जिंग लाइन पर 45 किमी प्रति घंटे की गति क्षमता के लिए उपयुक्त हैं। (यह अनिवार्य है कि ऐसे कैंटेड टर्नआउट बिछाने के लिए यार्ड लेआउट में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए यानी कैंटेड टर्नआउट मौजूदा यार्डों के लिए अनुकूल होना चाहिए। क्रॉसओवर के मामले में, केंद्र से केंद्र की दूरी 5.3 मीटर होगी।)	30 सेट
1(ब)	कैंटेड टर्नआउट्स डायवर्जिंग लाइन पर 50 किमी प्रति घंटे की गति क्षमता के लिए उपयुक्त हैं।	15 सेट
1(स)	कैंटेड टर्नआउट्स डायवर्जिंग लाइन पर 55 किमी प्रति घंटे की गति क्षमता के लिए उपयुक्त हैं।	5 सेट

नोट:- उपरोक्त 1(ब) और 1(स) के लिए, गति क्षमता को समायोजित करने के लिए, कैंटेड टर्नआउट की त्रिज्या, टर्नआउट और क्रॉसओवर की लंबाई और ट्रैक की वांछित सी/सी दूरी में बदलाव की आवश्यकता का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जायेगा। रेलवे की ओर से आवश्यक कार्रवाई एवं निर्णय का प्रस्ताव। उप मुख्य इंजीनियर/रेल पथ आपूर्ति, प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड

(पूर्व में इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड)

रेयर अर्थ्स डिवीजन, कोचिन, केरल, ईमेल: purchase-redi@irel.co.in

सीआईएन: U15100MH1950GOI008187

An ISO 9001:2015, ISO 14001:2015 और ISO 45001:2018 कंपनी

निविदा सूचना

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड, रेयर अर्थ्स डिवीजन, उद्योगमंडल, निम्नलिखित वस्तु/कार्य विवरण के लिए निविदा आमंत्रित करता है।

वस्तु/कार्य विवरण	जीईएम (Gem) पोर्टल पर निविदा की उपलब्धता
कास्टिक सोडा लाई की खरीद	05.02.2026 (जीईएम (Gem) पोर्टल पर)
एलपीजी प्लांट की क्षमता वृद्धि	04.02.2026 (सीपीपी पोर्टल पर)

विवरण के लिए निम्नलिखित वेबसाइटों पर जाएं: www.gem.gov.in, www.irel.co.in/tender-information, https://eprocure.gov.in/cppp

उपरोक्त निविदाओं में कोई भी शुद्धिपत्र / विस्तार केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर होस्ट किया जाएगा।

हस्ता/-

दिनांक: 29.01.2026 महाप्रबंधक एवं प्रमुख, आरईडी

CBC 48145/12/0009/2526

पश्चिम मध्य रेल

सामग्री प्रबंधन विभाग

भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना संख्या/ईपीएस/118/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर ई निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

क्रमांक	टेंडर नं.	संक्षिप्त विवरण	निविदा मात्रा	नियत तारीख
1	30251205A	स्क्रू कपलिंग असेंबली (एनहांस्ड)	850 नंबर	24.02.2026
2	20265001	सप्लाई, इंस्टालेशन ऑफ वायरलेस बेस्ड टेम्परेचर सेंसर मॉनिटरिंग ऑफ 3 फेज लोकोमोटिव्स	94 सेट्स (47 सेट्स सप्लाई एवं 47 सेट्स AMC आफ्टर कम्प्लीशन ऑफ वारंटी)	02.03.2026
3	30251545	YAW डैम्पर फॉर आल टाइप ऑफ LHB कोचेस	1412 नंबर	10.03.2026

50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर आने की सलाह दी जाती है। (हस्ता.)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/आद्रा निम्नवर्णित विवरण के अनुसार सीएमएस क्रॉसिंग, टीडब्ल्यूआर, टीआरआर, एक्सटेंशन लाइन एवं विविध कार्यों के लिए 04 (चार) आद्र ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं: क्रम सं., निविदा सूचना सं., कार्यों का विवरण एवं निविदा लागत निम्नवत हैं: (1) सं. ई-डीआरएम-इंजीसीजी-आद्रा-12-26, दिनांक 02.02.2026, (1) सीएमएस क्रॉसिंग का रिन्यूअल (2) 1 इन 8.5 टी/आउट का टर्नआउट फास्टनिंग रिन्यूअल, (3) 1 इन 12 टी/आउट का टर्नआउट फास्टनिंग रिन्यूअल (4) टीएफआर (ऑएफएन लाइन्स)-8.285 टीकेएम, टीएफआर (मेटल लाइन्स)-97.507 टीआर.केएम एवं टीएफआर (डब्ल्यूएलली रिन्यूअल)-7.559 टीआर.केएम, (5) टीटीआर (टीडब्ल्यूएस) 1 इन 12, टीटीआर (टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूएलएलली) 1 इन 8.5 टीटीआर (टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूएलएलली) 1 इन 12, टीटीआर (सीएस) 1 इन 8.5 टीटीआर (टीएफआर) 1 इन 12 एवं 1 इन 8.5 आदि (6) एसईजे, एसईजे प्लेट्स, 60 केजी एवं 52 केजी ग्लूड जॉइंटों का रिन्यूअल एवं (7) एसईजे, ग्लूड जॉइंट एवं जॉगल फिश प्लेट और (8) यार्ड में डम्मी ग्लूड जॉइंटों का हटाना जना, क.4,52,13,650.33, (2) सं. ई-डीआरएम-इंजीसीजी-आद्रा-13-26, दिनांक 02.02.2026, आद्रा मंडल में डीईएन/ सेंट्रल/ आद्रा के कार्यक्षेत्र में टीबीआर-84.268 टीआर. केएम, क. 4,82,12,751.81, (3) सं. ई-डीआरएम-इंजीसीजी-आद्रा-14-26, दिनांक 02.02.2026, आद्रा मंडल में डीईएन/सेंट्रल/ आद्रा के कार्यक्षेत्र में मुराडी-मधुकुंडा, दामोदर-रामकनाली, अनारा-पुरुलिया, दामोदर-बर्णपुर, अनारा-चांडिल एवं पुरुलिया-चांडिल के बीच टीआरआर (पी), क. 5,87,76,597.32, (4) सं. ई-डीआरएम-इंजीसीजी-आद्रा-15-26, दिनांक 02.02.2026, (1) बर्णपुर में कॉमन लूप के रूप में मेकिंग लाइन नं. 1 के साथ लाइन नं. 1 एवं 2 का विस्तार। (2) आद्रा मंडल में सर्रा स्टेशन पर अप एवं डाउन लूप लाइन का विस्तार, क. 3,94,76,401.61, ई-निविदाओं की अंतिम तिथि और समय 02.03.2026 को 15.00 बजे है (सभी निविदाओं के लिए)। उक्त ई-निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है (सभी निविदाओं के लिए)। (PR-1136)

SEBI भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड Securities and Exchange Board of India

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

सेबी भवन - II, प्लॉट सं. सी-7, "जी" ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई (महाराष्ट्र) - 400 051, दूरभाष: 26449000 / 40459000

निविदा (टेंडर) सं.: सेबी/एचओ/आईटीडी-3/डीआईवी-2/2026/01/01

सेबी ने "सेबी एंटरप्राइज पोर्टल (एसईपी) प्रोजेक्ट के लिए एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट" से संबंधित प्रोजेक्ट के संबंध में सेबी निविदा (ओपन टेंडर) के जरिए "प्रस्ताव हेतु निवेदन" (आरएफपी) आमंत्रित करता है। इस संबंध में समस्त जरूरी दिशानिर्देशों और समय-सीमाओं की जानकारी के लिए, कृपया सेबी की वेबसाइट (www.sebi.gov.in) पर "निविदाएं" ["Tenders"] शीर्षक के अंतर्गत दिया हुआ आरएफपी (सं. SEBI/HO/ITD-3/DIV-2/2026/01/01) देखें।

कृपया अपने प्रस्ताव इस लिंक पर प्रस्तुत कर दें: https://www.mstcecommerce.com/eprocn

CBC 15204/11/0232/2526

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: tushar.darekar@timesofindia.com Time: 02-03-2026 21:34 Color:

चित्रकूट के नए दौर की शुरुआत

सतत विकास बना सशक्तीकरण का माध्यम

'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' के तहत चित्रकूट की प्रगति समग्र, बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण से प्रेरित है, जिसका उद्देश्य समावेशी विकास तथा समग्र विकास परिणाम हासिल करना है। ऐसे में, पांच प्रमुख क्षेत्रों में प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर हासिल किए गए स्कोर इस जिले की प्रगति की सफलता को दर्शा रहे हैं।

शिक्षा	बुनियादी ढांचा	कृषि एवं जल	स्वास्थ्य और पोषण	वित्तीय स्वायत्तता एवं कौशल विकास
स्कोर 71.9 (जून 2025)	स्कोर 99.7 (जून 2025)	स्कोर 36.6 (जून 2025)	स्कोर 83.9 (जून 2025)	स्कोर 51.7 (जून 2025)
30%	10%	20%	30%	10%

चैंपियन ऑफ चेंज समग्र स्कोर (जून 2025): 62

आकांक्षी जिला कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से चित्रकूट उत्तर प्रदेश के सबसे तेजी से विकास करने वाले जिलों में से एक के तौर पर उभरकर सामने आया है और देश के कई अन्य आकांक्षी जिलों की तुलना में समग्र तौर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

शिक्षा के लिए चलाए गए अभियान से हजारों बच्चों की स्कूल में हुई वापसी

- जिले ने प्राथमिक से उच्च प्राथमिक स्तर पर परिवर्तन दर का लक्ष्य 86.6 निर्धारित किया है। बच्चों को स्कूल में बनाए रखने के लिए कार्यक्रम के तहत 99.37% स्कूलों में कार्यशील बालिका शौचालय और पेयजल सुविधाएं सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।
- संसाधनों की समय पर उपलब्धता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र शुरू होने के एक महीने के भीतर विद्यार्थियों को उनकी पाठ्य पुस्तकें मिल जाएं। समय पर किताबें मिलने से बच्चों की पढ़ाई में रुचि बनी रहती है और उनकी सीखने की निरंतरता भी बेहतर होती है।
- जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय दिव्यांग विद्यार्थियों की उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा में अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। इसके लिए दिव्यांग-अनुकूल परिसर, सुविधाएं, कक्षाएं, पाठ्यक्रम और आधुनिक ज्ञान आधारित व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय

आधारभूत संरचना का विकास



अपनी काष्ठ कला के लिए विशिष्ट पहचान रखता है चित्रकूट जिला

ओडीओपी: काष्ठ कला से प्रगति को मिली गति

- उत्तर प्रदेश की 'एक जनपद एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना के तहत चित्रकूट जिला लकड़ी के खिलौनों और काष्ठ कला के लिए प्रसिद्ध है। यहां जंगली से मिलने वाला कच्चा माल भरपूर मात्रा में उपलब्ध है और पीढ़ियों से कुशल कारीगर इस कला से जुड़े हुए हैं। इसी कारण चित्रकूट की लकड़ी की कला न केवल स्थानीय पहचान है, बल्कि आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन भी बन चुकी है।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस स्वदेशी काष्ठ कला को बढ़ावा देना और ब्रांड पहचान देना है। इस कला में चित्रकूट की एक विशिष्ट पहचान है, जहां कारीगर पारंपरिक तकनीकों को आधुनिक डिजाइनों के समावेश से लकड़ी के खिलौने, फर्नीचर, दैनिक उपयोग की वस्तुएं और नक्काशीदार उत्पाद तैयार करते हैं।
- खिलौनों के अलावा चित्रकूट में दरवाजों और खिड़कियों के फ्रेम जैसे कई अन्य लकड़ी के उत्पाद भी तैयार किए जाते हैं। ये उत्पाद न सिर्फ आसपास के जिलों में भेजे जाते हैं, बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों में भी बेचे और निर्यात किए जाते हैं। इससे मेलों, प्रदर्शनियों और बड़े बाजारों में चित्रकूट के काष्ठ उत्पादों को अच्छी पहचान मिल रही है।
- ओडीओपी के माध्यम से चित्रकूट के लकड़ी के खिलौनों और हस्तशिल्प क्षेत्र को विशेष सहयोग मिल रहा है, जिससे इस कुटीर उद्योग को मजबूती, स्थानीय कारीगरों की आजीविका में सुधार तथा सतत ग्रामीण रोजगार और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है।

कृषि का परिदृश्य

पिछले कुछ वर्षों में चित्रकूट जिले में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए हैं। आठ वर्ष पहले की तुलना में जून 2025 तक जिले की तस्वीर काफी बदली है। खास तौर पर सिंचाई, पशुपालन, स्वास्थ्य सेवाओं और संसाधन प्रबंधन के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। सिंचाई के क्षेत्र में नई नहरों का निर्माण व पुरानी का जीर्णोद्धार हुआ है, जिससे किसानों को जलापूर्ति सुनिश्चित हुई है। इससे उत्पादकता तथा किसानों की आय में भी सुधार हुआ है।



तुलसी जलप्रपात (शबरी), चित्रकूट

चित्रकूट: आध्यात्मिक विरासत और आधुनिक पर्यटन का अनूठा तालमेल

- चित्रकूट उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित एक पवित्र नगर है, जो रामायण और भगवान राम के वनवास की कथा से जुड़ा हुआ है।
- शांत वातावरण, आध्यात्मिक महत्व और प्राकृतिक सुंदरता के कारण यह नगर वर्ष भर श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है।
- शबरी (शक्ती) जलप्रपात यहां का प्रमुख प्राकृतिक आकर्षण है। हरियाली और चट्टानी पहाड़ियों से घिरा यह स्थल विशेषकर मानसून में बेहद मनमोहक लगता है।
- शंख चौराहा एक प्रसिद्ध स्थानीय स्थल है और आगंतुकों के लिए केंद्रीय बिंदु माना जाता है। यह बाजारों से घिरा हुआ है और नगर का एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं सामाजिक केंद्र है।
- अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों में राम घाट, कामदगिरि, हनुमान धारा, गुप्त गोदावरी गुफाएं, स्फटिक शिला, जानकी कुंड, भरत कूप और गणेश बाग शामिल हैं।
- चित्रकूट रोपवे भी एक प्रमुख पर्यटन आकर्षण है, जो जंगलों, मंदिरों और आसपास के प्राकृतिक दृश्यों का मनोहारी हवाई दृश्य प्रदान करता है।

स्वस्थ भविष्य की ओर बढ़े कदम

- प्रारंभिक प्रसव-पूर्व देखभाल की प्रक्रिया हुई सुदृढ़, 98.4% गर्भवती महिलाओं का पहले त्रैमास में पंजीकरण
- गर्भवती महिलाओं में गंभीर एनीमिया का 100% उपचार और हीमोग्लोबिन जांच का पूर्ण कवरेज
- संस्थागत प्रसव बढ़कर 72.66% हुआ, जिससे मातृ सुरक्षा की स्थिति में आया सुधार
- 98.71% नवजात शिशुओं को एक घंटे के भीतर स्तनपान, जो नवजात की देखभाल को दर्शाता है
- कम वजन वाले शिशुओं की संख्या घटकर 13.79%, जो बेहतर मातृ पोषण का संकेत है
- छह वर्ष से कम आयु के कम वजन वाले बच्चों की संख्या घटकर हुई 20.32%
- गंभीर और मध्यम कुपोषण वाले बच्चों की संख्या क्रमशः घटकर हुई 1.05% और 3.97%
- बचपन के दस्त में 100% ओआरएस और जिंक उपचार तथा एआरआई मामलों में पूर्ण रेफरल
- बच्चों (9-11 माह) का 100% टीकाकरण कवरेज
- टीबी का 100% उपचार सफलता दर और मजबूत केस रिपोर्टिंग प्रणाली
- स्वास्थ्य एवं देखभाल केंद्रों के विस्तार से स्वास्थ्य अवसंरचना मजबूत
- सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आईपीएचएस मानकों का पूर्ण अनुपालन
- रेफरल सेवाओं और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार
- नियमित स्वास्थ्य एवं पोषण दिवसों के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं का सार्वभौमिक कवरेज

लखपति दीदी

सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (सीआरपी)	387
संभावित लखपति दीदी (पीलडी)	25,010
डिजिटल आजीविका रजिस्टर (डीआर) के अंतर्गत कुल पंजीकरण	1,11,892

संपर्क सुविधाएं

चित्रकूट सड़क और रेल मार्ग से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। पास से गुजरने वाला बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इसकी कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाता है।

रेल: चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन लगभग 10-11 किमी दूर है, जो झांसी के माध्यम से प्रमुख शहरों से जुड़ा है।

सड़क: प्रयागराज (लगभग 100-125 किमी), बांदा और सतना के लिए बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को सीधे चित्रकूट से जोड़ने के लिए नया 4-लेन स्पर मार्ग निर्माणाधीन है।

चित्रकूट में मौजूद रोपवे यहां के मुख्य पर्यटन के मुख्य आकर्षणों में से एक है

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 04-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP8 User: cci Time: 02-03-2026 22:08 Color:

अंतरराष्ट्रीय व्यापार आर्थिक समृद्धि का माध्यम है, इसे राष्ट्रीय हितों और स्थिरता के साथ संतुलित रखना आवश्यक है।
-जॉन मेनार्ड कीन्स, ब्रिटिश अर्थशास्त्री

देर पर दुरुस्त

करीब एक साल पहले, फरवरी 2025 में जब पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत शुरू करने पर सहमति जताई थी, तब यह अंदाजा लगाना मुश्किल था कि इस डील को कितने उतार-चढ़ाव देखने पड़ेंगे। इस एक साल में भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय रिश्ते भी कई बार ऊपर-नीचे हुए। आखिर में जब डील फाइनल होने की खबर आई, तो उस पर बाजार का रिएक्शन ही बता देता है कि इसका महत्व क्या है और कितनी बेसब्री से सभी इंतजार कर रहे थे।

भारत-US डील

कम होगा दबाव । नई दिल्ली को बार-बार करीबी सहयोगी कहने के बावजूद ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन ने भारत से आने वाले सामानों पर कुल 50% टैरिफ लगाया था। इसका असर निर्यातकों पर नजर आने लगा था। भारत अपने कुल निर्यात का 19.8% अमेरिका को भेजता है, जबकि कुल आयात का 6.3% उससे खरीदता है। टैरिफ की वजह से अब दबाव कम होगा।

प्रतिस्पर्धा में बेहतर स्थिति । डील की डिटेल्स नहीं आई हैं, पर अभी तक की जानकारी के मुताबिक ट्रंप ने भारत पर टैरिफ को घटाकर 18% कर दिया है। अमेरिका के बड़े निर्यातकों के बीच भारत की स्थिति इससे बेहतर होती है। बांग्लादेश और वियतनाम पर 20%, दक्षिण कोरिया पर 25% और चीन पर 34% टैरिफ है। भारतीय उद्योग जगत के पास इन देशों के उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धा में अब बढ़त हासिल होगी।

अनिश्चितता खत्म होगी । डील पर लंबे समय से बनी अनिश्चितता भारत-अमेरिका द्विपक्षीय रिश्तों के साथ घरेलू मोर्चे पर भी नुकसान पहुंचा रही थी। यही वजह है कि सेंसेक्स ने 2.54% और निफ्टी ने 2.51% की उछाल के साथ डील की खबर का स्वागत किया। इस समझौते के होने का वक्त भी अहम है। पिछले हफ्ते ही भारत और EU ने उस FTA को अंजाम तक पहुंचाया, जिसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा जा रहा है।

जानकारी का इंतजार । अमेरिकी टैरिफ के बाद भारत ने निर्यात में विविधता लाने की कोशिश शुरू की, जो अब भी जारी रहनी चाहिए। एक देश पर अति निर्भरता के खतरे सभी के सामने हैं। साथ ही, डील पर अभी तमाम चीजें साफ होना बाकी हैं। कृषि और डेयरी सेक्टर को लेकर जो गतिरोध बना हुआ था, उसका हल कैसे निकाला गया - यह देखने वाली बात होगी। तेल की खरीद और रूस से रिश्ते भी अहम मुद्दे हैं। विपक्ष भी डील की जानकारी की मांग को लेकर आक्रामक है। उम्मीद है कि सरकार के जवाब से सारी चीजें स्पष्ट होंगी।

नाभि में तीर

अम्मा की बिछिया

घरवाले हैरान हैं कि आखिर अम्मा को आज यह कौन सी नई धुन सवार हो गई है? वह तो सुबह उठते ही राम नाम जपती थी। स्नान के बाद रोज नियम से पूजा-पाठ करती थी। अपने कमरे में उन्होंने एक छोटा-सा मंदिर बनवा लिया था, उसी में विराजे ठाकुर जी की सेवा में लीन रहती थीं। दुनियादारी से कोई मतलब नहीं। वह जानें और उनकी तुलसी की माला जाने। लेकिन आज उन्हें हो क्या गया है, जो सुबह से ही स्नान-ध्यान छोड़ अपनी अलमारी का एक-एक सामान बिखेरे हुए हैं। पचासों साल पुराना संदूक खोलकर उसमें रखी हर छोटी-बड़ी डिबिया बाहर निकाले हुए हैं। पता नहीं क्या खोजने में लगी हुई हैं। सुबह से ही यह सिलसिला चल रहा है। घर के हर सदस्य ने अपनी-अपनी तरह से पूछ लिया है कि अम्मा आखिर ऐसा क्या खो गया है आपका, जो पूरे घर को एक किए हुए है? लेकिन अम्मा है कि कोई जवाब ही नहीं दे रही हैं। बस, अपने आपसे अस्फुट स्वरों में कुछ कहे जा रही हैं। अपने आपको कोस रही हैं कि कभी कुछ भूलती न थीं। लेकिन अब तो याददाश्त दगा देने लगी है। बीसियों बार पूछने पर अब जाकर उन्होंने अपनी उधेड़बुन का राज खोला है- चांदी की बिछिया गायब है उनकी! पूरा घर छान मारा है, लेकिन मिल नहीं रही है...।

हरि मृदुल



जैसा कि बताया जा चुका है, इस उम्र में अम्मा को दुनियादारी से कोई मतलब नहीं। लेकिन पिछले दिनों उनकी नजर अखबार की उस हेडलाइन पर पड़ गई थी, जिसमें चांदी के पौने चार लाख रुपये प्रति किलो तक पहुंचने की बात थी। कभी अखबार न छूनेवाली अम्मा ने उस दिन चांदी की कीमत बेतहाशा बढ़ने वाली खबर बारंबार पढ़ी थी। आंखें फाड़-फाड़ कर पढ़ी थीं। चश्मा पोंछ-पोंछ कर पढ़ी थीं। तभी उन्हें कुछ याद आया था और इसके बाद उन्होंने अपनी अलमारी और संदूकची छाननी शुरू कर दी थी। बिछिया की उस एक जोड़ी से कितनी ही यादें जुड़ी हैं अम्मा की। वे यादें अनमोल हैं। अम्मा ने खाना-पीना छोड़ दिया है। अब सोच रहे हैं कि अम्मा के साथ पूरा घर उस गुम हो चुकी बिछिया को खोजने में जुट गया है!!

एकदा

संकलन : ललित गर्ग

पिकासो का जवाब

द्वितीय विश्वयुद्ध के शुरुआती भयावह वर्षों में जर्मनी की नाजी सेना यूरोप पर अपना क्रूर नियंत्रण स्थापित कर रही थी। सन 1940 में हिटलर की सेना ने फ्रांस की राजधानी पेरिस पर कब्जा कर लिया। उन्हीं दिनों विश्वविख्यात चित्रकार पाब्लो पिकासो पेरिस में रह रहे थे। एक दिन नाजी खुफिया पुलिस का दस्ता उनके यहां पहुंच गया। पुलिस ने पूरे घर की तलाशी ली। पिकासो यह सब शांति से देखते रहे। तभी एक अधिकारी की नजर दीवार पर टंगी उनकी प्रसिद्ध पेंटिंग 'गुएर्निका' पर पड़ी। यह चित्र 1937 में स्पेन के बास्क शहर गुएर्निका पर जर्मन विमानों की गई बमबारी के विरोध में बनाया गया था, जो युद्ध की भयावहता दिखा रहा था। चित्र देखकर अधिकारी ने पूछा, 'क्या यह तुम्हारा काम है?' पिकासो ने शांत लेकिन तीखे स्वर में उत्तर दिया, 'नहीं यह तुम्हारा काम है।' अधिकारी सकपका गया और फिर पूछा, 'तुम्हें ऐसे काम से क्या हासिल होता है?' पिकासो ने साहस के साथ कहा, 'जो तुम कर रहे हो, उसकी तुलना में दुनिया का हर काम बेहतर है।' एक कलाकार की नैतिक दृढ़ता के सामने सत्ता का अहंकार मौन हो गया और अधिकारी बिना कुछ कहे लौट गया।

Subrata Dhar

US से डील भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका व कूटनीतिक हैसियत का प्रमाण

डील से मुश्किल था डॉन का बचना

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का भारत पर लगाए गए टैरिफ को घटाकर 18% करना केवल व्यापारिक रियायत नहीं, नई दिल्ली की बदलती कूटनीतिक हैसियत, बहुध्रुवीय सक्रियता और वैश्विक शक्ति संतुलन में उसकी केंद्रीय भूमिका का संकेत है। यह कदम भारतीय निर्यातकों को तत्काल राहत देता है, लेकिन ऊर्जा आयात और टैरिफ बाधाओं में बदलाव की शर्तें भी लगाता है।

शान्तेष कुमार सिंह

रणनीतिक अहमियत । यह निर्णय ऐसे समय में आया है, जब भारत ने यूरोप के साथ बहुचर्चित 'गोल्डन डील' को अंतिम रूप दिया है, BRICS की अध्यक्षता संभाली है और QUAD जैसे मंचों पर अमेरिका के साथ रणनीतिक सहयोग को नई दिशा दी है। इन घटनाक्रमों ने ट्रंप प्रशासन को यह स्वीकार करने पर विवश किया कि भारत अब उभरता बाजार ही नहीं, एक अनिवार्य रणनीतिक साझेदार है।

EU से डील । भारत और EU के बीच हुए समझौते ने वैश्विक व्यापार समीकरणों को झकझोर दिया है। समझौते के तहत भारत को यूरोपीय बाजारों में टेक्सटाइल्स, ग्रीन टेक्नोलजी, फार्मा और डिजिटल सेवाओं में व्यापक पहुंच मिलेगी। यूरोप के लिए भारत के उपभोक्ता बाजार में निवेश का अवसर खुलेगा।

अमेरिका पर दबाव । इस डील ने अमेरिका को स्पष्ट संदेश दिया कि अगर उसने कठोर व्यापारिक रुख अपनाया, तो भारत के पास विकल्प मौजूद हैं। यही वह क्षण था, जब भारत की रणनीतिक स्वायत्तता केवल सिद्धांत न रहकर व्यावहारिक शक्ति के रूप में उभरी। ट्रंप का टैरिफ घटाने का फैसला आंशिक रूप से इसी प्रतिस्पर्धी दबाव का परिणाम माना जा सकता है।

कूटनीतिक मजबूती । भारत की BRICS अध्यक्षता ने उसकी कूटनीतिक स्थिति को और सुदृढ़ किया है। यूक्रेन युद्ध, वैश्विक ऊर्जा संकट और डॉलर आधारित वित्तीय व्यवस्था की आलोचना के बीच BRICS एक वैकल्पिक मंच के रूप में उभर रहा है। भारत ने अध्यक्ष के रूप में ग्लोबल साउथ की चिंताओं - ऊर्जा सुरक्षा, ऋण राहत और सप्लाई चेन में विविधता को केंद्र में रखा। अमेरिका के लिए यह स्पष्ट था कि भारत

इसलिए राजी हुआ US

- EU से डील ने दिखाया कि भारत के पास विकल्प मौजूद
- भारत के बिना अधूरी अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति
- नई दिल्ली के BRICS में ज्यादा सक्रिय होने का भी डर

को अलग-थलग करना या उस पर अत्यधिक दबाव डालना उसे BRICS के भीतर और अधिक सक्रिय व पश्चिम से दूर कर सकता है। ऐसे में टैरिफ कट को भारत को 'सिस्टम के भीतर' बनाए रखने की रणनीति के रूप में भी देखा जा सकता है।

QUAD पर असर । भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का साझा मंच QUAD केवल सुरक्षा ही नहीं, इंडो-पैसिफिक में आर्थिक स्थिरता, तकनीकी सहयोग और सप्लाई चेन में लचीलेपन का आधार बन चुका है। चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने में उसकी भूमिका अपरिहार्य है। ट्रंप प्रशासन भली-भांति जानता है कि यदि भारत व्यापारिक असंतोष के कारण QUAD में ठंडा रुख अपनाता है, तो अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति कमजोर पड़ सकती है।

रूस से रिश्ता । रूसी तेल पर भारत की निर्भरता को लेकर अमेरिका का दबाव इस पूरे घटनाक्रम का सबसे विवादास्पद पहलू है। भारत ने सस्ते रूसी तेल से न केवल अरबों डॉलर की बचत की, बल्कि घरेलू महंगाई को भी नियंत्रित रखा। अब इस निर्भरता को घटाकर अमेरिकी और अन्य स्रोतों से आयात बढ़ाने का वादा आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण है। भारत इसे समर्पण नहीं, बल्कि बीच का रास्ता मानता है।

कृषि में चुनौती । टैरिफ कट से भारतीय निर्यातकों को तत्काल राहत मिली है। जेवरात, टेक्सटाइल्स और फार्मा जैसे क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त से राजस्व बढ़ेगा और रोजगार के मौके बनेंगे। कुछ बरसों में लाखों नौकरियां पैदा हो सकती हैं। हालांकि अमेरिकी कृषि और ऊर्जा उत्पादों पर शून्य टैरिफ घरेलू किसानों व MSME के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ा सकते हैं। सरकार को सब्सिडी सुधार, निर्यात प्रोत्साहन और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना होगा।

सौदेबाजी क्षमता । आलोचक इसे अमेरिकी दबाव के आगे झुकना कह सकते हैं, पर व्यापक परिप्रेक्ष्य में यह निर्णय भारत की सौदेबाजी क्षमता को दर्शाता है। भारत ने न तो रूस से संबंध तोड़े, न ही यूरोप और BRICS में अपनी स्वतंत्र भूमिका छोड़ी। इसके विपरीत, उसने बहुध्रुवीय मंचों का उपयोग कर अमेरिका को यह समझाया कि सहयोग ही व्यावहारिक रास्ता है।

संतुलित रही नीति । ट्रंप का टैरिफ कट भारत की कूटनीतिक विजय है। ऐसी जीत जो टकराव नहीं, संतुलन से हासिल हुई। यदि यह संतुलन बना रहा, तो भारत वैश्विक नेतृत्व में भी नई ऊंचाइयों को छू सकता है। यह डील लंबे समय तक फायदेमंद बने, इसके लिए नीतिगत सतर्कता अनिवार्य है। भारत की विदेश नीति एक बार फिर सिद्ध करती है कि रणनीतिक स्वायत्तता ही सच्ची शक्ति है।

(लेखक JNU के अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान में प्रोफेसर हैं)

हैसियत देखकर क्यों आहत होती हैं भावनाएं

एक बेटे के लिए बाबा मतलब पिता हैं और पोते के लिए दादा। बनारस में बाबा सिर्फ एक हैं - काशी विश्वनाथ और संगम तट पर मेला ही बाबाओं का है। भाषा, संस्कृति, भूगोल - कुछ भी बदल लीजिए, पर बाबा शब्द के साथ जुड़ा आत्मीयता और सम्मान का भाव नहीं बदलता। भारत से लेकर मध्य एशियाई सभ्यताओं तक 'बाबा' मौजूद है - कहीं रिश्तों में, कहीं सूफी संतों में, कहीं भगवा में, कहीं शख्सियतों में। कोई भी इस पर कॉपीराइट हक जताने की स्थिति में नहीं, लेकिन उत्तराखंड के कोटद्वार में अब लड़ाई इसी बात की लड़ी रही है।


शैलेंद्र पांडेय

संविधान और बाबा । बीते एक हफ्ते से सोशल मीडिया 'मोहम्मद दीपक' के नाम से बने कंटेंट से अटा पड़ा है। राजनीति की तरह यह भी बंटी हुई है - कुछ समर्थन में और कुछ खिलाफ। विरोध करने वाले चुनौती दे रहे हैं, जबकि दीपक का कहना है कि उन्हें अपने अंजाम का डर नहीं और जरूरत पड़ने पर वह दोबारा ऐसा करेंगे। और उन्होंने किया क्या है... वह तब सामने खड़े हो गए, जब बजरंग दल से जुड़े कुछ लोग एक बुजुर्ग दुकानदार पर अपनी दुकान से 'बाबा' शब्द हटाने का दबाव डाल रहे थे।

यह कस संयोग है कि मूल घटना 26 जनवरी की है, जिस दिन संविधान लागू हुआ और जिसने देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार और कानूनी संरक्षण दिया। लेकिन, इस मामले में सारे कानून, सारे अधिकार 'भावनाओं' के सामने पस्त होते नजर आ रहे हैं। विरोध करने वालों के हिसाब से एक मुस्लिम दुकानदार 'बाबा' शब्द का

कॉमन रूम

इस्तेमाल नहीं कर सकता, क्योंकि यह उसके धर्म का नहीं और इससे भावनाएं आहत होती हैं। किसी की भावनाएं आहत करना वाकई अपराध है, लेकिन समस्या है कि अब भावनाएं भी हैसियत के हिसाब से चलने लगी हैं।

सही-गलत का सवाल । लोगों की भावनाएं तब आहत नहीं होतीं, जब इसी उत्तराखंड में अंकिता भंडारी केस में VIP एंगल की जांच के लिए विरोध-प्रदर्शन करना पड़ता है। भावनाओं को फर्क तब भी नहीं पड़ता, जब गंदे पानी की वजह से आम लोगों की मौत होती है और मंत्री कहते हैं 'घंटा'। भावनाएं 'शंकराचार्य विवाद' से भी आहत होनी चाहिए थीं और डॉनल्ड ट्रंप के बार-बार भारत पर दबाव बनाने की कोशिशों से भी। मुश्किल है कि ये मामले भावनाओं के खेल से ज्यादा बड़े थे।

कोटद्वार केस में पुलिस ने तीन केस दर्ज किए हैं। इनमें से एक दीपक और उनके दोस्त के खिलाफ भी है। दीपक को समझ नहीं आ रहा कि उन पर FIR क्यों हुई है, जैसे उन्हें यह नहीं समझ आ रहा कि उन्होंने गलत क्या किया है। उन्हें समर्थन मिल रहा है, लेकिन जिस तरह के विरोध-प्रदर्शन और गुस्से को वह झेल रहे हैं, उसके बाद यह सवाल रह जाएगा कि फिर कौन सही को सही कहने की हिम्मत करेगा।

कांटे की बात

फुटबॉल बना बाल विवाह रोकने का जरिया

आज वैश्विक मंच पर सबसे बड़ा मुद्दा चीन-अमेरिका का टकराव है। यही राष्ट्रपति के संबोधन का केंद्रीय विषय है। मुझे चीन और भारत के बीच जो हुआ, उस पर PM ने क्या प्रतिक्रिया दी, उस बारे में बयान देने दीजिए। मुझे क्यों रोका जा रहा है?

राहुल गांधी, *लोकसभा में विपक्ष के नेता*

छोटी बात, बड़ा फ़र्क

UNICEF की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में हर चार में से एक नाबालिग लड़की की शादी कर दी जाती है। ऐसे में राजस्थान की महिला जन अधिकार समिति 'फुटबॉल फॉर फ्रीडम' प्रॉजेक्ट के जरिए बाल विवाह रोकने का प्रयास कर रही है।



AI Image

800 लड़कियों को खेलना सिखाया

समिति की पद्मा जोशी ने पिछले 10 बरसों में 13 गांवों की 800 लड़कियों को फुटबॉल से जोड़ा है। पद्मा परिवार वालों को समझाती है कि उनकी लड़की अच्छा खेलेगी, तो सरकारी नौकरी भी मिल सकती है। जब लड़कियां खेलने आती हैं, तो उनको बाल विवाह के खतरों और उनके अधिकारों के बारे में भी बताया जाता है।

शादी नहीं करनी थी, बाल कटवाए

पद्मा बताती हैं कि धीरे-धीरे असर दिख रहा है। अजमेर के एक गांव की निशा वैष्णव और उनकी बहन मुन्ना ने बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाई है। 15 साल की निशा अब नैशनल लेवल पर खेलने लगी है। मुन्ना गांव की दूसरी लड़कियों को फुटबॉल सिखा रही है। हालांकि परिवारों की सोच बदलना अब भी चुनौती है।

जनता जंक्शन | इरफान

हिमंत क्यों कर रहे हैं 'मियां मुस्लिम' का ज़िक्र

पूनम पाण्डे

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पिछले कुछ समय से अपने भाषणों में 'मियां मुस्लिम' शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं। उनके कई बयान न सिर्फ राजनीतिक बखेड़ा खड़ा कर रहे हैं, बल्कि विपक्ष से लेकर एक्टिविस्ट तक सभी संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक ताने-बाने पर सवाल उठाने लगे हैं। असम में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में मुख्यमंत्री का भाषण और आक्रामक हो रहा है।

मताधिकार छीनने की धमकी

CM खुलेआम कह चुके हैं कि 'मियां लोगों' को मतदान में वोट डालने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने कहा था, 'मैंने अपने कार्यकर्ताओं को भी कह दिया है कि मियां लोगों को इतना परेशान करो कि वे राज्य से बाहर चले जाएं।' विपक्ष इस पर हमलावर हो गया है। सवाल उठ रहे हैं कि संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति अगर किसी खास पक्ष को ऐसे निशाना बनाएगा, तो ये लोकतंत्र के लिए खतरा होगा। दरअसल, असम में 'मियां' शब्द का इस्तेमाल बांग्लादेश के बांग्ला बोलने वाले मुस्लिमों के लिए किया जाता रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता मिर्जा लुत्फुर रहमान बताते हैं कि भाषा के लिहाज से 'मियां' का अर्थ भले जेंटलमैन हो, लेकिन असम में यह एक खास तबके को अपमानित करने के लिए कहा जा रहा है। 2016 में जब असम में नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (NRC) की प्रक्रिया चल रही थी, तब 'मियां बोली' में कई कविता लिखी गई। उनका फिर हिंदी और अंग्रेजी में अनुवाद किया गया। उस वक्त भी इस पर काफी विवाद हुआ था, लेकिन मियां समुदाय ने मियां कविता को अपनी पहचान और अस्तित्व की लड़ाई का प्रतीक बना लिया।

इसके अलावा, असम में 'D-Voter' यानी डाउटफुल वोटर का मुद्दा पहले से ही हजारों परिवारों के लिए डर की वजह है। 2024 के लोकसभा चुनाव में धुबरी सीट से एक निर्दलीय उम्मीदवार फारुख की अम्मी ताहिमीना खातून इसलिए वोट नहीं डाल सकीं, क्योंकि लिस्ट में उनके नाम के आगे 'D' लिखा था। ऐसे कई मामले सामने आए, जिनमें सालों से वोट डालने वाले संदिग्ध हो गए।

विशुद्ध राजनीति कसौटी

अभी असम में मतदाता सूची की स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) प्रक्रिया चल रही है। इस पर भी चिंता जताई जा रही है। सोशल एक्टिविस्ट का दावा है कि इसके जरिये एक खास तबके को टारगेट किया जा रहा है। असम में BJP भी असमिया अस्मिता और घुसपैठ को बड़ा मुद्दा बना रही है। पिछले हफ्ते गृह मंत्री अमित शाह ने असम में कहा कि राज्य के 7 जिलों पर 64 लाख घुसपैठियों का दबदबा है।

घुसपैठ रोकने का रास्ता

उन्होंने दावा किया कि घुसपैठ रोकना सिर्फ BJP के वश में है। शाह ने कहा कि धुबरी, बारपेटा, दरांग, मोरीगांव, बोंगाईगांव, नागांव और गोलपाड़ा जैसे सात जिले घुसपैठियों से भरे हैं। अगर आप घुसपैठ रोकना चाहते हैं, तो फिर BJP की सरकार बनाएं। CM भी अपने बयानों से लगातार बांग्लादेशी मूल के मुस्लिमों को टारगेट कर रहे हैं। इससे लोगों में भय है कि वोटर लिस्ट से नाम कटने पर NRC में जोड़ दिया जाएगा और उनकी नागरिकता पर सवाल खड़े होंगे। 2011 की जनगणना के मुताबिक, असम में मियां मुस्लिमों की आबादी 80 लाख से अधिक है। पहले करीब 40 विधानसभा सीटों पर इनका प्रभाव था, मगर डीलिमिटेशन के बाद यह करीब 20-22 सीटों तक सिमट गया है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

जैसे फूल ख़ुशबू से भरे होते हैं, वैसे ही हममें प्रेम भरा हो

सुरक्षित गोस्वामी

जीवन में महत्वपूर्ण है कि हम अपने अंदर प्रेम कैसे बढ़ाएं। सुबह से लेकर शाम तक हमारी सारी कोशिशें अपने प्रेम को बनाए रखने और उसमें लगातार बढ़ते रहने की होनी चाहिए। प्रेम ऐसी औषधि है, जो तमाम रोगों को दूर करने के लिए अमृत जैसा कार्य करती है। मन के विकार, जैसे भीतर की हलचल, तनाव, क्रोध और झल्लाहट तभी तक रहते हैं, जब तक प्रेम नहीं होता। जैसे ही प्रेम का करंट मन में दौड़ता है, मन के सभी विकार अपने आप समाप्त होने लगते हैं।

अक्सर छोटी-छोटी बातों पर हम भड़क जाते हैं। कोई भी बात हमारे इमोशन को हिला देते हैं और हमारी फसेंलिटी इमोशनल लेवल पर आ जाती है। कई बार यह इमोशनल लेवल इतना गहरा हो जाता है कि बाकी सारे लेवल - इंटेलेक्चुअल, फिजिकल, मेंटल और स्पिरिचुअल - कहीं खो जाते हैं।

AI Image

यदि हम अपनी भावनाओं में प्रेम भर दें तो वही हर जगह जाहिर होगा। जब इस प्रेम को आध्यात्मिक स्तर पर ले आते हैं, तो यह हमारे हर विकार की सफाई करता है और हमें ऊंची स्थिति पर ला देता है। प्रेम का अर्थ केवल किसी से प्रेम करना नहीं, बल्कि प्रेम स्वरूप हो जाना है। प्रेम में पूरी तरह रच-बस जाना ही उसका सच्चा अनुभव है।

हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम स्वयं प्रेम में डूब जाएं। जैसे रसगुल्ला पूरी तरह रस से भरा होता है, उसी प्रकार हमारे भीतर भी प्रेम इतना भरा हो कि हमारे शब्दों में झलके। यदि कोई हमारी निंदा या अपमान करे, तब भी हम उसे प्रेम के रूप में ही देखने का प्रयास करें।

वास्तव में प्रेम किसी और के लिए नहीं, बल्कि अपने लिए होता है। जैसे फूलों में खुशबू होती है और जो भी उसके करीब आता है, वह उसी महक को महसूस करता है। इसलिए यह सोचते रहना चाहिए कि आखिर कौन सी बात हमें प्रेम से दूर करती है। यदि हम किसी शक्ति के गुलाम हो गए हैं तो पहचानने की जरूरत है कि वह क्या है। उस शक्ति को हटाकर हमें वहां प्रेम की ताकत लगानी होगी। बस इस बात की गांठ बांध लेनी है- मुझे प्रेम में रहना है, केवल प्रेम में रहना है।

रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

बजट और आम आदमी

केंद्रीय बजट ऐसे समय में आया है जब देश की अर्थव्यवस्था स्थिर विकास की राह पर है, लेकिन आम आदमी महंगाई, रोजगार और आय के दबाव को महसूस कर रहा है। यह बजट निरंतरता और भविष्य निर्माण के नजरिये से पेश किया गया है। इसमें बड़े ढांचागत विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और रक्षा जैसे क्षेत्रों पर जोर है, लेकिन सवाल यह है कि इस बजट से आम आदमी की जेब को कितनी राहत मिलती है और उद्योग-धंधे के लिए यह कितना अनुकूल है। इनकम टैक्स पर बजट ने निराश किया है। टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया। महंगाई बढ़ने के बावजूद टैक्स में राहत न मिलना मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों के लिए झटका है।

-कांतिलाल मांडोत, ईमेल से

readersmail.nbt@gmail.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

परीक्षा में पारदर्शिता के लिए हलफनामा जरूरी

10वीं-12वीं परीक्षा: केंद्र और संस्थानों के प्रमुखों की बढ़ी जवाबदेही

Navin.Pandey@timesofindia.com

■ **मुंबई:** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने फरवरी-मार्च 2026 में होने वाली दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं को लेकर परीक्षा व्यवस्था को और अधिक सख्त और जवाबदेह बनाने का फैसला किया है। बॉम्बे हाईकोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए स्टेट बोर्ड ने सभी परीक्षा केंद्र संचालकों और संबंधित संस्थाओं के प्रमुखों को लिखित हलफनामा (एफिडेविट) देना अनिवार्य कर दिया है। इससे संस्था प्रमुखों में असमंजस की स्थिति भी है।

मुंबई विभाग की सचिव ज्योत्सना शिंदे-पवार द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार, ठाणे, रायगड और पालघर जिलों सहित मुंबई दक्षिण, पश्चिम और उत्तर विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी परीक्षा केंद्रों पर यह नियम लागू होगा। परीक्षा केंद्र संचालकों को स्कूल या जूनियर कॉलेज के लेटरहेड पर, जबकि परीक्षा केंद्र वाली संस्था के प्रमुखों को संस्था के लेटरहेड पर हस्ताक्षर सहित यह हलफनामा जमा करना होगा।

केंद्र संचालक की उपस्थिती जरूरी

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यह हलफनामा केंद्र संचालक सभा के दौरान अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। इसके बिना परीक्षा संचालन से जुड़ी जिम्मेदारी स्वीकार नहीं मानी जाएगी। सर्कुलर में यह भी साफ किया गया है कि केंद्र संचालक को स्वयं बैठक में उपस्थित रहना होगा, किसी भी परिस्थिति में प्रतिनिधि भेजने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हलफनामा में परीक्षा को मुक्त, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित करने, नकल, अनुचित प्रकार, प्रतिबंधित साहित्य जैसी गतिविधियों को रोकने, फ्लाइंग स्क्वॉड और निरीक्षण दलों को पूर्ण सहयोग देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना बोर्ड और केंद्र प्रमुख को देने का स्पष्ट आश्वासन देना होगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी, अनुशासन, नियंत्रित प्रवेश-निकास और सतर्क निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी तय की गई है।

मुंबई में परीक्षा व्यवस्था है सख्त

शिक्षाविदों का कहना है कि परीक्षा के दिन वास्तविक संचालन और अनुशासन की जिम्मेदारी केंद्र प्रमुख और पर्यवेक्षकों की होती है। इसमें संस्था प्रमुखों की कोई भूमिका नहीं होती है। वीपीएस न्यू हाई स्कूल ऐंड जूनियर कॉलेज के प्रिंसिपल निखिल पड़या ने कहा कि संस्था प्रमुख परीक्षा के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं, लेकिन परीक्षा के संचालन, निगरानी और कार्रवाई में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका नहीं होती। महाराष्ट्र राज्य शिक्षा परिषद के मुंबई विभाग के महामंत्री शिवनाथ दराडे ने कहा, संस्था प्रमुखों की प्रत्यक्ष भूमिका नहीं होती, तो उनसे हलफनामा मांगना व्यावहारिक नहीं है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

ताकि जिम्मेदारी हो सके तय

पहली बार परीक्षा केंद्र संचालक और संस्थान प्रमुख व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह होंगे। नकल या अनियमितता की स्थिति में जिम्मेदारी तय करना आसान होगा। फ्लाइंग स्क्वॉड को मजबूती मिलेगी और केंद्रों पर अनुशासन बढ़ेगा। छात्रों और अभिभावकों का बोर्ड परीक्षा प्रणाली पर भरोसा मजबूत होगा।

दुर्लभतम में नहीं आता कुकरेजा मर्डर केस: कोर्ट

■ **NBT, रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई सेशन कोर्ट ने माना है कि युवती जाह्नवी कुकरेजा मर्डर केस दुर्लभतम केस की श्रेणी में नहीं आता है, इसलिए मामले में दोषी श्री जोगधनकर को फांसी की सजा नहीं सुनाई जा सकती है। कोर्ट ने शनिवार को जोगधनकर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जज ने माना है कि जोगधनकर को पता था कि यदि कुकरेजा को बिल्डिंग की दूसरी मंजिल से धक्का दिया जाएगा, तो उसकी मौत हो जाएगी। इसलिए जोगधनकर को हत्या के लिए दोषी ठहराया जाता है।

कोर्ट ने जोगधनकर के प्रति नरमी दिखाने से किया इनकार

जज ने कहा कि जोगधनकर का मामले में हिंसक बर्ताव सामने आया है। कुकरेजा के शरीर पर चोट के निशान कैसे उभरे, जोगधनकर इसका स्पष्टीकरण नहीं दे पाया है। इस प्रकार जज ने उसके प्रति नरमी दिखाने से इनकार कर दिया। जहां तक बात दूसरी आरोपी दिया पडालकर की है, तो वह घटना स्थल पर तो नजर आ रही है, लेकिन मामले में उसकी संलिप्तता साबित नहीं हुई है। इसलिए उसे संदेह का लाभ देकर रिहा किया जाता है। हालांकि कुकरेजा की मां ने पडालकर की रिहाई को हाई कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है। साल 2021 के सनसनीखेज इस मामले को लेकर कोर्ट ने बीते शनिवार को फैसला सुनाया था।

CSMT पर जली जज्बे की लौ

Kaushik Naik

जंग अभी जारी है, मगर हौसले भारी हैं। विश्व कैंसर दिवस 2026 की पूर्व संध्या पर मुंबई का ऐतिहासिक **CSMT** स्टेशन नारंगी रोशनी में न सिर्फ नहाया, बल्कि उम्मीद का प्रतीक बन गया। कैंसर रोगी सहायता एसोसिएशन **(CPAA)** की इस पहल में, रंग-बिरंगे विग लगाए इन नन्हें योद्धाओं ने हाथों में मोमबत्तियां थामकर दुनिया को संदेश दिया कि हौसलों की रोशनी के आगे बीमारी का अंधेरा कभी नहीं टिक सकता।

भारत-अमेरिका ट्रेड डील से जेम्स व जूलरी सेक्टर को मिली राहत!

भारत डायमंड बोर्स से लेकर मुंबई के जेम्स-जूलरी हब में खुशियां

Sudha.shrimali@timesofindia.com

■ **मुंबई:** अमेरिका और भारत के बीच लंबे समय से अटकी ट्रेड डील की घोषणा के बाद मंगलवार को बीकेसी स्थित भारत डायमंड बोर्स में खुशी की लहर दौड़ गई। 50% के अमेरिकी टैरिफ, नैचुरल डायमंड की कम डिमांड और अमेरिका में लैब में बने विकल्पों की बढ़ती लोकप्रियता से जूझ रहे भारतीय हीरा कारोबारियों के लिए यह डील नई उम्मीद लेकर आई।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय एक्सपोर्ट पर टैरिफ 18% करने की घोषणा के बाद भारत के जेम्स व जूलरी सेक्टर ने राहत की सांस ली। अमेरिका भारत के लिए सबसे बड़ा एक्सपोर्ट डेस्टिनेशन है। पिछले साल अमेरिका द्वारा हीरे, रत्न और जूलरी पर ड्यूटी बढ़ाने के बाद यह सेक्टर काफी दबाव में आ गया था। एक्सपोर्ट कम होने से कारीगरों से लेकर कारोबारियों में डर और हताशा दिखने लगी थी। जेम ऐंड जूलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (GJEPC) ने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील इस सेक्टर को अहम राहत देने वाली है। यह डील अमेरिकी टैरिफ और महीनों से बाधित व्यापार प्रवाह के कारण प्रभावित एक्सपोर्ट को फिर से शुरू करने में मदद कर सकती है।

अधिक टैरिफ से 44.4% गिर गया था निर्यात

GJEPC के डेटा के अनुसार, अप्रैल और दिसंबर 2025 के बीच अमेरिका को भारत का रत्न और आभूषण निर्यात 44.4% गिर गया, जो एक साल पहले के $8.69 बिलियन से घटकर $3.86 बिलियन हो गया। GJEPC के डेटा से पता चला कि कटे और पॉलिश किए गए हीरों का निर्यात 60% से ज्यादा गिर गया, जबकि जड़े हुए सोने के आभूषणों की शिपमेंट में 24.5% की गिरावट आई और सादे सोने के आभूषणों में लगभग 29% की गिरावट आई।

भारत डायमंड बोर्स के वीपी मेहुल भाई शाह कहते हैं, 'अमेरिका रत्न और आभूषण निर्यात के लिए भारत का सबसे बड़ा बाजार है, जो FY2024-25 में कुल शिपमेंट का 31%, यानी लगभग $9.23 बिलियन है।' ऑल इंडिया जेम ऐंड जूलरी डोमेस्टिक काउंसिल (GJC) के चेयरमैन राजेश रोकडे ने कहा, 'अमेरिकी टैरिफ में कमी भारत के रत्न और आभूषण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण क्षण है। यह सिर्फ एक वित्तीय समायोजन नहीं है, बल्कि यह उस बेजोड़ कला और शिल्प कौशल की पहचान है, जो हमारा उद्योग लाता है। जूलरी पर इंपोर्ट ड्यूटी 5-7% से बढ़कर 55-57% तक हो गई, जिससे एक्सपोर्टर्स के मार्जिन, लिक्विडिटी और वर्किंग कैपिटल पर बहुत दबाव पड़ा।'

गोयनका जेम्स के प्रमुख मनमोहन गोयनका ने बताया कि सबसे बड़े कंज्यूमर मार्केट में रुकावट कम होने से हमारे एक्सपोर्टर्स को मजबूत जगह मिलेगी। इससे हमारी ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस मजबूत होती है और इससे मैन्युफैक्चरर्स से लेकर रिटेलर्स तक, पूरी सप्लाई चेन में भरोसा पैदा होता है। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अनुसार, जेम्स और जूलरी सेगमेंट पहले के टैरिफ सिस्टम से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ था, क्योंकि 50% ड्यूटी का सबसे ज्यादा असर इसी पर पड़ा था। ब्रोकरेज ने कहा कि जेम्स और जूलरी जैसे लेबर-इंटेंसिव सेक्टर को इस रोलबैक से साफ तौर पर फायदा होगा, और यह कदम न सिर्फ एक्सपोर्ट को सपोर्ट करेगा बल्कि रोजगार पैदा करने में भी मदद करेगा।

तातेड़ बने भारत जैन महामंडल के अध्यक्ष

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** चर्चगेट के इंडियन मर्चेंट चैंबर में भारत जैन महामंडल की सभा हुई। इसमें रुपलाल तातेड़ को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभा की अध्यक्षता निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष सीसी डांगी ने की। तातेड़ ने तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य महाश्रमण महाराज का आभार व्यक्त किया। सभा में महामंडल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए केसी जैन, राकेश मेहता, सुभाष रुणवाल, सुमतिलाल कर्णावट, रमेश धाकड़, अनिल खिमेसरा, मनोहर पारेख, महेन्द्र पगारिया, राजकुमारी बोहरा और तेरापंथ समाज के अध्यक्ष माणक धिंग सहित चारों संप्रदाय के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

वर्ल्ड कैंसर डे आज

कैंसर को हराकर बनी मां

47 की उम्र में सोनाली ने उम्मीद, हिम्मत और धैर्य पर पाई जीत

Suraj.Pandey@timesofindia.com

■ **मुंबई:** उपनगर की निवासी सोनाली परब ने 47 साल की उम्र में, स्टेज-4 कैंसर से जंग जीतने के बाद, मातृत्व का सुख पाने में सफल रही हैं। यह सिर्फ एक बच्चे का जन्म नहीं, बल्कि उस उम्मीद का जन्म है, जो कैंसर के साथ अक्सर टूट जाती है।

सोनाली की जिंदगी तब अचानक थम सी गई थी, जब वर्ष 2020 में उन्हें स्टेज-4 फॉलिक्युलर लिंफोमा नामक ब्लड कैंसर होने की जानकारी मिली। कीमो-इम्यूनोथेरेपी का असर उनके शरीर पर गहरा पड़ा और इलाज के बाद मासिक धर्म पूरी तरह बंद हो गया।

फोर्टिस अस्पताल, मुलुंड की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता रावदेव ने बताया कि कीमोथेरेपी के दौरान भविष्य की प्रजनन क्षमता बचाने के लिए एग फ्रीजिंग की सलाह दी जाती है, लेकिन उस समय सोनाली के लिए कैंसर से उबरना सबसे जरूरी था। दो-तीन साल तक कैंसर का कोई संकेत न मिलने के बाद गर्भधारण की अनुमति मिली। अस्पताल के हेमेटोलॉजी व बीएमटी निदेशक डॉ. शुभप्रकाश सान्याल ने इसकी मंजूरी दी। उम्र, रुका मासिक धर्म और कैंसर का इतिहास चुनौती थे, लेकिन हार्मोनल इलाज के बाद सभी जांच सामान्य रहीं। इसके बाद आईवीएफ किया गया और पहली ही कोशिश में गर्भ ठहर गया। लगातार मेडिकल निगरानी में 16 दिसंबर 2025 को सोनाली ने स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। सोनाली कहती हैं, कैंसर के बाद गर्भ में बच्चे की हर हलचल उन्हें किसी चमत्कार से कम नहीं लगती थी।

3 करोड़ से अधिक लोगों की जांच

राज्य में कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार द्वारा व्यापक जांच अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 3.05 करोड़ से अधिक लोगों की कैंसर जांच की जा चुकी है। इसमें 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में ओरल, गर्भाशय मुख और ब्रेस्ट कैंसर की जांच पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जांच के दौरान 41,169 संदिग्ध मरीज सामने आए, 5,944 बायोप्सी की गईं और 1,677 मामलों में कैंसर की पुष्टि हुई। वर्तमान में 416 मरीजों का सरकारी अस्पतालों में इलाज जारी है। 8 मोबाइल कैंसर वैन के जरिए 36 जिलों में जांच की गई, जबकि 8 डे-केयर कीमोथेरेपी केंद्रों में 2,688 मरीज पंजीकृत हैं।

भांडुप लिफ्ट हादसे में महिला हुई घायल

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** भांडुप में लिफ्ट हादसे में 34 वर्षीय महिला घायल हो गई। इस मामले में भांडुप पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। महिला रविवार शाम अपने पति के साथ भांडुप स्थित स्टार बैंक्वेट हॉल में एक सहकर्मी के रिसेप्शन में गई थी। कार्यक्रम के बाद घर लौटते समय लिफ्ट में 7-8 लोग सवार हो गए। भीड़ अधिक होने पर पति बाहर निकल गया, जबकि महिला लिफ्ट में ही रह गई। तभी लिफ्ट तेज झटके के साथ नीचे गिर गई, जिससे 3-4 लोग घायल हो गए। इमरजेंसी बटन दबाने पर लिफ्ट खुली। महिला को क्रिटी केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

महानगर खेल

अवनी ने झटके 6 विकेट

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** गर्ल्स अंडर 16 मनेरमबाई आप्टे ट्रॉफी इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन KBM हाई स्कूल (10 ओवर में 87/5) ने स्पिनर अवनी केंगुर्लेकर की फिरकी के कमाल (9 रन देकर 6 विकेट) की बदौलत ओमकार इंटरनैशनल स्कूल (9.3 ओवर में 46) को 41 रन से हराया। ओमकार स्कूल की रीवा गांधी ने 18 रन बनाए। एक अन्य मैच में वसंत विहार हाई स्कूल (10 ओवर में 81/1) ने वैशिका अंगचेकर के 35 रन की बदौलत CNM ऐंड ND पारेख स्कूल (10 ओवर में 74/1) को 7 विकेट से हराया। पारेख स्कूल की ध्यान जोशी ने नॉटआउट 25 रन बनाए।

धीरज बने ऑब्जर्वर

भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली द्वारा धीरज कुमार सिंह को राष्ट्रीय/क्षेत्रीय विश्वविद्यालय खेल 2025-26 की शूटिंग प्रतियोगिता के लिए ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी (AIU) ऑब्जर्वर बनाया गया है। उन्हें मेरठ के स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिंह नैशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NRAI) तथा इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (ISSF) के अंतरराष्ट्रीय जूरी एवं जज हैं।

नवभारत टाइम्स

Enterटेनमेंट masalamix

संगीतकार उत्तम सिंह को लता मंगेशकर सम्मान

दिल तो पागल है और गदर एक प्रेम कथा जैसी सफल फिल्मों के संगीतकार सात फरवरी को लता मंगेशकर सम्मान से नवाजे जाएंगे। स्वर्णिम धरोहर लता फाउंडेशन द्वारा आयोजित होने वाले इस इवेंट में उत्तम सिंह को उनके यादगार संगीत के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

अब टीवी की कोई औकात नहीं रही: करण पटेल

उपमा सिंह

छोटे पर्दे पर चर्चित शोज ये है मोहब्बतें के रमन भल्ला और कसौटी जिंदगी के में ऋषभ बजाज के यादगार किरदार निभाने वाले ऐक्टर करण पटेल पिछले 6 सालों से टीवी सीरियल्स से दूर हैं। हाल ही में ओटीटी और टीवी पर एक साथ आ रहे रियलिटी शो द 50 का हिस्सा बनने वाले करण पटेल का कहना है कि एक तो उन्हें टीवी के डेली सोप की कहानियां पिछड़ी सोच वाली लगती हैं, दूसरे ओटीटी के आने के बाद अब टीवी की वो पहले वाली औकात नहीं रही।

टीवी की पहले वाली इज्जत नहीं रही

बकौल करण, 'अब टीवी की औकात ही नहीं रही। एक दौर था कि टीवी सीरियल्स का जलवा हुआ करता था कि अगर साढ़े 7 बजे ये है मोहब्बतें आएगा तो लोग उस हिसाब से अपना दिन प्लान करते थे। मुझे बहुत से पति शिकायत करते थे कि आपने क्या कर दिया। हमें साढ़े सात से आठ के बीच खाना नहीं मिलता तो शो के लिए इस तरह की रिस्पेक्ट हुआ करती थी, पर जबसे ओटीटी ने उनके हाथ में ये सुविधा दे दी है कि जब चाहें शो देख लें, तो वो रिंग मास्टर बन गए हैं और टीवी सर्कस कि आज नहीं तो कल देख लूंगा। जिस दिन ये लोग वापस ये रूल ले आएं कि आप सोमवार का एपिसोड मंगलवार को नहीं देख सकते, वो सीधे संडे ही देख पाएंगे तो शायद वापस टीवी शोज की इज्जत होगी और टीवी अपना रुतबा पा सकेगा।'

मैं टीवी से बाहर आ चुका हूं

क्या यही वजह है कि करण इधर टीवी से ओटीटी की ओर शिफ्ट हुए हैं? इस पर वह कहते हैं, 'मैं ओटीटी की ओर शिफ्ट नहीं हुआ हूं। मैं टीवी से बाहर हुआ हूं, क्योंकि मुझे पहले तो अपनी टीवी इंडस्ट्री की कहानियां बड़ी रिग्रेसिव सी लगती हैं। हम अभी भी सास बहू, औरतों को दबाने, औरतों को लड़ना चाहिए, इसी सब में लगे हुए हैं। औरतों को क्यों लड़ना चाहिए? वे हर मायने में हम मर्दों से सुपीरियर हैं। हम दुनिया में आए ही उनके जरिए हैं तो यह समझाने की जरूरत ही क्यों पड़ती है कि औरतें मजबूत हैं और उन्हें बराबर मानना चाहिए। मुझे दिक्कत टीवी से नहीं है। मुझे दिक्कत टीवी इंडस्ट्री की उस दकियानूसी सोच से है, जिससे वे निकल ही नहीं रहे।'

बेटी से दूर रहना सबसे बड़ा चैलेंज

द 50 शो में करण को 50 दिन तक सबसे दूर 50 अन्य प्रतियोगियों के साथ रहना होगा। ऐसे में, अपनी बेटी मेहर से दूर रहना उनके लिए कितना मुश्किल होने वाला है? इस सवाल पर उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए सबसे बड़ा चैलेंज होने वाला है, क्योंकि अभी तक मैं उससे कभी भी तीन दिन से ज्यादा दूर नहीं रहा हूं। मैं खतरों के खिलाड़ी के लिए उससे 45 दिन दूर रहा था लेकिन तब ये था कि फोन था तो वीडियो कॉल कर सकते थे, ये पहली बार होगा जब पूरी तरह कट ऑफ होंगे। मुझे नहीं पता कि मुझ पर इसका कितना असर पड़ेगा क्योंकि ऐसा पहली बार होगा। वरना तो मैं लखनऊ में शूट कर रहा था और मुझे डेढ़ दिन मिले तो मैं डेढ़ दिन के लिए सिर्फ उससे मिलने के लिए मुंबई आया और वापस गया, पर मुझे लगता है कि मेरे लिए मेहर से दूर रहना जितना मुश्किल होगा, उतना ही उसके लिए फायदेमंद होगा क्योंकि इससे वह ज्यादा आत्मनिर्भर होना सीखेगी, ज्यादा मजबूत इंसान बनेगी। अभी तो हर चीज के लिए डैडा है, लेकिन अगर डैडा नहीं है तो चीजों को कैसे हैंडल करेगी और यह ऐसी चीज है जो मुझे लगता है कि हर पैरेंट अपने बच्चे को सिखाना चाहेगा।'

मुझे झूठ बोलना नहीं आता

करण का बेबाकपना भी अक्सर चर्चा में रहता है। अपनी इस क्वॉलिटी के बारे में वह कहते हैं, 'मुझे झूठ बोलना आता ही नहीं है। मैं सीखने की बहुत कोशिश कर रहा हूं, लेकिन कोई सिखा नहीं पा रहा। मुझे सब बोलते रहते हैं कि इतना ईमानदार होने की जरूरत नहीं है। चुप रहो, लेकिन मुझसे झूठ नहीं बोला जाता। अगर आप किसी चीज पर मेरी राय पूछ रहे हैं और मैं सच न बोलूं तो उसे वैसा ही रहने का बढ़ावा दे रहा हूं तो क्या फायदा है बोलने का। सच बोलने का एक फायदा यह है कि चीजें याद नहीं रखनी पड़ती कि यार, उस टाइम क्या बोला था, याद नहीं आ रहा है (हंसते हैं)।' वहीं, बिग बॉस का ऑफर ठुकरा चुके करण ने द 50 जैसे कैप्टिव शो के लिए कैसे हां कहा? यह पूछने पर उनका कहना है, 'क्योंकि ये बिग बॉस नहीं है। यह कैप्टिव शो है, पर फॉर्मेट अलग है। बिग बॉस में घर के सब काम करने पड़ते हैं। जबकि यह शो गेम में खुद को बचाकर रखने का है। यहां ये स्ट्रेस नहीं है कि झाड़ू कौन लगाएगा? खाना कौन बनाएगा? यहां सिर्फ आपको स्मार्ट खेलना है। दूसरे, मुझे आउटडोर स्पोर्ट खेलना बहुत पसंद है। रनिंग करना पसंद है जो मुंबई में कर नहीं पाता तो वो भी इस शो को हां कहने की एक बड़ी वजह है।'

मासूम से गैंगरेप पर भड़कीं तापसी



@taapsee

तापसी पन्नू ने दिल्ली में मासूम बच्ची के साथ हुई गैंगरेप की घटना पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि अब समय आ गया है जब हमें खुद से सवाल करने चाहिए। दरअसल बीते दिनों खबर आई कि दिल्ली में 6 साल की मासूम का तीन नाबालिग लड़कों ने गैंगरेप किया।

अब तापसी ने इस घटना के बाद अगली पीढ़ी को लेकर सवाल उठाया है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने लिखा, 'हम कैसी अगली पीढ़ी तैयार कर रहे हैं। अब खुद से सवाल करने का वक्त आ गया है। इसके जिम्मेदार भी हम ही हैं और इसका शिकार भी हम ही हो रहे हैं।'

> हम कैसी अगली पीढ़ी तैयार कर रहे हैं। खुद से सवाल करने का वक्त आ गया है। इसके जिम्मेदार हम हैं



@actormaddy

आर माधवन

'ऐक्टिंग से ब्रेक फायदेमंद रहा'

आर माधवन सबसे सफल फिल्मी सितारों में से एक हैं। हालांकि एक समय ऐसा भी आया था जब उन्होंने ऐक्टिंग से ब्रेक लेने के बारे में सोचा। माधवन के मुताबिक फिल्मी दुनिया से उनकी चार साल की दूरी ही आज उनकी सफलता की वजह है। एक बातचीत में माधवन कहते हैं, 'फिल्म साला खड़ूस के बाद मुझे एक ब्रेक लेना पड़ा क्योंकि मुझे उस तरह के काम से बहुत बोरियत हो गया था जो मैं कर रहा था।' माधवन ने बताया कि उस समय उन्हें एहसास हुआ कि वह क्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बस एक सुपरस्टार बनने की सोच रहा था। मुझे अपनी इस गलती का एहसास हुआ।' उन्होंने आगे बताया कि उस ब्रेक के दौरान उन्होंने अपनी समझ विकसित की। माधवन ने कहा, 'मैंने ब्रेक लिया। मैं समझना चाहता था कि देश किस दिशा में जा रहा है। मैंने काम करना बंद कर दिया, दाढ़ी बढ़ाई और चेन्नै और भारत की अन्य जगहों पर खूब यात्रा की।'

> मैं समझना चाहता था कि देश किस दिशा में जा रहा है। मैंने काम करना बंद किया, दाढ़ी बढ़ाई और खूब यात्रा की।

खुद पेशेंट बनकर थेरपी ली: सचिन

Rekha.Khan@timesofindia.com

खुद को दिवंगत फिल्ममेकर निशिकांत कामत का शागिर्द मानने वाले निर्देशक सचिन पाठक अपने हालिया शो 'परफेक्ट फैमिली' के लिए खबरों में हैं। इससे पहले पाठक 'रंगबाज' के दो सीजन का निर्देशन कर चुके हैं। अपने हालिया शो के बारे में पाठक कहते हैं कि यह एक साइकोथेरेपी बेस्ड शो है, इसलिए साइकेट्रिस्ट किस तरह से सेशन लेते हैं, यह जानने के लिए उन्होंने खुद एक पेशेंट के रूप में सेशन लिए हैं।' एक मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले सचिन पाठक का फिल्मों की ओर आना थिएटर के कारण हुआ। यहीं उन्हें निशिकांत कामत का साथ मिला और फिर उन्होंने सिनेमा की बारीकियां उनसे सीखीं। पाठक बताते हैं कि हमारे समाज में होता यह है कि यदि आप अपने व्यवहार से लड़ते हुए साइकेट्रिस्ट की मदद लेते हैं, तो आपको मेंटल या मानसिक रूप से कमजोर घोषित कर दिया जाता है, जबकि यह आपके व्यवहार का ट्रीटमेंट होता है। अभी भी उनके किरदारों की थेरपी अधूरी है, वे अब तक यह समझ पाए हैं कि उन्हें जो वे हैं, उसे छिपाने की नहीं, खुलकर बात करने की जरूरत है। अभी भी उनके रिश्तों की गुत्थी सुलझी नहीं है। सिर्फ समस्या का पता चला है। अगले सीजन में पाठक इसी पर फोकस रखना चाहते हैं। सचिन खुश हैं कि उनके निर्देशन में बने शो की रील्स लगातार वायरल हो रही हैं।

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in